www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:36

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.06 न्यू | 14.06 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 21.00 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71892.48 |
| निफ्टी | 21665.80 |

सोना 63,544 चांदी 74,142

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | बुधवार, 3 जनवरी 2024 | 19 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 16 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

शिखर शैली में बना है खरुड़ा मोहल्ला में भगवान श्रीराम का मंदिर...पेज 3



# मैसूर के शिल्पकार अरुण की मूर्ति गर्भगृह में होगी स्थापित

**नव वर्ष** 2024 के शुभारंभ पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित करने के लिए तीन में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। नववर्ष के पहले महीने में ही श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। अब केवल चंद दिनों का फासला बचा है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।




रामलला की कौन सी मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होगी, अब यह तय हो गया है। मैसूर के शिल्पकार अरुण योगीराज की मूर्ति का चयन हुआ है। 37 वर्षीय अरुण योगीराज मैसूरु महल के शिल्पकारों के परिवार से आते हैं। मंदिर के गर्भगृह के लिए तीन मूर्तिकारों ने मूर्तियां बनाई थीं, इनमें बेंगलुरु के जीएल भट्ट, मैसूर के अरुण योगीराज और राजस्थान के सत्यनारायण पांडेय शामिल थे।

**52** इंच ऊंची है चयनित की रामलला की श्याम वर्ण मूर्ति

**05** साल के बालरूप में हैं मूर्ति में भगवान रामलला। धनुष-तीर के साथ हैं। मूर्ति कर्नाटक की कृष्णा शिला से बनी है।



श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हो, मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य हों कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर व धनुष

## इन आधारों पर हुआ चयन?

- बालपन की झलक
- सौंदर्य आकर्षण
- रचनात्मक डिजाइन
- विचार की गहराई
- पत्थर की गुणवत्ता
- मूर्ति की आयु
- मूर्तिकार की प्रतिष्ठा

**06** महीने का वक्त लगा अरुण योगीराज को यह मूर्ति बनाने में



## पांच पीढ़ियों से अरुण का परिवार बना रहा मूर्तियां

**अरुण** योगीराज का परिवार सालों से मूर्तियां बनाता रहा है। अरुण के मुताबिक, पांच पीढ़ियों से उनका परिवार मूर्ति बनाने के काम में लगा है। अरुण योगीराज ने एमबीए तक पढ़ाई की है। उन्होंने कुछ समय तक एक कंपनी में नौकरी भी की, लेकिन कुछ ही दिन में उनका मन नौकरी से ऊब गया। साल 2008 में अरुण योगीराज ने नौकरी छोड़ दी और मूर्तियां बनाने लगे।

## इसलिए हुआ था कर्नाटक व राजस्थान की शिला का चयन

कर्नाटक की श्याम शिला व राजस्थान के मकराना के संगमरमर शिला को इनकी विशेष खासियतों के चलते चुना गया। मकराना की शिला बहुत कठोर होती है और नक्काशी के लिए सर्वोत्तम होती है। इसकी चमक सदियों तक रहती है।

## अलौकिक, अभूतपूर्व होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का सुअवसर भी है।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद बोले- जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं

**भव्य** राम मंदिर में स्थापित करने के लिए रामलला की तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर यह जानकारी दी।



उन्होंने लिखा कि जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्ति का चयन हो गया है। हमारे देश के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार, हमारे गौरव अरुण योगीराज के द्वारा बनाई गई भगवान राम की मूर्ति अयोध्या में स्थापित की जाएगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### उपराष्ट्रपति छह जनवरी को हमीरपुर के दौरे पर

**हमीरपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छह जनवरी को हमीरपुर जिले के दौरे को लेकर मंगलवार को वर्चुअली बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जिले के अधिकारियों से प्रबंधों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, डीसी ने जिले के अधिकारियों से व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उपराष्ट्रपति छह को दोसड़का के पुलिस ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### पाक में आतंकवादियों ने की छह लोगों की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों ने पंजाब सूबे के छह लोगों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी। यह घटना अफगानिस्तान से लगते खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में हुई। ये लोग स्थानीय बाजार में दुकान चलाते थे। पुलिस ने हत्या के दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### जम्मू-कश्मीर में 3.9 की तीव्रता का आया भूकंप



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में रिक्टर पैमाने पर 3.9 की तीव्रता का भूकंप आया। इसकी गहराई जमीन के अंदर पांच किलोमीटर थी। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। वहीं, सोमवार रात को लद्दाख में भी भूकंप के झटके लगे थे।

## टॉप स्टोरीज

आईजीएमसी के 50 फीसदी डॉक्टर विंटर वेकेशन पर ...पेज 2

दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका में झेलने होंगे 'बाउंसर' ...पेज 15

जापान में एक दिन में भूकंप के 155 झटके, अब तक 48 लोगों की मौत ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

**मुख्य कार्यालय**

98162-32526, 98160-10065

# पेट्रोल-डीजल के लिए हाहाकार हिमाचल में 85% पेट्रोल पंप ड्राई

## देशभर में व्यापक असर, राज्य के 138 मार्गों पर बसें निलंबित, सुंदरनगर डिपो बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/दिल्ली

**देशभर** के ट्रक ड्राइवर 'हिट एंड रन' कानून के विरोध में सोमवार से हड़ताल पर हैं, जिसका व्यापक असर अब दिख रहा है। वाहन चालक दिनभर तेल के लिए पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनों में खड़े रहे। वहीं, पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जी जैसी बेहद जरूरी चीजें नहीं पहुंच रही हैं, जिसके चलते इनके दाम बढ़ गए हैं।

हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत 10 राज्यों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। हिमाचल प्रदेश में ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल की वजह से 85 फीसदी पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं। राहत की बात यह है कि पेट्रोलियम कंपनियों ने अपनी व पेट्रोल पंप संचालकों की गाड़ियों में तेल की आपूर्ति शुरू कर दी है। कांगड़ा बाईपास और घुरकड़ी में देररात पेट्रोल की सप्लाई लेकर आ रहे तेल टैंकर रोक दिए गए हैं। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद टैंकर आगे रवाना हुए। ईंधन की कमी के कारण 138 मार्गों पर बसें निलंबित कर दी हैं, जबकि सुंदरनगर डिपो को भी बंद कर दिया है। सबसे बड़ी चुनौती ऊना, हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा जिले में है।



शिमला के विकासनगर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए लगी वाहनों की भारी भीड़।

- सबसे बड़ी चुनौती ऊना, हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा जिले में
- सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी लाइनें
- फल-सब्जी जैसी बेहद जरूरी चीजें नहीं पहुंच रहीं, बढ़ी दिक्कतें

### बसों में कटौती

**एचआरटीसी** के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि कहा कि कम यात्रियों वाली बसों में कटौती कर रहे हैं। प्रदेश में एचआरटीसी में 3200 बसों का बेड़ा है। राज्य में 650 से अधिक फिलिंग स्टेशन हैं, 400 से अधिक ईंधन की भारी कमी का सामना कर रहे हैं, जबकि 200 से अधिक बंद हो गए हैं।

### ईंधन की कमी का विषय केंद्र का, राज्यों का नहीं है



**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा अब तक औद्योगिक क्षेत्र में हड़ताल का असर न्यूनतम है। ईंधन की कमी केंद्र का विषय है, राज्यों का नहीं। प्रदेश में स्थिति गंभीर हो गई है और यातायात रुक गया है। शिमला शहर के 12 पेट्रोल पंपों में से नौ लगभग सूख चुके हैं।

### आपूर्ति को नियंत्रित करने के आदेश

**डीसी** शिमला आदित्य नेगी ने डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति को नियंत्रित करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि फायर टेंडर, एंबुलेंस और पुलिस वाहनों जैसे आपातकालीन वाहनों के लिए ईंधन की कमी नहीं होनी चाहिए। सरकार ने पेट्रोल की कमी को देखते प्रशासन को आदेश जारी किए हैं।

# प्रदेश सरकार ने डीजीपी संजय कुंडू को हटाया

## आयुष विभाग में प्रमुख सचिव किया नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** हाई कोर्ट के आदेश पर प्रदेश सरकार ने डीजीपी संजय कुंडू को पद से हटा दिया है। मंगलवार को कार्मिक विभाग से जारी आदेश के अनुसार उन्हें आयुष विभाग का सचिव बनाया गया है। आईएएस अधिकारी अमनदीप गर्ग को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए आयुष विभाग में प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रदेश सरकार ने आईपीएस अधिकारी सतवंत अटवाल त्रिवेदी को डीजीपी पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। सतवंत के पास मौजूदा समय में स्टेट विजिलेंस एंड एंटी क्रप्शन ब्यूरो और सीआईडी में एडीजीपी कार्यभार है।



उल्लेखनीय है कि पालमपुर के कारोबारी निशांत शर्मा ने डीजीपी कुंडू पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया था, जिसके बाद हाई कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया।

हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए एसपी कांगड़ा और डीजीपी संजय कुंडू को पद से हटाने के निर्देश दिए थे। हाई कोर्ट ने कहा था कि डीजीपी कुंडू के रहते निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। प्रदेश हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ कुंडू सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सरकार ने अभी तक एसपी कांगड़ा को पद से नहीं हटाया है। 26 दिसंबर को डीजी व कांगड़ा एसपी को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था।

- आईपीएस अधिकारी सतवंत अटवाल को डीजीपी पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

### सुप्रीम कोर्ट में कुंडू की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को सुनवाई करेगा। कुंडू ने हिमाचल हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें हिमाचल प्रदेश डीजीपी के पद से हटाकर अन्य पद पर भेजे जाने का फैसला सुनाया था। पीठ ने मंगलवार को कुंडू की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों पर संज्ञान लिया। पीठ याचिका पर बुधवार को सुनवाई के लिए सहमत हो गई।

## पड़ोसी मुल्क के साथ रिश्तों पर जयशंकर की दो टूक

# पाक की 'आतंकी शर्तों' पर नहीं होगी बात

एजेंसी, नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को बातचीत की टेबल पर लाने के लिए पाकिस्तान आतंकवाद का सहारा लेता रहा है।



पाकिस्तान की मुख्य नीति ही आतंकवाद रही है। पाकिस्तान अकसर ही नापाक मंसूबों के लिए सीमा पार से आतंकियों को भारत की ओर भेजता रहता है। एक इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लंबे समय से सीमा पार से आतंकवाद का इस्तेमाल भारत पर बातचीत के लिए दबाव बनाने के लिए कर रहा है। ऐसा नहीं है कि हम अपने पड़ोसी के साथ बातचीत नहीं करेंगे, मगर हम उन शर्तों के आधार पर बातचीत नहीं करेंगे जो उन्होंने (पाकिस्तान) रखी हैं, जिसमें बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद की प्रथा को वैध और प्रभावी माना जाता है। उन्होंने कहा कि कनाडा की राजनीति में खालिस्तानियों को जगह दी गई है, ये उनके हित में नहीं है।

कनाडा की राजनीति में खालिस्तानी ताकतों को बहुत जगह दी गई है और उन्हें ऐसी गतिविधियों में शामिल होने की छूट दी गई है, जिससे संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है।

- पाकिस्तान की मुख्य नीति रही आतंकवाद
- कनाडा को खालिस्तान के मामले पर घेरा

## लाहौल-स्पीति में महिला निकली कोरोना पॉजिटिव

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में एक महिला की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग केलांग के अनुसार, एक जनवरी को खांसी-बुखार से पीड़ित तीन लोगों के कोविड टेस्ट हुए थे, जिनमें एक महिला कोविड पॉजिटिव पाई गई है। महिला अपने घर में आइसोलेट है। लाहौल-स्पीति में कोविड का मामला आने की जिला आपदा प्रबंधन ने पुष्टि की है। सीएमओ डॉ. रोशन लाल ने बताया कि महिला रैट टेस्ट में पॉजिटिव आई है। वहीं, देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 263 हो गई है। आधे से ज्यादा केस अकेले केरल (133) में सामने आए हैं। देश में पिछले 24 घंटे में 573 नए केस सामने आए हैं।

# जापान में रनवे पर दो विमानों की टक्कर, पांच की मौत

एजेंसी, टोक्यो

**जापान** के टोक्यो में स्थित हनेडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान जापान एयरलाइंस के जेट की तटरक्षक विमान के साथ टक्कर हो गई और विमान आग लग गई।

इस हादसे में तटरक्षक विमान में सवार पांच लोगों की मौत हुई है। हवाई अड्डे पर आपातकाल लागू कर दिया गया। एयरलाइन अधिकारियों ने बताया कि जेट पर सवार सभी 379 यात्रियों और चालक दल को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जापानी न्यूज एजेंसी एनएचके के अनुसार, विमान के लैंडिंग के बाद किसी अन्य विमान से टकराने का शक जताया जा रहा है। इसमें कई यात्री सवार हैं। जब यात्री विमान लैंड हुआ, उसी दौरान जेएएल 516 विमान ने उड़ान भरी थी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनट में ही विमान को चपेट में लिया। यह विमान जापान के ही शिन चिटोस एयरपोर्ट से उड़ान भरकर हानेडा पहुंचा था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



- सवार 379 यात्रियों और चालक दल को सुरक्षित निकाला

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर आरपीजी से हमला पांच जवान घायल

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों और विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों पर आरपीजी से हमला किया है, जिससे मणिपुर पुलिस के चार और बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। मंगलवार सुबह तेंगनौपाल जिले के मोरेह शहर में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था और दो लोगों को पकड़ा। इसी दौरान सुरक्षाबलों पर हमला किया गया। स्थानीय महिलाओं ने पकड़े लोगों को छुड़ाने का प्रयास किया। सुरक्षाबलों ने भी क्रॉस फायरिंग की। सोमवार को थौबल के लेंगोल पहाड़ी इलाके में चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 11 लोग जख्मी हुए थे।

- इंफाल समेत पांच जिलों में लगाया कर्फ्यू

**दुर्लभ** आग लगने की घटनाओं के बाद इस क्षेत्र में पहुंच रहे थार, वन विभाग ने की जंगल में गश्त

# मंडी के ओड़ि जंगल में पहली बार दिखे हिमालयन थार

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी

**मंडी** जिले के तहत आने वाले वन परिक्षेत्र थाची की खणी वन बीट में पहली बार हिमालयन थार देखे गए हैं। लोगों ने हिमालयन थार (जंगली बकरी) के समूह को ओड़ि जंगल क्षेत्र में देखा है।

हिमालयन थार के इस समूह को जिस स्थान पर देखा गया है, उसकी ऊंचाई 6000 से 7000 फुट के आसपास है। लोगों का कहना है कि कुल्लू जिले के ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में आए दिन आग लगने की घटनाओं के चलते हिमालयन थार इस क्षेत्र में शरण लिए हुए हैं।

स्थानीय निवासी टेक सिंह, केशव राम इत्यादि ने बताया कि हिमालयन थार का यह समूह पिछले तीन दिनों से देखा गया। हिमालयन थार के नजर आने के साथ ही इस क्षेत्र में इन जानवरों की सुरक्षा पर सवाल पैदा हो गए हैं। कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ स्थानीय शिकारी अवैध रूप से इन जानवरों के शिकार को सक्रिय हो गए हैं। एक वयस्क थार का वजन 120 किलोग्राम तक होता है। हालांकि, मंगलवार को वन विभाग के एक दल ने जंगल में औचक दबिश भी दी है। (अनंत ज्ञान)



### हिमालयन थार की लगातार घट रही संख्या

**वन्यजीव** विभाग के आंकड़े के अनुसार, हिमालयन थार की संख्या लगातार घटती जा रही है, क्योंकि इनका चोरी-छिपे शिकार किया जा रहा है। ऐसे में इनके शिकार पर पूरी तरह से पाबंदी है।

**फिलहाल** इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बालीचौकी स्थित स्टाफ को तुरंत वन क्षेत्र की वस्तुस्थिति जानने के लिए भेजा जाएगा। इस क्षेत्र में इससे पूर्व हिमालयन थार की उपस्थित की कोई सूचना नहीं है। उक्त जानवरों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।


-एसएस कश्यप, वन मंडल अधिकारी, गोहर।

### हिमालय क्षेत्र में पाए जाते हैं हिमालयन थार

**हिमालयन** थार उच्च हिमालय क्षेत्र के दक्षिणी तिब्बत, उत्तरी भारत और नेपाल में पाए जाते हैं। इसके अलावा इस प्रजाति की बकरी न्यूजीलैंड, दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों और दक्षिण अफ्रीका में भी एक विदेशी प्रजाति के रूप में पाई जाती है। इन क्षेत्रों में इसकी आबादी को नियंत्रित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## चालकों के हितों का हनन करने वाला है कानून


**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता व लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार ने ड्राइवरों के हितों का हनन करने वाला कानून बनाया है, इसलिए वह हड़ताल को मजबूर हुए हैं। राहुल ने मंगलवार को 'एक्स' पर लिखा कि बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। जब 150 से अधिक सांसद निलंबित थे, तब संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवरों के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया, जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं।



# केंद्र सरकार बताए, रेल हादसों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से पूछा कि ट्रेन हादसे रोकने के लिए रेलवे में क्या सेफ्टी पैरामीटर लगाए हैं। सरकार से ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' की जानकारी भी मांगी। जस्टिस सूर्य कांत और केवी विश्वनाथन की बेंच ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि रेलवे ने कौन से सुरक्षा उपाय लागू किए हैं या करने वाली है, चार हफ्ते बाद होने वाली सुनवाई में इसकी डिटेल दें।



- सुप्रीम कोर्ट ने मांगा ब्योरा

पिछले साल ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे को लेकर वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अटार्नी से इसकी जानकारी मांगी है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वो अपनी याचिका की कॉपी अटार्नी जनरल को सौंपे। अटार्नी जनरल चार हफ्ते में याचिका में रखी मांग पर जवाब देंगे। जून में हुए ओडिशा ट्रेन हादसे में 293 लोगों की जान गई थी।

### नीतीश सरकार सार्वजनिक करे जाति सर्वे का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने जाति सर्वेक्षण कराया है। इसके आंकड़े और विवरण सार्वजनिक करने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार को जाति के आधार पर कराए गए सर्वे का विवरण सार्वजनिक करना होगा।



**रामलला** हम आएंगे, मंदिर यहीं बनाएंगे का जयघोष आज साकार होने जा रहा है। हम सब के आराध्य श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर सभी के लिए समर्पित होने जा रहा है। करोड़ों देशवासियों के लिए यह हर्ष का विषय है।

**निशा गुलेरिया**
**प्रिंसिपल।**



**अयोध्या** नगरी में बने भव्य श्रीराम मंदिर में जल्द रामलला विराजमान होने वाले हैं। इस अलौकिक और ऐतिहासिक काज में शामिल होना सौभाग्य की बात है। पूरा विश्व श्रीराम मंदिर में प्रभु की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार कर रहा है। हम सब इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

**अशोक कटोच, शिक्षा विद्, भवारना।**



**मर्यादा** पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सनातन धर्म का प्रतीक हैं। उनकी जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर बनने से सनातन धर्म का खोया गौरव लौट आया। मंदिर में प्रभु राम प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की सभी सनातन प्रेमियों को हार्दिक बधाई।

**अभिनव धीमान**
**भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा।**

# नालागढ़ पेट्रोलियम डिपो से ईंधन सप्लाई शुरू

## प्रदेश भर में की जाएगी आपूर्ति; एसडीएम-डीएसपी ने लिया जायजा, 85 फीसदी पंपों पर तेल खत्म, कई जगह लगी कतारें

**42** टैंकर सोमवार रात को नालागढ़ से विभिन्न जिलों के लिए भेजे

**31** टैंकर सोमवार सुबह ऊना, हमीरपुर चंबा, सोलन, नगरोटा, सिरमौर शिमला, कंडाघाट के लिए हुए रवाना

**1000** ट्रक इंडस्ट्री से माल लेकर होते थे रवाना, लेकिन अब 50 से कम ट्रक ले जा रहे सप्लाई

**627** पेट्रोल पंप, जिनमें से 70 से 100 में नहीं है ईंधन, गाड़ियों की लगी लंबी लाइनें



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

देश समेत प्रदेश भर में ट्रक चालकों की हड़ताल के बाद हिमाचल में तेल संकट गहराना शुरू हो गया है। प्रदेश में ईंधन आपूर्ति को पूरा करने के लिए नालागढ़ से संचालित पेट्रोलियम डिपो से विभिन्न जिलों के लिए गाड़ियां रवाना हो रही हैं। इन टैंकरों को पुलिस निगरानी में भेजा जा रहा है, ताकि ईंधन ले जा रहे टैंकर समय से बिना किसी रोक-टोक सप्लाई पहुंचा सकें।

बीते सोमवार देर रात को हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो नालागढ़ से करीबन 42 टैंकर विभिन्न जिलों के लिए भेजे गए, जबकि सोमवार सुबह 31 टैंकर ऊना, हमीरपुर, चंबा, सोलन, नगरोटा, सिरमौर, शिमला, कंडाघाट व अन्य जिलों के लिए रवाना हुए। एसडीएम नालागढ़ व डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने मंगलवार सुबह हिंदुस्तान पेट्रोलियम व भारत पेट्रोलियम के डिपो का निरीक्षण करते हुए प्रबंधन से बातचीत करते हुए प्रशासन व पुलिस के सहयोग का आश्वासन दिया, ताकि ईंधन से टैंकरों को बिना किसी रोक टोक के पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि प्रदेश के 85 फीसदी के करीब पेट्रोल पंप पर डीजल व पेट्रोल खत्म हो चुका है और जिन पंप पर तेल बचा है, वहां पर भारी भीड़ जमा हो रही है। एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंघल ने बताया कि मंगलवार को एचपीसीएल व भारत पेट्रोलियम डिपो का निरीक्षण किया गया और ईंधन की सप्लाई को सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रबंधन को प्रशासन व पुलिस के सहयोग के लिए आश्वस्त किया गया है, ताकि सप्लाई में कोई बाधा न डाल सके।

उधर, डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने बताया कि ईंधन से भरे टैंकरों की सप्लाई के लिए पुलिस सिक्योरिटी का इंतजाम किया गया है, ताकि टैंकर को आसानी से भिजवाया जा सके।



पेट्रोलियम डिपो पर एसडीएम नालागढ़ व डीएसपी बद्दी निरीक्षण करते हुए।

### ट्रक यूनियन नालागढ़ के चालकों की हड़ताल

**एशिया** की सबसे बड़ी ट्रक यूनियन नालागढ़ ने भी अपने ट्रकों के पहिए रोकते हुए केंद्र के खिलाफ रोष जताया है। चालकों की हड़ताल के चलते चालक माल की सुनवाई के लिए यूनियन में नही पहुंच रहे हैं। पहले रोजाना यूनियन से 1000 के करीब ट्रक इंडस्ट्री से माल लेकर रवाना होते थे, लेकिन अब सिर्फ 50 से भी कम ट्रक रवाना हो रहे हैं।

### जिलों में भेजी जा रही सप्लाई: नंदा

**एचपी** पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव अमित नंदा ने बताया कि एचपी पेट्रोलियम लगातार प्रदेश भर में ईंधन की कमी को पूरा करने में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि नालागढ़ एचपी पेट्रोलियम डिपो से सोमवार व मंगलवार को सप्लाई अलग-अलग जिला में भिजवाई गई और पुलिस न प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# प्रदेश में 35, कांगड़ा में पहुंचे तेल के पांच टैंकर

## पुलिस को जाम खुलवाने को करनी पड़ रही कसरत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

ट्रक चालकों की हड़ताल का असर मंगलवार सुबह से ही देखने को मिला। सोमवार देर रात तक लगी कतारों के बाद सुबह से ही अगले दिन भी कतारों का लगना शुरू हो गया। धर्मशाला शहर समेत जिले तथा प्रदेश के कई शहरों में दिन भर यही हालात बने रहे।

इस बीच राहत की बात यह है कि प्रदेश के लिए 35 और जिला कांगड़ा के लिए पांच टैंकरों की आपूर्ति पहुंच चुकी है। कांगड़ा में नालागढ़ से यह सप्लाई पहुंची। यहां बताते चलें कि प्रदेश में कुल 627 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से 70 से 100 ड्राई हो चुके हैं। वहीं, मंगलवार को 35 पेट्रोल तथा डीजल के टैंकरों ने प्रदेश भर में आपूर्ति की। जिलावार बात करें तो बिलासपुर के दो, चंबा के एक, हमीरपुर के तीन, कांगड़ा के पांच, किन्नौर के एक, मंडी के तीन, शिमला के सात, सिरमौर के चार, सोलन के छह तथा ऊना के तीन पेट्रोल पंपों में मंगलवार को तेल के टैंकर पहुंच चुके हैं।

उधर, प्रदेश भर के सभी जिलों में जिला प्रशासन ने सभी पेट्रोल पंपों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उधर, इस बारे में जब जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोतम सिंह पंवर ने बताया कि मंगलवार को पांच पेट्रोल पंपों में पेट्रोल तथा डीजल के टैंकर पहुंच चुके हैं।



गगल चौक पर हिट एंड रन पर बने नए कानून के विराध में चक्का जाम करते ड्राइवर।

# भगवान श्रीराम राजनीति नहीं बल्कि आस्था का विषय: विक्रमादित्य

## श्रीराम के दर्शन के लिए जाएंगे अयोध्या




लोगों को संबोधित करते लोकनिर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोनिनि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि भगवान श्रीराम चंद्र की जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए उन्हें भी न्योता आया है। उन्होंने कहा कि यह न्योता राजनीतिक रूप से नहीं है और न ही इसको राजनीति से जोड़ना चाहिए।

भगवान श्रीराम राजनीति नहीं, बल्कि आस्था का विषय है और इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. वीरभद्र सिंह जो कि आज इस दुनिया में नहीं हैं उनके द्वारा हिंदू धर्म के लिए किए गए योगदान और राम मंदिर निर्माण के लिए किए गए सहयोग को देखते हुए यह न्योता दिया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए सनातन धर्म को बढ़ाने में योगदान दिया है वहीं, उनके कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना था, जहां पर धर्मांतरण का कानून उनके द्वारा मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए लाया गया। उन्होंने कहा कि आज उनके पिता इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके सम्मान में विश्व हिंदू परिषद व संबंधित राम ट्रस्ट की ओर से उन्हें राम मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का न्योता भेजा गया है। उन्होंने कहा कि वह अयोध्या अवश्य जाएंगे, लेकिन 22 जनवरी को नहीं, बल्कि उसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के साथ चर्चा करके तिथि तय करेंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, जिसके चलते वहां पर व्यवस्थाएं मजबूत होंगी।

ऐसे में उस दिन अयोध्या नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और हम देवसमाज से जुड़े हैं। प्रदेश के विकास को लेकर प्रयासरत हैं और भविष्य में भी अपने प्रदेश के विकास के लिए हरसंभव कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर उनके साथ जिलाभर के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# प्रदेश में बर्फबारी का इंतजार रहेगा बरकरार

## सामान्य से कम हुई बारिश; सात जनवरी तक मौसम साफ, मैदानी इलाकों के लिए अलर्ट जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोगों की इस बार भी व्हाइट क्रिसमस और नववर्ष पर बर्फबारी की ख्वाहिश अधूरी रह गई। गत वर्ष भी यह आस पूरी नहीं हो सकी थी। आने वाले दिनों में भी बर्फबारी और बारिश के कोई आसार नहीं बन रहे हैं।

मौसम विभाग ने सात जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। मौसम की बेरुखी से जहां बागवान परेशान हैं, वहीं पर्यटन सीजन पर भी इसका असर पड़ा है। पहाड़ों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री अधिक चल रहे हैं। गत तीन माह में प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा हुई है।

मौसम विभाग ने जहां आने वाले दिनों के लिए पहाड़ो में चटकदार धूप की संभावना जताई है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों के लिए कोहरे (धुंध) का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि प्रदेश में दिन के तापमान में उछाल आया है। दिन के तापमान में चार से छह डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

### शिमला में सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है तापमान



**सुंदरनगर** में अधिकतम तापमान 21 डिग्री वहीं, शिमला में अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस चल रहा ह, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य चल रहा है और आगामी सात जनवरी तक मौसम साफ बने रहने की संभावना है। संदीप शर्मा ने कहा कि जहां ऊंचाई वाले क्षेत्रों में धूप खिली रहेगी, वहीं मैदानी क्षेत्र कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी,बद्दी व हमीरपुर के मैदानी इलाकों में धुंध रहने की संभावना है जिससे वाहनों के आवागमन में कठिनाई हो सकती है।

### गोपालपुर में दुकान में लगी आग



**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोपालपुर में डाकघर के साथ लगती किराने की दुकान में मंगलवार सुबह करीब तीन चार बजे के आसपास आग लग गई, जिससे दुकान में रखा करीब सात लाख का सामान और दो लाख की नकदी जल कर राख हो जाने का समाचार है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह पांच बजे जब हेमराज कपूर घर से रोजमर्रा की तरह घूमने निकला तो देखा कि विकास पुत्र शशि कुमार की दुकान से धुआं निकल रहा है। उसने तुरंत दुकान के मालिक को सूचित किया, जिस पर दुकान का मालिक विकास भी वहां पहुंच गया और जब विकास कपूर ने दुकान का शटर खोला तो देखा कि दुकान में रखा सारा सामान और दो लाख की नकद रखी राशि भी जल कर राख हो गई थी। स्थानीय पंचायत प्रधान ने भी मौके पंहुच कर घटना का जायजा लिया है और पटवारी ने मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जूट गई है। एसडीएम स्वाति डोगरा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में चिट्टे के साथ धरी महिला



**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत इंदौरा में एक महिला को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी महिला के घर से 6.60 ग्राम चिट्टा बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान अंजलि पुत्री चंदन निवासी दीनी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। उधर, पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। एसपी पुलिस जिला नूरपुर अशोक ने बताया कि आरोपी महिला के रिहायशी मकान में पुलिस की छापेमारी के दौरान 6.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

### भुंतर में 623 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार



**कुल्लू।** जिला कुल्लू के भुंतर में 623 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम जब नीणू नाला के समीप गश्त पर थी तो उस समय एक युवक की शक के आधार पर तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 623 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान गोकल चंद उर्फ पालू (24) पुत्र नोमी राम निवासी गांव प्रेम नगर डाकघर ठेला तहसील भुंतर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

गरोला के पिल्ली-स्वाई में सोमवार को एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होने से कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है और एक युवक घायल हुआ है। घायल व्यक्ति को चंबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।




जानकारी के मुताबिक सोमवार को दोनों युवक ड्यूटी से छुट्टी होने के बाद अपने घर स्वाई की तरफ जा रहे थे कि अचानक राला नाले के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार व्यक्ति अजय कुमार निवासी परिहार की मौके पर ही मौत हो गई है और दूसरा युवक सोनू कुमार निवासी स्वाई घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर इकट्ठे होकर घायल व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि दोनों युवक गरोला में डिलीवरी बॉय का काम करते थे, जिसमें अजय कुमार एजेंसी में बतौर मैनेजर काम करता था। बहरहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है । पुलिस मामला दर्ज करके घटना के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है।

# आईजीएमसी के 50 फीसदी डॉक्टर विंटर वेकेशन पर

## पहले दिन चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं, इलाज करवाने के लिए दर-दर भटके मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में पहले दिन 50 फीसदी डॉक्टर विंटर वेकेशन पर जाने से स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं, जिसके चलते मरीजों को अपना इलाज करवाने के लिए दर-दर भटकना पड़ा।

बुधवार को सुबह से ही आपीडी में भीड़ लगी रही। यहां आधे से ज्यादा मरीजों के समय अनुसार चेकअप नहीं हो पाए। वहीं, सबसे ज्यादा दिक्कतें तो उन मरीजों को हुई, जिनका काफी समय पहले से एक ही डॉक्टर के पास इलाज चल रहा है। ऐसे में डॉक्टर के छुट्टी पर जाने से काफी सारे मरीज बिना चौकअप करवाएं ही वापस घर की ओर लौट गए। डॉक्टरों के छुट्टी पर जाने से पहला ही दिन था। दो चरणों में डॉक्टर छुट्टी पर जा रहे हैं। अस्पताल के 160 डॉक्टर पहले बैच में छुट्टी पर चले गए हैं। यह डॉक्टर अब आठ फरवरी तक छुट्टी पर रहेंगे। इसके बाद दूसरे बैच में 136 डॉक्टर छुट्टी पर जाएंगे। शेष 50 फीसदी डॉक्टर दस फरवरी से 18 मार्च तक वेकेशन पर रहेंगे। इस बीच नौ फरवरी को कॉमन डे रहेगा, जबकि 19 मार्च से मरीजों को सभी डॉक्टर अस्पताल में मिलेंगे। आईजीएमसी में करीब 37 विभाग हैं और हर विभाग से तीन या पांच डॉक्टर छुट्टी पर गए हैं।

डॉक्टरों का विंटर वेकेशन हर साल होता है। इस दौरान मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अस्पताल के फैकल्टी सदस्यों को 38 दिन, जबकि रेजिडेंट डाक्टरों को 30 दिनों का अवकाश मिलता है। इनके वापस लौटने के उपरांत शेष 50 प्रतिशत डॉक्टर अवकाश पर जाएंगे और छुट्टी से वापस लौटने वाले डॉक्टर मरीजों को ओ.पी.डी. से लेकर ओटी तक सेवाएं देंगे। आईजीएमसी में करीब 37 विभाग है। हर विभाग से तीन या पांच डॉक्टर छुट्टी पर गए हैं।



आईजीएमसी में इलाज करवाने आए मरीजों व तीमारदारों की लगीं लंबी कतारें।

### मरीजों को नहीं होगी कोई परेशानी

**उधर,** डॉ. सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी ने कहा कि आईजीएमसी में मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। डॉक्टर दो चरणों में छुट्टि पर जा रहे हैं। पहले चरण में डॉक्टर छुट्टी पर चले गए हैं, जो डॉक्टर छुट्टी पर नहीं गए हैं वे उन डॉक्टरों का काम भी देख रहे हैं, जो छुट्टि पर गए हैं।

**सियासत** | जिला परिषद से निकल कर आज प्रदेश में पंचायतीराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों का कर रहे हैं समुचित विकास

# सियासी युद्ध जीतने में माहिर अनिरुद्ध, कोई नहीं तोड़ सका दुर्ग

**अरविंद शर्मा, शिमला**

कसुम्पटी विधानसभा सीट के आए चुनाव परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी अनिरुद्ध सिंह ने अपनी भाभी भाजपा प्रत्याशी विजय ज्योति सेन भारी मतों से पराजित कर क्योंथल रियासत के राज परिवार के सियासी वजूद को झटका दिया है। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में तीन उम्मीदवार जिनमें दो पूर्व राजघरानों से सियासी जंग में कूदे थे।

इनमें प्रदेश में सत्तासीन रही कांग्रेस ने कसुम्पटी के पूर्व विधायक कोटी रियासत से अनिरुद्ध सिंह को टिकट दिया था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कुलदीप तनवर व क्योंथल रियासत से संबंध रखने वाली ज्योति सेन को भाजपा ने टिकट दी थी।

रिश्ते में ज्योति सेन कांग्रेस के प्रत्याशी कोटी रियासत के राजा अनिरुद्ध सिंह की बुआ हैं। कसुम्पटी विधानसभा सीट से माकपा प्रत्याशी कुलदीप सिंह तनवर चाचा-भतीजा रिश्ते में है। अनिरुद्ध सिंह ने चाचा और भाभी को भारी मतों से हराकर विजयी हासिल की है। (अनंत ज्ञान)



### दूसरी बार जीत दर्ज कर बनाया रिकॉर्ड

**कसुम्पटी** विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार से अधिक किसी विधायक को जीत नहीं मिली थी, लेकिन अनिरुद्ध सिंह ने दूसरी बार भी भारी मतों से विजयी हासिल की है। यहां अधिकतर बार चुनाव नतीजे एकतरफा ही रहे हैं, जब तक यह सीट सुरक्षित तब भी इस सीट पर किसी पार्टी का वर्चस्व नहीं रहा है। ऐसे में इस बार कांग्रेस के अनिरुद्ध सिंह पर सीट पर विजयी प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया है। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में कुल 61,084 मतदाता हैं, जिसमें से पुरुष मतदाता 32,074 और महिला मतदाता 29,010 हैं। इस क्षेत्र में कुल 30 पंचायतें हैं । 15 पंचायतें कोटी तथा इतनी ही पंचायतें क्योंथल रियासत में पड़ती है। पांच वार्ड नगर निगम मर्ज्ड एरिया के इस क्षेत्र में हैं।

### अनिरुद्ध ने बरकरार रखा जीत का अंतर

**कसुम्पटी** के विधायक अनिरुद्ध सिंह ने बीते चुनाव की अपेक्षा इन चुनाव में भी वर्चस्व बरकरार रखा है। 2012 में भी करीब 10000 मतों से विजयी हासिल की थी। इस बार भी अनिरुद्ध सिंह ने 9393 मत हासिल किए हैं, यानि अनिरुद्ध सिंह के सियासी दुर्ग को तोड़ने में कोई कामयाब नहीं हो पाया है।

### 1972 से 2007 तक सुरक्षित क्षेत्र था कसुम्पटी हलका

**कसुम्पटी** विधानसभा क्षेत्र 1972 से 2007 तक सुरक्षित क्षेत्र था। परिसीमन के बाद 2012 में यह विधानसभा सामान्य सीट में बदल गई। 2012 में कांग्रेस के अनिरुद्ध सिंह ने यहा से भाजपा के प्रेम सिंह को लगभग 10000 मतों से पराजित किया था। उन्हें 16929 वोट मिले थे और भाजपा के प्रेम सिंह को 7043 वोट मिले थे। इस बार अनिरुद्ध सिंह को कुल 22061 वोट मिले हैं, जबकि माकपा प्रत्याशी कुलदीप सिंह तनवर को 4698, भाजपा प्रत्याशी विजय ज्योति सेन को 12664 मत प्राप्त हुए हैं। 9397 मतों से अनिरुद्ध सिंह से विजयी हासिल की है।

# शहीद प्रमोद नेगी के माता पिता को किया सम्मानित



शहीद प्रमोद के माता-पिता को सम्मानित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पांवटा साहिब**

मारुती वीर जवान ट्रस्ट की और से गुजरात में आयोजित सम्मान समारोह में शहीद परिवार के परिजनों को सम्मानित किया गया। गौरव की बात है कि शहीदों में जिला सिरमौर के गिरिपार शिलाई के शहीद प्रमोद नेगी का नाम भी शामिल था।

यह सम्मान प्राप्त करने के लिए शहीद प्रमोद नेगी के माता-पिता को ट्रस्ट की ओर से गुजरात बुलाया गया। साथ ही हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के शहीद अरविंद सिंह के परिवार को भी सम्मानित किया गया। दोनों शहीदों के परिजनों को रक्षा मंत्री ने सम्मानित किया और परिजनों ने ट्रस्ट का आभार जताया। साथ ही शहीदों के परिजनों को अढ़ाई लाख राहत राशि प्रदान की। ट्रस्ट की ओर से 130 परिवारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्यातिथि रहे।

### मंदिर के शीर्ष द्वार पर विराजमान हैं पवन पुत्र हनुमान, मंदिर के अंदर माता सीता, लक्ष्मण संग हैं प्रभु श्रीराम

# शिखर शैली में बना है खरुड़ा मोहल्ला में भगवान श्रीराम का मंदिर

**एमएम डैनियल, चंबा**

वार्ड जनसाली के खरुड़ा मोहल्ला में प्राचीन सीता-राम मंदिर में निर्माणकारी अपने में एक अलग ही परिदृश्य फरमाती है। अधिकांश मंदिरों में भगवान श्रीराम अथवा सीता-राम मंदिर में पवन पुत्र हनुमान की प्रतिमा भगवान श्रीराम मूर्ति के दाएं सहित उनके चरणों समीप निर्मित की जाती है, लेकिन इस मंदिर में पवन पुत्र हनुमान मंदिर के शीर्ष द्वार पर दर्शाए गए हैं, जो कि इस सीताराम मंदिर को अन्य मंदिरों से भिन्न करती है। वहीं, शिखर शैली सहित नायाब कारीगिरी का नमूने की झलक मंदिर में देखने को मिलती है। वर्ष 1905 में चंबा-कांगड़ा में आया शक्तिशाली भूकंप भी इस मंदिर को प्रभावित नहीं कर सका।

मंदिर में जहां तीनों समय भोग, आरती सहित विधिवत्त पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं राम नवमी व हनुमान जयंती पर्व पर स्थानीय श्रद्धालु भंडारे व समारोह का आयोजन भी करते है। (अनंत ज्ञान)

## 300 वर्ष पूर्व जनसाली के खरुड़ा मोहल्ला में स्थित प्राचीन सीता-राम मंदिर का हुआ था निर्माण



## उम्मेद सिंह ने बनवाया था यह मंदिर

**वार्ड** जनसाली के खरुड़ा मोहल्ला में स्थित प्राचीन सीता-राम मंदिर निर्मित होने का इतिहास करीब 300 वर्ष पूर्व का माना जाता है, जिसके चलते तत्काल चंबा रियासत में शासक उम्मेद सिंह का शासनकाल था। शासक उम्मेद सिंह ने 1748 से लेकर 1764 ई. तक अपनी मृत्यु तक शासन किया। माना जाता है कि इस काल के दौरान सीता-राम मंदिर खरुड़ा निर्माण कार्य स्थानीय लोगों की भागीदारी से किया गया। धार्मिक संस्कृति को बढ़ावा देने में शासक उम्मेद सिंह ने भी सराहनीय भूमिका जहां निर्वाह किया। उम्मेद सिंह ने चंबा रियासत को मंडी रियासत की सीमा तक फैलाया था। उम्मेद सिंह ने राजनगर में नाडा महल बनाने सहित चंबा रंगमहल की नींव भी रखी थी।



## शिखर शैली का नमूना है सीता-राम मंदिर खरुड़ा

**17वीं** सदी में शिखर शैली का काफी प्रचलन था, जिसका उदाहरण वार्ड जनसाली के खरुड़ा मोहल्ला में स्थित प्राचीन सीता-राम मंदिर में देखने को मिलता है। मंदिर का निर्माण शिखर शैली नमूना करवाया गया है। मंदिर के शीर्ष पर शिखर शैली युक्त मूर्त उकेरी गई है, जबकि मंदिर की बनावट से लेकर मंदिर के चारों ओर शिखर शैरी के डिजाइन सहित देवी-देवताओं के चित्र मौजूद हैं।

## काले व सफेद संगमरमर की हैं भगवान की मूर्तियां

**वार्ड** जनसाली के खरुड़ा मोहल्ला में स्थित प्राचीन सीता-राम मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम की मूर्त काले संगमरमर युक्त, जबकि माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां सफेद संगमरमर शिला युक्त निर्मित की गई हैं, जिन्हें श्रद्धालुओं द्वारा राम-श्याम की संज्ञा दी गई है। वहीं, पवन पुत्र हनुमान की मूर्ति मंदिर के भीतर भगवान श्रीराम के दाएं ओर विराजमान की मुद्रा में केसरी युक्त पत्थर एवं कपड़े में मौजूद है।



### सोशल मीडिया पर अब तक दो लाख लोग देख चुके यह फिल्म

# स्पीति के आवारा कुत्तों का दर्द दुनिया को दिखा रही 'वन्स अपॉन इन स्पीति'

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**




बढ़ते कुनबे के चलते कुत्ते भूख के मारे एक-दूसरे को ही खाने लगे थे। वे भूख जो इंसान से कुछ भी करवाने की ताकत रखती है तो वे तो फिर भी जानवर थे। स्पीति के शीत मरुस्थल में आवारा कुत्तों के दर्द को जब न तो किसी ने समझा और और न ही जानने की कोशिश की तो मामला और भी बिगड़ता गया। ऐसे में पीपल फार्म फेम रोबिन सिंह और शिवानी सिंह ने हालातों की जानकारी ली।

वन्स अपॉन इन स्पीति नाम की यह यात्रा 180 कुत्तों की नसबंदी की बड़ी पहल तथा मदद करने के उससे भी बड़े ध्येय के साथ संपन्न हुई। इस पर आधारित पीपल फार्म की 23 मिनट की फिल्म अब सोशल प्लेटफार्म पर न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशों के भी करोड़ों लोगों को जानवरों से प्रेम व संवेदना का मजबूत संदेश देगी। अब तक दो लाख से ज्यादा लोग इस मूवी को देख चुके हैं। बिना किसी फिल्मी लाग लपेट के बनाई गई यह डॉक्यूमेंट्री भले ही भयावह हो चुके हालातों को न दिखाती हो, लेकिन इस भयावहता से लड़ने की हिम्मत जरूर देती है। वहां के समाज को इन बदलावों को सकारात्मकता से देखने तथा स्थानीय लोगों की मदद से 180 कुत्तों की नसबंदी कर दी गई। इस फिल्म में आवारा कुत्तों से लेकर दूसरे जानवरों की मदद करने के तरीकों के बारे में बताया गया है कि मानव किस प्रकार इन जानवरों की जिंदगी को आसान बनाने में मदद दे सकता है। रोबिन बताते हैं कि मई 2022 में, हमने स्पीति घाटी के कुत्तों के लिए नसबंदी तथा भोजन कार्यक्रम चलाया। इससे कुत्तों को पकड़ना और इस कार्यक्रम को जारी रखना आसान हो गया। नसबंदी कुत्तों में अवांछनीय व्यवहार को कम करती है और उनकी आबादी को स्थिर करता है। कुछ स्वयंसेवकों की मदद से, हमारी टीम ने प्रतिदिन पांच-छह कुत्तों की नसबंदी की और चिचम, किब्बर, खुरिक, रंगरिक, लाडांग और काजा में यह कार्यक्रम चलाया। पूरी प्रक्रिया पशु चिकित्सकों की देखरेख में और पशु जन्म नियंत्रण नियम 2001 के अनुसार की गई। हमारे प्रोजेक्ट में लगभग एक महीना लगा और जून में सफलतापूर्वक पूरा हुआ, जिसमें हम कुल 180 कुत्तों की नसबंदी करने में कामयाब रहे। (अनंत ज्ञान)

# हिडिंबा माता की पूजा के साथ विंटर कार्निवाल का आगाज

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने परेड को हरी झंडी दिखाकर किया विंटर कार्निवाल का शुभारंभ

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में मंगलवार को पांच दिवसीय विंटर कार्निवल का शुभारंभ हुआ। माता हिडिंबा की पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने झांकियों को हरी झंडी दिखाकर विंटर कार्निवाल का विधिवत शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रदेश और अन्य राज्यों के 250 से अधिक महिला मंडल और सांस्कृतिक दल परेड में शामिल हुए। सांस्कृतिक दलों ने सामाजिक संदेश, संस्कृति और परंपराओं पर आधारित आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मनु रंगशाला में दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विंटर कार्निवल में विभिन्न राज्यों के 25 प्रतिभागी समूह भाग ले रहे हैं। उन्होंने महिला मंडलों, विभागों और संस्थाओं द्वारा निकाली गई झांकियों में गहरी रुचि दिखाई।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले वर्ष आपदा के दौरान कुल्लू जिला में भारी क्षति हुई थी। उन्होंने कुल्लू में आपदा के दौरान तीन दिन तक स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की।

इस अवसर पर उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद, अध्यक्ष एपीएमसी राम सिंह मियां, उपाध्यक्ष जिला परिषद वीर सिंह ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस के सचिव व प्रवक्ता राजीव किमटा, नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर, नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, कांग्रेस नेता, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि 20 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने की घोषणा

**इस** अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला मंडलों को प्रदान की जाने वाली 'प्रोत्साहन राशि' को 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त मनाली में 15 मील के पास नए पुल के निर्माण के लिए दस करोड़ रुपए का प्रावधान करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि रोहतांग-मनालसू पर्यटन होटल का जीर्णोद्धार किया जाएगा और विद्युत बोर्ड की भूमि पर पार्किंग बनाने की संभावना तलाशने के लिए भी सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निकट भविष्य में मनाली में स्कीइंग कार्यक्रम आयोजित करने की भी घोषणा की।




हिडिंबा माता की पूजा करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



मनु रंगशाला में विंटर कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर जनता का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री सुक्खू।

## विंटर कार्निवाल में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय प्रयास



**लोकनिर्माण** मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने क्षेत्र की संस्कृति को प्रमुखता से प्रदर्शित करने और इसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विंटर कार्निवल मनाली की सराहना की। उन्होंने आपदा राहत और बचाव कार्यों में मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बागवानों के उत्पादों को समय पर बाजार तक पहुंचाना सुनिश्चित किया है, जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान से बचाया जा सका है।

### डीजीपी स्वच्छ छवि के व्यक्ति, 35 सालों से दे रहे सेवाएं

# डीजीपी संजय कुंडू को हटाया नहीं, दी है पदोन्नति : सुक्खू

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि संजय कुंडू को पद से हटाया नहीं है, बल्कि उनकी आयुष विभाग में प्रधान सचिव के पद पर पदोन्नति की गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री मनाली में विंटर कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर डीजीपी विवाद मामले पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि डीजीपी संजय कुंडू स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं और 35 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें डीजीपी के पद से हटाया नहीं, बल्कि उन्हें पदोन्नति दी गई है। सरकार की ओर से संजय कुंडू को आयुष विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए इस बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहते, लेकिन उन पर लगे आरोपों के चलते हाई कोर्ट ने कहा है कि पद पर रहते हुए जांच प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार ने न्यायालय के आदेशों का पालन किया है। इस मौके पर उनके साथ लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## ट्रक चालकों की मांग जायज, केंद्र सरकार करे विचार

**सीएम** ने कहा कि ट्रक चालकों की हड़ताल पर प्रदेश सरकार नजर रखे हुए है। पेट्रोल डीजल की कमी नहीं होगी। प्रदेश सरकार पुलिस की निगरानी में डीजल पेट्रोल की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को ट्रक चालकों की हड़ताल के मामले को गम्भीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्निवाल से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक भारी संख्या में पर्यटकों ने हिमाचल का रुख किया है। प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने को हर सम्भव प्रयास कर रही है।

## भगवान राम भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के जनक : शांता



**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि इस बार का नया साल 2024 साधारण नहीं है। भारत के लिए विश्व इतिहास में नया अध्याय जुड़ेगा। 500 वर्षों से उपेक्षित अयोध्या नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के प्रयास से विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ बनेगा। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि प्रभु राम ने कभी भीलनी के बेर खाए थे, तो इस बार राम भक्त मोदी ने निषाद के घर मीरा माझी के हाथ की चाय पीकर, उस इतिहास को दोहराकर एक नया इतिहास बनाया है। शांता कुमार ने कहा कि राम भारत के आध्यात्मिक प्राण पुरुष ही नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के जनक भी हैं। हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद किसी नेता या पार्टी ने नहीं दिया, स्वयं प्रभु राम ने इसकी घोषणा की थी। रावण का वध और लंका जीतने के बाद जब राम अयोध्या आने की तैयारी कर रहे थे, तब लक्ष्मण ने कहा था। भईया यह सोने की लंका है, यहीं रहकर राज्य करते हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार तब प्रभु राम ने कहा था, लंका सोने की है, परंतु जननी जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ होती है।

# प्रशासनिक अधिकारियों के विभागों में किया फेरबदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया है। जारी आदेशों के अनुसार राजीव कुमार-1, एचपीएएस (2003), निदेशक, युवा सेवाएं एवं खेल हिमाचल प्रदेश अब प्रबंध निदेशक, एचपी पर्यटन विकास निगम, शिमला का कार्यभार संभालेंगे।



सतीश कुमार शर्मा, एचपीएएस (2006), कार्यकारी निदेशक, हिमुडा, शिमला राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, जोगिंदरनगर, जिला मंडी में निदेशक के रूप में तैनात किए गए हैं। अरिंदम चौधरी, आईएएस (एचपी: 2014), उपायुक्त, मंडी को इस अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। वहीं, निशांत ठाकुर, एचपीएएस (2010), सचिव, हिमाचल राज्य खाद्य आयोग शिमला लगाए गए हैं। वह कार्यक्रम प्रबंधक इकाई (राजस्व-आपदा प्रबंधन), शिमला में उपकार्यक्रम प्रबंधक के रूप में कार्य करना जारी रखेंगे। वहीं, संदीप कुमार, आईएएस (एचपी-2010), हिमाचल प्रदेश सरकार के विशेष सचिव (तकनीकी शिक्षा), जो आयुक्त के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

वह तत्काल प्रभाव से, अपने स्वयं के कर्तव्यों के अलावा, अगले आदेशों तक निदेशक, युवा सेवाएं एवं खेल, हिमाचल प्रदेश, शिमला का कार्यभार भी संभालेंगे। हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेला ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

### काली नाथ कालेश्वर महादेव मंदिर का अधिग्रहण करने का मामला

# हाई कोर्ट ने केंद्र-राज्य सरकार से मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांगड़ा के ऐतिहासिक काली नाथ कालेश्वर महादेव मंदिर का अधिग्रहण करने के खिलाफ दायर याचिका में प्रदेश हाई कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

कोर्ट ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय सहित प्रदेश के पर्यटन सचिव, जिलाधीश कांगड़ा व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 12 सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने स्वामी विश्वनंद सन्यासी द्वारा दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात उपरोक्त आदेश पारित किया। याचिका में दिए तथ्यों के अनुसार तहसील परागपुर में व्यास तट पर काली नाथ कालेश्वर महादेव मंदिर सदियों पुराना मंदिर है। लगभग 300 वर्ष पहले बनाए इस मंदिर में महंतों का डेढ़ सौ साल का रिकोर्डीड इतिहास है। यहां शिव व काली की पूजा होती है। यहां पर वैदिक पाठशाला की व्यवस्था कुछ समय से चली आ रही है। यहां पर गोशाला की भी व्यवस्था की गई है।



मंदिर की 80 कनाल जगह पहले महंत अरुनानंद के नाम दर्ज थी। बाद में यह मंदिर काली नाथ महंत के नाम दर्ज हो गया। वैदिक पद्धति की शिक्षा दिए जाने के कारण यहां से विद्यार्थी वैदिक शिक्षा ग्रहण करते हैं। क्योंकि यह मंदिर सरकार की जमीन पर नहीं बनाया गया है। इस कारण राज्य सरकार द्वारा इसका अधिग्रहण करना कानून के विपरीत है। सुबह शाम इस इस मंदिर में रहने वाले महंतों द्वारा पूजा की जाती रही है। मगर, अधिग्रहण के पश्चात इन महंतों को सुबह-शाम पूजा करने के लिए अनुमति तो दी गई है, मगर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा करवाने व भेंट चढ़ाने की मनाही है। इस गोशाला और लंगर की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है। मंदिर का पुराना इतिहास होने के कारण यहां वैदिक पद्धति के चलते कई साधु संतो व महंतों का आना-जाना लगा रहता था तथा यहां पर उनकी समाधियां भी बनाई गई है।

मंदिर परिसर में हर वर्ष बैसाखी के दिन बड़े मेले का आयोजन भी किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने से पहले इस विषय में राज्य सरकार की ओर से कोई जरूरी औपचरिकताएं पूरी नहीं की और आनन-फानन में अधिसूचना जारी कर दी और मंदिर की भूमि को अपने नाम दर्ज करवा लिया। मामले पर सुनवाई 26 मार्च, 2024 के लिए निर्धारित की गई है।

## रिज पर सैलानियों की चहल-पहल



शिमला के रिज मैदान पर मंगलवार को टहलते पर्यटक।

**सियासत** | जयराम ठाकुर बोले- केंद्र हिमाचल के साथ कर रहा सहयोग, लोगों को गुमराह करना बंद करे सरकार

# केंद्र को कोसने की बजाय विकास पर ध्यान दें सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य सरकार सिर्फ केंद्र सरकार को कोसने में ही अपनी सारी ऊर्जा खर्च कर रही है, जबकि केंद्र हिमाचल का हर मामले में पूरा सहयोग कर रहा है। केंद्र सरकार को कोसने से कुछ नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के सारे काम ठप पड़े हैं। सड़कें, स्कूल अस्पताल के निर्माण कार्य रुके पड़े हैं। कई अस्पतालों में एक भी चिकित्सक नहीं हैं। पूर्व सरकार में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट की रिपेयरिंग तक नहीं हो पा रही है। लोगों के इलाज से लेकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन लोगों को समय से नहीं मिल पा रही है। हिम केयर के बकाए के कारण लोगों का इलाज किसी भी समय रुक सकने की स्थिति आ गई है। ऐसे में सिर्फ दोषारोपण से काम नहीं चल सकता है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपदा हो या रुटीन में चलने वाले विकास कार्य, केंद्र सरकार ने हिमाचल के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया है। हिमाचल को मिलने वाले प्रोजेक्ट्स में एक भी नए पैसे की कटौती नहीं की है। ऐसे में राज्य सरकार और कांग्रेस के नेताओं द्वारा क्रेंद पर दोषारोपण करना किसी प्रकार उचित नहीं है।

## आज से हिमाचल में अनुराग

**हमीरपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर तीन जनवरी को हिमाचल के प्रवास पर रहेंगे। सुबह धर्मशाला एयरपोर्ट से अनुराग ठाकुर सीधे बिलासपुर के घुमारवीं पहुचेंगे, जहां वह एक होटल में सांसद खेल महाकुभ 2.0 के समापन समारोह में भाग लेंगे। इसके पश्चात दोपहर में वह हमीरपुर जिले के झरलोग स्थित ठाकुर गेस्ट हाउस में भोरंज मंडल के सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का शिमला में होगा भव्य स्वागत



**ठियोग।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रदेश दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। मंगलवार को ठियोग में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि पांच जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का शिमला आगमन हो रहा है, जिसे लेकर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शिमला के पीटर हाफ में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद शिमला आने पर यह कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि झूठ का सहारा लेकर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है और प्रदेश की जनता उनकी गारंटियों के बारे में पूछ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो दस गारंटरयां दी थी, उनमें से एक भी पूरी करने में सफल नहीं हुई है और प्रदेश की महिलाएं किसान बागवान बेरोजगार युवक सरकार की झूठी गारंटियों से परेशान है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश में चल रही ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते क्षेत्र सहित पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी खड़ी हो गई है, जिसे केंद्र व प्रदेश सरकार को कदम उठाकर सुलझाना चाहिए।

## सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई जारी

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट में सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आगामी सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई मंगलवार को पूरे दिन हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस पूरी होने के पश्चात इस मामले में निजी तौर पर बनाए प्रतिवादियों की ओर से बहस हो रही है। गौरतलब है कि भाजपा नेता सतपाल सत्ती सहित 12 भाजपा विधायकों ने सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी है। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। बहरहाल याचिका पर आगामी सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी

# 'सिसकियां' के शायर मुनीष 'तन्हा' नहीं रहे, सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, नादौन**

'सिसकियां' से शायरी की दुनिया में चर्चा में शायर मुनीष 'तन्हा' इस जहान-ए-फानी को अलविदा कह गए। अस्सी दशक से अपनी लेखनी की शुरुआत करने वाले तन्हा हिमाचल प्रदेश के नामचीन शायरों में शुमार थे।



सोमवार देर रात को हृदयघात से उन्होंने दम तोड़ दिया। शायर मुनीष 'तन्हा' के आकस्मिक निधन के खबर से साहित्यकारों में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शायर मुनीष 'तन्हा' के निधन पर शोक व्यक्ति किया है। उन्होंने अपने फेसबुक पेज से शोक व्यक्त करने हुए लिखा कि मुनीष 'तन्हा' के निधन से साहित्य जगत को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी भावपूर्ण संवेदनाएं। अस्सी के दशक में पहाड़ी कविताओं से लेखनी की शुरुआत करने वाले मुनीष 'तन्हा' एक बेहतर गजलकार के रूप में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के कई बड़े मुशायरों की शान थे। कई पत्र-पत्रिकाओं में मुनीष की कविताओं व गजलों को प्रकाशन होता रहा। आकशवाणी में भी उन्होंने कई कार्यक्रम किए। उनका 'सिसकियां' नामक गजल संग्रह प्रकाशित हुआ था, जिसे शायरी की दुनिया में बेहद पसंद किया गया था। पहाड़ों में जहां मुनीष पहाड़ी कविताओं की खास शैली और दमदार प्रस्तुति के लिए जाने जाते थे।

मुनीष 'तन्हा' हिंदी के प्रसिद्ध कवि गोपालदास 'नीरज' और उर्दू के प्रसिद्ध शायर बेकल उत्साही के साथ मंच पर प्रस्तुति दे चुके हैं। आज तीनों महानुभूतियां इस दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं। हिमाचल के मशहूर शायर मुनीष 'तन्हा' के निधन पर प्रदेश के साहित्यकारों ने शोक व्यक्त किया है।

### डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने इस माह तैयार होने जा रहे एस्केलेटर का निरीक्षण किया

# जाखू मंदिर तक अब आसानी से पहुंच सकेंगे विकलांग-उम्रदराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जाखू मंदिर के निर्माणाधीन एस्केलेटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जाखू मंदिर का पहला आउटडोर एस्केलेटर इसी महीने बनकर तैयार किया जाएगा। रोपवे कॉरपोरेशन कार्यकारी एजेंसी के तहत काम करते हुए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए दिन-रात कार्य में जुटा है।

48 मीटर लंबे बनने वाले इस एस्केलेटर पर 7.33 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जो टू-स्पैन होगा, जो इसी महीने के अंत तक बनकर तैयार किया जाएगा। शिमला शहर में पिछले कुछ वर्षों में शहर निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों की आबादी में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है, जिससे शहर में सड़कों पर भीड़-भाड़ की समस्या हो गई है। राज्य सरकार शहर में सड़कों पर भीड़-भाड़ नियंत्रित करने के लिए शिमला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत रोपवे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (कार्यकारी एंजेसी) द्वारा रोपवे, एस्केलेटर और लिफ्ट का निर्माण युद्ध स्तर चला हुआ है, जिसमें से एक परियोजना जाखू मंदिर में निर्माणाधीन है। यह शिमला के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों में से एक है जहां पर



जाखू मंदिर में लगाई जा रही एस्केलेटर का निरीक्षण करने पहुंचे मुकेश अग्निहोत्री।

भगवान हनुमान जी की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित है, जो शिमला में आने वाले सभी उम्र के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। सड़क से मंदिर तक जाने के लिए सैकड़ों सीढ़ियों को पार करना होता है, जिससे विकलांग और उम्रदराज श्रद्धालुओं को आने-जाने में समस्या होती थी, जिसको देखते हुए सरकार की ओर से श्रद्धालुओं के आगमन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए एस्केलेटर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें चार एस्केलेटर शामिल हैं, जो कि मंदिर की पार्किंग से मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी की मूर्ति तक यात्रियों को पहुंचने में सुविधा प्रदान करेगा। रोपवे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (कार्यकारी एंजेसी) शिमला में तीन अन्य परियोजनाओं का कार्य निर्माणाधीन भी है, जिसमें पहली परियोजना लक्कड़ बाजार बस स्टैंड से रिज तक लिफ्ट और ट्रैवलेट्र की है, जिसमें एक एस्केलेटर, चार लिफ्ट, रेस्तरां, दो फुट ओवर ब्रिज और पार्किंग शामिल हैं। यह यात्रियों को बिना किसी परेशानी के 70 मीटर की लंबवत ऊंचाई को पार करने में सक्षम बनाता है।

### दूसरी परियोजना में ऑकलैंड से पुलिस चौकी लक्कड़ बाजार तक बनेगी 36 मीटर लंबी लिफ्ट



दूसरी परियोजना ऑकलैंड क्षेत्र से पुलिस चौकी लक्कड़ बाजार तक लिफ्ट की है। यह एक लिफ्ट और एक फुट ओवर ब्रिज के साथ 36 मीटर की लंबवत ऊंचाई से बनने वाली है। तीसरी परियोजना शिमला विकासनगर में लिफ्ट और फुट ओवर ब्रिज है। यह परियोजना विकासनगर से छोटा शिमला तक वाहन यातायात में हस्तक्षेप किए बिना पैदल यात्रियों के लिए एक समर्पित और सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा। यह यात्रियों को बिना किसी परेशानी के 104 मीटर (3 लिफ्ट - 20 व्यक्तियों की क्षमता) की लंबवत ऊंचाई को पार करने में सक्षम बनाता है।

### निर्माणाधीन परियोजनाओं से भी करवाया अवगत

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के शुरू होने से शहरवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों, बुजुर्गों व विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों को आवगमन के लिए बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने इन सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री के साथ रोपवे कॉरपोरेशन के निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक अपने अन्य अधिकारियों के साथ मौजूद थे। कॉरपोरेशन के निदेशक ने शहर में जगह-जगह चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं से भी उपमुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

# स्थायी प्रबंध निदेशक चला रहा बिजली बोर्ड, कार्यप्रणाली प्रभावित

### बिजली बोर्ड कर्मचारियों को दूसरे दिन भी नहीं मिला वेतन



कुमार हाउस स्थित बिजली बोर्ड मुख्यालय में आयोजित गेट मीटिंग में भाग लेते अधिकारी व कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने प्रबंधन वर्ग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

बोर्ड की बिगड़ती वित्तीय हालत को लेकर हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ई-प्लॉइज एंड इंजीनियर के ज्वाइंट फ्रंट के बैनर तले कर्मचारियों ने मुख्यालया के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और बोर्ड की वित्तीय बदहाली के लिए प्रबंधक वर्ग को दोषी ठहराया और बिजली बोर्ड में तुरंत एक स्थायी प्रबंध निदेशक लगाने की मांग की।

इस अवसर पर फ्रंट के संयोजक ई. लोकेश ठाकुर व सहसंयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि बोर्ड पिछले नौ माह से अस्थायी प्रबंध निदेशक से चलाया जा रहा है, जिससे बोर्ड की कार्यप्रणाली प्रभावित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप बोर्ड कर्मचारियों व पेंशनर्स का वेतन व पेंशन पहली जनवरी को नहीं मिल पाई।

फ्रंट के नेतृत्व ने कहा कि आज इस बिजली बोर्ड से 50 हजार परिवार जुड़े हैं और वर्तमान के प्रबंध निदेशक की कार्यप्रणाली का खामियाजा इनके परिवार को भुगतना पड़ रहा है। बोर्ड की स्थिति यह है कि जनवरी माह के दूसरे दिन भर कर्मियों को वेतन नहीं मिला है।

### पुरानी पेंशन की बहाली में देरी को लेकर चिंता

धरना-प्रदर्शन से पहले प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, इ-प्लॉइज एंड इंजीनियर के ज्वाइंट फ्रंट के राज्य पदाधिकारियों की बैठक कुमार हाउस में हुई। फ्रंट में बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन की बहाली में देरी पर चिंता जताई और इसे शिघ्र लागू करने की मांग की है। फ्रंट का कहना है कि बिजली बोर्ड में सीसीएस पेंशन रुल 1972 राज्य सरकार की तर्ज पर लागू किए गए हैं।

### मांगें नहीं मानी, तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन

यूनियन व फ्रंट ने सरकार को चेताया कि यदि प्रदेश सरकार मांगों का निवारण समय रहते नहीं करती है, तो फ्रंट राज्यव्यापी आंदोलन का आगाज छह जनवरी को जिला ऊना से करेगा, जिसमें बिजली बोर्ड के पेंशनर्स फोरम व अन्य पेंशन संगठन भी शामिल रहेंगे। फ्रंट ने जताया कि जबतक बिजली कर्मचारियों व पैंशनर्स के वेतन व पेंशन की अदायगी नहीं होती, तब तक भोजन अवकाश दौरान बिजली कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

# पेट्रोल पंपों में लगा जाम, लोगों में हाहाकार

### शिमला में नहीं हुई पेट्रोल की सप्लाई , तीन पेट्रोल पंपों में ही मिला तेल, पेट्रोल पंप के बाहर लगी रही वाहनों की कतारें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिट एंड रन मामलों को लेकर मोटर वाहन अधिनियम में किए गए संशोधन के खिलाफ शिमला में भी ट्रक और बस ऑपरेटरों ने हड़ताल शुरू कर दी है।

बुधवार को शिमला में तेल की सप्लाई न आने से पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल के लिए गाड़ियों की लंबी लाइनें लगी रहीं। बाहर राज्य से घूमने आए सैलानियों को घर लौटने के लिए वाहन ईंधन नहीं मिल रहा है। कम स्टॉक होने के कारण पंपों पर पर्याप्त तेल नहीं मिल रहा है। शिमला के 12 पेट्रोल पंपों में से 9 पेट्रोल पंप में लोगों को पेट्रोल नहीं मिल रहा है। शहर के केवल तीन पेट्रोल पंप में ही तेल की आपूर्ति हो पा रही है, जिससे लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां पर पर्यटकों को सबसे ज्यादा दिक्कतें

- 12 पेट्रोल पंपों में से 9 में लोगों को नहीं मिल रहा पेट्रोल
- घूमने आए सैलानियों को लौटने के लिए नहीं मिला वाहन ईंधन
- दो दिन में सप्लाई नहीं आती तो सरकारी बसें भी होंगी खड़ी



शिमला के ओल्ड बैरियर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल व डीजल भरवाने के लिए कतार में खड़े लोग।

हुईं। पर्यटकों की गाड़ी में तेल न होने के चलते पर्यटकों को राजधानी में ही रुकना पड़ा। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के ज्यादातर डिपों में भी तेल की किल्लत हो गई है। कई डिपों में नाममात्र स्टॉक बचा है। अगर एक-दो दिन में सप्लाई नहीं आती है, तो सरकारी बसें भी खड़ी हो जाएंगी। तेल की कमी के चलते परिवहन निगम मंगलवार से रूटों को क्लब कर रहा है। यानी की जिस रूट पर पहले दो बसें चलती थी, वहां एक ही चलाई जा सकती हैं, ताकि तेल की बचत हो।

शिमला में सुबह के समय डीजल-पेट्रोल पंपों में लाइनें लगी रहीं। कुछ पेट्रोल पंप तो खाली ही दिखे, लेकिन जिसमें पेट्रोल बचा भी था उसमें गाड़ियों की लाइनें लगी रहीं। केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन कानून में किए गए संशोधन का देश भर के ट्रक ऑपरेटर विरोध कर रहे हैं और ट्रक ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं।

### राजधानी में पेट्रोल पंपों के बाहर लगा जाम

राजधानी में जिन पेट्रोल पंप में तेल था, उसके बाहर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। इस दौरान पेट्रोल भराने वाले लोगों को दिक्कतें हुईं, लेकिन जिन लोगों की गाड़ियों में तेल था वह गाड़ी भी जाम में फंसी रही। लांग रूट वाले वाहन कई घंटों तक जाम में फंसे रहे।

### क्या कहते हैं लोग

स्थानीय लोग सुभाष वर्मा, बबलु, सुनील कपिल आदि ने कहा कि पेट्रोल की कमी के चलते लोगों को काफी दिक्कतें हुईं। सुबह के समय जब लोगों ने किसी आपातकालीन स्थीति में जाना था, तो पेट्रोल न होने से नहीं जा पाए। पेट्रोल पंप में लाइनों में घंटों बाद नंबर आया। शिमला में पेट्रोल की प्रोपर सप्लाई होनी चाहिए।

> फिलहाल उनके पास पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। बीती रात ही 12 हजार लीटर का टैंकर पहुंचा है और फिलहाल सभी को बिना किसी लिमिट के तेल दिया जा रहा है।
>
> **जगदीश शर्मा, ऑफिस मैनेजर एचपी पेट्रोलियम शिमला।**

# राजधानी में न्यूनतम रिजर्व बनाए रखें पेट्रोल पंप ऑपरेटर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने आदेश जारी कर बताया कि ट्रक चालकों की हड़ताल के दृष्टिगत जिले के पेट्रोल पंप ऑपरेटरों को आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए पेट्रोल-डीजल का रिजर्व बनाए रखना आवश्यक है, ताकि हड़ताल के कारण पेट्रोल-डीजल आपूर्ति की संभावित कमी के दृष्टिगत आपातकालीन एवं आवश्यक सेवा पर असर न पड़े।

पेट्रोल पंप ऑपरेटरों को 25 हजार लीटर से अधिक भंडारण क्षमता के पेट्रोल पंप में तीन हजार लीटर डीजल और दो हजार लीटर पेट्रोल तथा 25 हजार लीटर से कम भंडारण क्षमता के पेट्रोल पंप में दो हजार लीटर डीजल और एक हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व रखना आवश्यक है। कोई भी डीलर एक समय में 10 लीटर से अधिक रिफलिंग न करें। अति आवश्यक

- पेट्रोल-डीजल को किसी भी प्रकार के कंटेनर में भर कर ले जाने की अनुमति नहीं
- डीलर एक समय में 10 लीटर से अधिक रिफलिंग न करें

होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम की अनुमति आवश्यक होगी। पेट्रोल-डीजल को किसी भी प्रकार की कंटेनर में भर कर ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

आपातकालीन वाहनों और सार्वजनिक परिवहन को तेल भरवाने में प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवधि के दौरान पेट्रोल और डीजल की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ाई से निपटा जाएगा। आदेश का उल्लघंन करने वालों पर प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश 1977 की धारा 3(1)(सी) के अनुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नगर निगम प्रशासन आज से ड्रोन से करवाएगा झोपड़ियों का सर्वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

निगम प्रशासन आज से शहर में ड्रोन से झोपड़ियों का सर्वे करवाएगा। प्रशासन झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने की तैयारी में है। इसको लेकर प्रशासन अब प्रक्रियां पूरी करने जा रहा है।

वर्ष 1974 से पहले शहरी क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को 37 वर्ग मीटर जमीन का मालिकाना हक मिलेगा। शहरी विकास विभाग ने नियम अधिसूचित कर दिए हैं। अब उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित होगी। पात्र लोग मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकेंगे। अगर लोगों ने ज्यादा जमीन कब्जाई है, तो उसे सरकार वापस लेगी। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वालों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, जिनकी सालाना आय तीन लाख रुपए से कम होगी। उन्हें यह अधिकार मिलेगा। कमेटी स्लम एरिया तय करेगी।

नियमों के मुताबिक बिजली, पानी और सैनिटाइजेशन आदि की व्यवस्था देखी जाएगी। सरकार के इस फैसले का हजारों लोगों को फायदा होगा। इसके लिए निगम शिमला आज यानी बुधवार से शहर में ड्रोन से सर्वे करने जा रहे हैं। इस सर्वे के अनुसार पूरे शहर की झुगी झौंपड़ियों की सूची तैयार की जाएगी। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने ज्यादा जमीन हथ्याई है, उसे भी निगम वापस लेगा। ड्रोन से पूरे शहर का सर्वे नगर निगम ने शुरू कर दिया है।

> आज से हम पूरे शहर का सर्वे ड्रोन से करने वाले हैं। इससे हम अवैध निर्माण करने वालों पर नजर रखेंगे साथ ही जो लोग झोपड़ियों में 1974 से रह रहे हैं, उन्हें मालिकाना हक देने के लिए भी इसी से रिपोर्ट तैयार की जानी है। इसको लेकर अब कार्य शुरू हो गया है।
>
> **भूपेंद्र अत्री, आयुक्त नगर निगम शिमला।**



शिमला के रिज मैदान पर मंगलवार को गर्म कपड़े ओढ़ टहलते पर्यटक।

### आज पूरा दिन नहीं चलेंगी निजी बसें

**शिमला।** राजधानी में आज यानी बुधवार को निजी बसे नहीं चलेंगी। ऐसे में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

किसी भी रूट पर कोई निजी बस नहीं जाएगी। ऐसे में अब सारा जिम्मा एचआरटीसी की बसों पर ही रहेगा। निजी बस चालकों ने रन एंड हिट कानून का विरोध किया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने बिना सोचे समझे यह कानून बना दिया है। कई बार बिना गलती के हादसा हो जाते हैं। ऐसे में यदि चालक वहीं खड़ा रहता है, तो चालक को भीड़ मार भी सकती है। हालांकि चालकों का यह भी कहना है कि यह कानून भी सही है, लेकिन इसमें सजा का प्रावधान बहुत ज्यादा है।

### चेतन बरागटा ने हाटी समुदाय को दी बधाई

# आनन-फानन में एसटी का दर्जा दिए जाने की अधिसूचना की जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राष्ट्रपति की ओर से हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने वाला कानून पास होने के बाद भी उसे पांच महीनें तक लटकाए रखना प्रदेश कांग्रेस सरकार की हाटी समुदाय के प्रति नकारात्मक सोच को प्रदर्शित करता है।

यह बात प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही, जब केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश सरकार को इस मामले में फटकार लगी तो, आनन-फानन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार अधिसूचना जारी कर दी। चेतन बरागटा ने हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने की अधिसूचना जारी होने पर सभी को बधाई दी, छह दशक से ज्यादा लंबी लड़ाई आज निर्णायक स्थिति में पहुंची और हाटी समुदाय को उनका हक मिला। हाटी समुदाय को जनजातीय घोषित करने से इस क्षेत्र के अढ़ाई लाख लोग लाभान्वित होंगे। हाटी समुदाय को उनका हक दिलाने में प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का विशेष योगदान रहा।


**आमद** लक्कड़ बाजार के ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में इस सीजन का ट्रायल रहा सफल

# राजधानी में स्केटिंग के प्रति बढ़ रहा पर्यटकों का रुझान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के 1920 में बने ऐतिहासिक स्केटिंग रिंक में पर्यटकों की आमद दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बच्चों से लेकर बड़ों तक स्केटिंग का रुझान देखने को मिल रहा है। पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी स्केटिंग का लुत्फ उठाते हुए दिख रहे हैं।

शिमला के लक्कड़ बाजार के ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में इस सीजन का ट्रायल सफल रहा। इसके साथ ही रिंक पर स्केटिंग सीजन भी शुरू हो गया है। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के पदाधिकारियों ने अंग्रेजों के समय बने इस प्राकृतिक रूप से बर्फ जमाए जाने वाले रिंक में ट्रायल आयोजित किया गया, जिससे 100 साल का इतिहास समेटे रिंक



लक्कड़ बाजार के ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में स्केटर्स स्केटिंग करते हुए। (फोटो- प्रदीप कुमार)

चर्चा का केंद्र बनता जा रहा है। मंगलवार सुबह आठ से दस बजे तक बड़ी संख्या में स्केटर्स ने रिंक पहुंचकर स्केटिंग का आनंद लिया। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के सदस्यो ने स्केटिंग रिंक को बनवाया। इससे रिंक की शोभा और भी बढ़ गई है। स्केटर इन दोनों प्रस्ताविक कार्निवाल में होने वाली गतिविधियों के लिए अभ्यास करने में जुट गए हैं। यहां डांस ऑन आइस, फैंसी ड्रेस के साथ कई तरह की गतिविधियां आयोजित की जानी है। करीब 107 स्केटर्स ने सदस्यता ले ली है, पर्यटक भी काफी संख्या में देखने को मिल रहे हैं।

### भारी मात्रा में स्केटिंग रिंक में आ रहे पर्यटक

शिमला का यह ऐतिहासिक रिंक पर्यटकों को लुभाते जा रहा है। भारी मात्रा में पर्यटक यहां पर आ रहे हैं और स्केटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। स्केटिंग रिंक में अब सुबह-शाम दोनों सेशन होने शुरू हो गए हैं, जिस वजह से आवाजाही दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हालांकि इस साल स्केटिंग थोड़ी देरी से शुरू हुई, लेकिन इसका स्केटिंग प्रेमियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। आमद लगातार बढ़ती जा रही है। स्केटिंग रिंक में अब आइस स्केटिंग कंपटीशन भी होंगे। पिछले साल के मुताबिक इस साल स्केटिंग रिंक में ज्यादा सेशन होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रदेश सरकार विश्वविद्यालय की जमीन हड़पना करे बंद : आकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश सरकार की ओर से जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाए जाने का विद्यार्थी परिषद स्वागत करती है, जिस कारण प्रदेश में एक या दो स्थानों में आ रहे पर्यटकों को अन्य विकल्प मिलेगा और पूरा हिमाचल पर्यटन की दृष्टि से तरक्की करेगा।

बनखंडी में प्रस्तावित चिड़िया घर के लिए पालमपुर स्थित गोपालपुर के चिड़िया घर से वन्य प्राणियों को वहां शिफ्ट करने का निर्णय तो कभी टूरिजम विलेज के लिए 100 एकड़ यानि 2600 कनाल जमीन कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से लेने का निर्णय लिया जा रहा है।

एबीवीपी इस निर्णय का कड़ा विरोध करती है हम देखते हैं कि हिमाचल के अंदर चाहे वह केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला की बात की जाए चाहे, वह हिमाचल का दूसरा प्रदेश विश्वविद्यालय सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की बात की जाए, जब से नई सरकार आई है उस समय से ही सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा घटना व केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए 30 करोड़ की धनराशि प्रदेश सरकार की ओर से न देना कहीं न कहीं प्रदेश की सरकार का हिमाचल की शिक्षण संस्थानों के लिए नकारात्मक रवैया दिख रहा है। चाहे कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के लिए विधेयक पारित करने की बात करें।

### कृषि के क्षेत्र में किस प्रकार किए जाएं नए प्रयोग

हम सभी जानते हैं कि विश्वविद्यालय की 100 एकड़ जमीन को टूरिज्म विलेज के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय से लेने का निर्णय लिया जा रहा है, विद्यार्थी परिषद प्रदेश सरकार को यह बताना चाहती है कि यह जमीन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को साइंटिस्ट व शोधार्थियों के शोध के काम में आने वाली जमीन है, जिसके कारण कृषि के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किस प्रकार से किए जाएं।

### दूसरे दिन ट्रक ऑपरेटर्स की हड़ताल का दिखा असर; जरूरी सामान की भी होने लगी किल्लत, लोग परेशान

# कही पेट्रोल नहीं, तो कही लगी लंबी लाइनें

**30** प्रतिशत ड्राइवरों की कमी। ऑपरेटर्स ने कहा-इस तरह के कानून से ड्राइवरों की और कमी बढ़ेगी। सरकार चालकों पर ध्यान नहीं दे रही।

**2023** एक्सीडेंट में दोषी वाहन चालकों को दस साल की सजा का प्रावधान, जो परिवहन उद्योग को खतरे में डाल रहा।

**88** बस रूट हैं, परंतु बसों में बैठने के लिए मंगलवार को सवारियों की कमी देखने को मिली।

**अमर सिंह, पालमपुर**

यातायात कानून मे हुए बदलाव के विरोध मे हड़ताल पर गए ड्राइवर बिरादरी के चलते आम आदमी को जरूरी सामान को लेकर परेशानी होना शुरू हो गई है। आए दिन बाहरी राज्य से आने वाली दूध, दवाइयां और कई अन्य तरह से सामान अब पहाड़ मे धीरे-धीरे मिलना बंद हो रहे है या फिर महंगे मिलने लगे है।

इससे आम आदमी को काफी दिक्कतों का सामना करना पद रहा है। गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपए तक का जुर्माना और दस साल तक कैद का प्रावधान है। इस संशोधन का ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने भी विरोध किया है। (एआईएमटीसी) के अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने कहा कि यह नियम आने के बाद भारी वाहन चालक अपनी नौकरियां छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में एक्सिडेंट में दोषी वाहन चालकों को दस साल की सजा का प्रावधान है, जो कि हमारे परिवहन उद्योग को खतरे में डाल रहा है। भारत की सड़क परिवहन बिरादरी भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत हिट एंड रन के मामलों पर प्रस्तावित कानून के तहत कठोर प्रावधानों के संबंध में सहमति नहीं जताती है। हिट एंड रन पर नए कानून में ऐसा क्या, जिसने उड़ाए ड्राइवरों के होश। एआईएमटीसी के अनुसार, कानून में संशोधन से पहले स्टेक होल्डर्स से सुझाव नहीं लिए गए, प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने बताया कि देशभर में पहले से ही 25-30 प्रतिशत ड्राइवरों की कमी है और तरह के कानून से ड्राइवरों की और कमी बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों की परेशानी की तरफ सरकार का ध्यान नहीं है। वहीं, एआईएमटीसी का कहना है कि देश में एक्सिडेंट इंवेस्टिगेशन प्रोटोकॉल का अभाव है। इसके कारण मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो पाती और ड्राइवर को दोषी करार दिया जाता है। हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की सप्लाई नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी। (अनंत ज्ञान)



नगरोटा बगवां में हड़ताल करते हुए ट्रक आपरेटर्स।



पालमपुर में पेट्रोल भरवाने के लिए लगी वाहन चालकों की भीड़।



नगरोटा बगवां के एक पेट्रोल पंप में पेट्रोल के लिए आपस में उलझते लोग।

## बोतलों में तेल देने पर भड़के लोग

**सोमवार** की भांति मंगलवार को भी जिला भर के सभी 65 के 65 पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही तेल भरवाने वालों की लंबी-लंबी लाइनें लगी देखी गई। कई पंपों पर तेल भरवाने को लेकर लोगों में बहसबाजी भी देखी गई। कई पंप वालों ने बोतलों में लोगों को तेल दिया तो कईयों ने बोतलों में तेल देने से पूरी तरह मना कर दिया। इसके चलते कई पंपों पर लोगों में बहसबाजी भी होती देखी गई।

## रेस्ट न मिलने पर बंद रख रहे पंप

**द** पठानकोट डीजल/पेट्रोल डीलर एसोसिएशन के प्रधान हर्ष महाजन का कहना है कि जिले के सभी 65 पेट्रोल पंपों पर तेल है। लेकिन, लोगों का एक साथ जमावड़ा होने के कारण कर्मियों को बिलकुल भी रेस्ट नहीं मिल रही। इस कारण कई पेट्रोल पंप संचालक कुछ समय के लिए पंप को बंद रख रहे हैं।

## पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा डॉक्टर निपुण जिंदल ने ट्रक चालकों की हड़ताल के दृष्टिगत जिले के पेट्रोल पंप्स ऑपरेटर्स को आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए पेट्रोल- डीजल का न्यूनतम रिजर्व बनाए रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने हड़ताल के कारण जिले में पेट्रोल डीजल आपूर्ति की संभावित कमी और आपातकालीन तथा आवश्यक सेवाओं पर उसके असर को देखते हुए यह आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा आदेश में यह भी हिदायत दी गई है कि कोई भी डीलर एक समय में दस लीटर से अधिक रिफिलिंग न करें। अतिआवश्यक होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम की पूर्व मंजूरी आवश्यक होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर हिमाचल प्रदेश होर्डिंग और प्रॉफिटियरिंग प्रवर्तन आदेश 1977 की धारा 3(1) (सी) के अनुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस के पहरे में मिल रहा पेट्रोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में चालकों की हड़ताल से पेट्रोल और डीजल को लेकर लोगों में मंगलवार सुबह से होड़ नजर आई। इस दौरान पेट्रोल पंप के दोनों ओर की सड़क पर लंबे जाम की स्थिति पैदा हो गई तथा यातायात को सुचारू रखने के लिए पुलिस को मोर्चा संभलना पड़ा। आलम ये कि स्थानीय लोगों व पर्यटकों को पेट्रोल तथा डीजल के लिए परेशान होकर भटकना पड़ रहा है।

धर्मशाला के आसपास के कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो चुका है। जबकि सोमवार रात के आंकड़ों के अनुसार कांगड़ा जिला के कुल 120 में से 5 पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके थे। धर्मशाला के पेट्रोल पंप में दो पहिया वाहनों को 200 और चार पहिया वाहनों को 1000 रुपए का पेट्रोल मिल रहा है। वहीं पेट्रोल भरवाने की होड़ तथा किल्लत की आशंका के चलते, जिसके चलते लंबा जाम लग गया। इसके बाद पर्यटन नगरी में लंबे जाम को देखते हुए प्रशासन भी एलर्ट हो गया तथा मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया। इसके अलावा एंबुलेंस तथा फायर ब्रिगेड के वाहनों में संबधित एसडीएम के आदेशों के तहत इंधन प्राथमिकता के आधार पर भरने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं, प्रशासन के आदेशों में कहा गया है कि कोई भी पेट्रोल संचालक पेट्रोल की होल्डिंग तथा ब्लैक करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई को अंजाम दिया जाएगा। इसके अलावा इन हालातों में पैट्रोल पंप संचालकों को क्षमता के हिसाब से 3000 लीटर डीजल तथा 2000 लीटर पेट्रोल तथा कुछ के लिए 2000 लीटर डीजल तथा 1000 लीटर पेट्रोल रिजर्व रखने के निदेर्श दिए गए हैं।



धर्मशाला में पेट्रोल भरवाने को सड़क पर लंबा जाम।

## चामुंडा में पेट्रोल भरवाने के लिए लगी भीड़



**चामुंडा।** श्री चामुंडा मंदिर के साथ डाढ़ चामुंडा फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के बाहर पेट्रोल-डीजल न मिलने के कारण लगी गाड़ियों-कारो, बाइक बालों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। जैसे कि सभी को पता है कि देश में एक मोटर अधिनियम के तहत नया कानून लाया जा रहा है। इसमें ड्राइवर चालक को वाहन चालक को गाड़ी दुर्घटना होने पर तीन साल की सजा और दस लाख का जुर्माना होना निश्चित किया गया है। उसे कानून के विरोध के चलते ही पूरे भारतवर्ष में चालकों ड्राइवर ने यह अनिश्चित कालीन हड़ताल की है।

## हड़ताल से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत ट्रक ऑपरेटरों की दूसरे दिन की हड़ताल के कारण जहां जन जीवन अस्त व्यस्त हो कर गया है। वहीं, पेट्रोल पंपों के ड्राई हो जाने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठाना पड़ रही है। हड़ताल के कारण आम आदमी पर गहरा असर पड़ता दिखाई देने लगा है। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब लोग मंगलवार को अपने कामों पर नहीं जा सके। वहीं, कार्यालयों में जाने वाले कर्मचारियों को पेट्रोल की कमी के चलते भारी परेशानी से जूझना पड़ सकता ह। हिमाचल पथ परिवहन निगम के डिपो नगरोटा बगवां में एक दिन का डीजल बचा। यदि पेट्रोल पंपों की हड़ताल जारी रही तो नगरोटा बगवां डिपो में बसों के पहिए जाम होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। वहीं, नगरोटा बगवां पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक जोगिंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस डिपो से करीब 88 बस रूट हैं, परंतु बसों में बैठने के लिए मंगलवार को सवारियों की कमी देखने को मिली, रूट पर जाने के लिए जितनी भी सवारियां मिल रही हैं, बस रूट पर भेजी जा रही है। कई बस रूट सवारियां न मिलने से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों के लिए भी बसे भेजी गई है, परंतु सवारियां बहुत कम है। मंगलवार को सुबह निजी टैक्सी एवं ट्रक यूनियन ने बड़ोह चौक एवं कई अन्य जगह हड़ताल कर यातायात को जाम कर दिया। नगरोटा बगवां पुलिस थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने पुलिस दल बल के साथ जम खुलवा कर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने एकत्रित किया पॉलीथिन

**रक्कड़।** राजकीय महाविद्यालय रक्कड़ की एनएसएस इकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने नववर्ष के अवसर पर स्वस्थानी माता मंदिर में माथा टेक कर कीर्तन किया तथा वापसी में पर्यावरण जागरूकता पर रैली निकालते हुए लगभग आठ किलो पॉलीथिन एकत्रित किया। वहीं, ग्रामवासियों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया व बौद्धिक सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर बलवंत सिंह के द्वारा प्राकृतिक खेती के प्रति स्वयंसेवियों को जागरूक किया गया।

### हिमालयन नर्सिंग संस्थान में फ्रेशर पार्टी



हिमालयन नर्सिंग संस्थान लग बालियान में फ्रेशर पार्टी में भाग लेती छात्राएं।

**परागपुर।** हिमालयन नर्सिंग संस्थान लग बालियान में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। उपरोक्त संस्सान की चेयरमैन नीशा ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुए समारोह मे बतौर चीफ गेस्ट डॉक्टर सोनिका शर्मा ने शिरकत की। वहीं, छात्रों ने सांस्कृतिक रगारंग कार्यक्रम में नाटी एवं पंजाबी भांगड़ा, स्किट आदि प्रोग्राम किए गए। इसमें प्रीतिका, शिवाली, साक्षी, तमन्ना, अनुराधा, मानसी, दीक्षा, श्रुति ने भांगड़ा एवं नाटी प्रस्तुत किया।

### सदूं बड़ोह की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के दसवें दिन का मुकाबला सदूं व मलां नगरोटा बीच हुआ। सदूं बड़ोह टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मलां नगरोटा मात्र 127 रन ही बना पाई। इस तरह सदूं बडोह दूसरे दौर के लिए जगह पक्की करने में सफल रही। यह जानकारी मैच टूर्नामेंट संयोजक रिशू कोहली, सौरभ, रजत, विशाल, सुशांत, मुन्नू, अमन व साथियों ने साझा की।

### जास्मिन कबड्डी में राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित




**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पीहड़ी की छात्रा जास्मिन का चयन कबड्डी में अंडर-14 राष्ट्रीय स्तर की खेलों के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 28 जनवरी से एक फरवरी तक आंध्र प्रदेश के कड़प्पा में होगी। डीपीई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जास्मिन 18 जनवरी से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्रा बिलासपुर में कोचिंग कैंप में भाग ले रही है। इसके बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इससे पूरे इलाके में खुशी की लहर है।

### लखदाता ढाटी सांबा छिंज 20 जनवरी को

**डरोह।** लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी की बैठक मेला ग्राउंड में की गई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा ने की। इसमें 20 जनवरी को होने वाले भंडारे के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा द्वारा सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्य बांटे गए। सभी ने इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रण लिया। साथ ही एक ग्रुप फोटो भी लिया गया। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सीटू ने किया ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का समर्थन

**कांगड़ा।** सीटू जिला कमेटी कांगड़ा ने केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के हितों पर कुठारघात करने वाले काले कानून के विरोध में किए जा रहे तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन का समर्थन किया है। जिला सीटू ने केंद्र सरकार से मांग की है कि दुर्घटना की स्थिति में वाहन चालकों के लिए तीन से दस साल तक की जेल व सात लाख रुपए तक जुर्माने की सजा वाले प्रावधान को वापस लिया जाए। प्रेस के नाम जारी नोट में सीटू के जिला सचिव रविंद्र कुमार जिला प्रधान केवल कुमार व जिला वित्त सचिव अशोक कटोच ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में संसद से विपक्ष के सांसदों को निलंबित कर बिना चर्चा के जिस तरह जनता के हितों के खिलाफ बिल पारित किय जा रहे है और जिस प्रकार की सजाओं के प्रावधान किय जा रहे है। वैसा तो अंग्रेजी हकूमत की गुलामी के दौरान भी नहीं हुआ होगा। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने पहले श्रम कानूनों को खत्म किया फिर देश के किसानों के खिलाफ तीन काले कृषि कानून लाए और अब देश में किसी भी तरह का निजी, सरकारी या कमर्शियल वाहन (दोपहिया या चोपहिया) चलाने का लाइसेंस धारक सभी के लिए दस साल तक की जेल और सात लाख रुपए तक जुर्माने का कानून ले कर आए है। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश को एक जेलखाने में बदल देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। इस देश की जनता इन के हर कदम का सड़कों पर उतर कर विरोध कर रही है।

## पेट्रोल पंपों में भीड़ को नियंत्रित करने को बुलानी पड़ी पुलिस



बैजनाथ व पपरोला पंप पर भीड़ को कंट्रोल करती पुलिस।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ व पपरोला तथा आसपास के पेट्रोल पंपों में मंगलवार सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगने आरंभ हो गई थी।

दोपहर बाद दो स्थिति इतनी भयंकर होगी कि पेट्रोल पंपों पर यातायात को सुचारु रूप से नियंत्रित करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी साथ ही पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जब से लोगों को यह भनक लगी है कि ड्राइवर की हड़ताल की वजह से आने वाले समय में डीजल तथा पेट्रोल की भारी किल्लत हो सकती है, तो लोगों ने अपने अपने वाहनों में तेल भरवाने के साथ-साथ बोतलों तथा केनियों में भी तेल भरवा कर अपने घर ले जाना शुरू कर दिया। तेल की किल्लत की वजह से आज बसो के अधिकतर रूट भी प्रभावित हुए इसे लोगों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा।

### बैजनाथ में सुनसान हुए बाजार

**वहीं,** तीन बजे के बाद तो बाजार भी एकदम सुनसान दिखाई दे रहे थे। तेल न मिलने पर बाजारों में भी कम दिखी भीड़। पेट्रोल और डीजल किल्लत को देखते हुए निजी बस चालकों ने भी अपनी बसों को खड़ा कर दिया है। इस कारण बसों में यात्रा करने वाले लोगों के लिए हालात मुश्किल हो गए हैं।

## ढाटी में सावन चौधरी की यादगार में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



मैच खेलने से पहले चीफ गेस्ट संजय चौहान के साथ टीमें सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

महादेव क्लब ढाटी की ओर से पहला स्व. सावन चौधरी यादगार क्रिकेट टूर्नामेंट मोल खड्डु के किनारे ढाटी में करवाया जा रहा है। इसमें लगभग 15 टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 6,100 व उपविजेता टीम को 4,100 रुपए इनाम के रूप में दिए जाएंगे।

साथ ही विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर संजय चौहान ने कहा कि खिलाड़ियों को और क्या-क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं, इस पर विचार जारी है। उन्होंने कहा कि इस बार के एशियन खेलों के आंकड़े हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शा रहे हैं। भारतीय दल ने कुल 107 पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने युवाओं को समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान भी किया। वहीं, अंत में पुरस्कार वितरण करने के पश्चात संजय सिंह चौहान ने सभी से आग्रह किया कि वे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सुलह विधानसभा क्षेत्र में महा अभियान का हिस्सा बनें और अपना योगदान दें।

**कार्यक्रम** | श्रीनिवास रामानुज योजना के तहत एमएलए ने गुम्मर स्कूल के होनहारों को दी सौगात

# विधायक संजय रतन ने 58 छात्रों को बांटे टैबलेट

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

राज्य में श्रीनिवास रामानुज योजना के तहत 10540 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए जाएंगे, ताकि मेधावी विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। यह बात विधायक संजय रतन ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मर दसवीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को टैबलेट वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।

इस अवसर पर 58 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। अपने संबोधन दौरान उन्होंने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं। बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के सभी प्राइमरी स्कूलों को इंग्लिश मीडियम करने और राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने के निर्णय बेहतरीन कदम साबित होंगे। उन्होंने कहा देश और प्रदेश में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जिसमें हर क्षेत्र से संबंधित शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। इससे पहले प्रधानाचार्य जोगिंद्र कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी ज्वालाजी डॉक्टर संजीव शर्मा, उपमंडल पुलिस अधिकारी ज्वालाजी विकास धीमान, तहसील कल्याण अधिकारी आदर्श शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग अनीश ठाकुर आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान होनहारों को सम्मानित करते विधायक संजय रतन।

### विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**इस** अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विधायक संजय रतन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रसंशा की और विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के अपनी ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मर को 11 हजार और राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुम्मर को 5100 देने की घोषणा की।

## कांग्रेस नेता के निधन पर जताया शोक

**डाडासीबा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जसबां परागपुर के पूर्व अध्यक्ष एबं वयोवृद्ध वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर पुनु राम गत सोमवार रात अपनी जीवन यात्रा पूरी करके श्रीप्रभु चरणों में विलीन हो गए है। निधन की जानकारी का पता चलते ही पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के बाइस चैयरमैन सुरेंद्र सिह मनकोटिया, परागपुर ब्लॉक अध्यक्ष कुशल सपेहिया, मलकीत सिंह, वरिंद्र, उपप्रधान अंकु रैल, उपप्रधान नरेश कुमार, टैरस से नेता दलीप सिंह वर्मा, अंजना शर्मा, ममता कटबाल आदि ने गहरा शोक व्यक्ति करते हुए जहां दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया। वहीं भगवान दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करने की कामना की। पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे परिवार के सदस्यों को इस स्थिति से उबरने के लिए पर्याप्त शक्ति प्रदान करें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


ओड़ा पंचायत निवासी तिलक राज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


कुपाडा पंचायत निवासी गोलाराम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते विशाल गुप्ता, प्रवीण जसवाल और मनजीत।


जुलाकड़ी निवासी गुरुचरण बडोत्रा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


चौहान वार्ड निवासी अशद मिर्जा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


परिधिगृह चंबा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पूर्व विधायक पवन नैयर।


जिप सदस्य मनोज कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सेवानिवृत्त इंजीनियर सुरेंद्र कटोच अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


हटनाला वार्ड निवासी धीरज बडियाल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं महासचिव जगदीश हांड़ा व पूर्व पार्षद जितेंद्र सूर्या दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

# डीजल-पेट्रोल की सप्लाई बंद, जनजीवन प्रभावित

## ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल का चंबा में हर वर्ग पर पड़ने लगा असर, लोगों को हुई परेशानी


हड़ताल के चलते मेहता पेट्रोल पंप पर छाया सन्नाटा। फ्री बैठे कर्मी।


नैयर पंप सुल्तानपुर पर लगी वाहनों की कतारें।


हड़ताल के चलते बस अड्डा चंबा में खड़ी निजी व निगम की बसें।

**एमएम डैनियल, चंबा**

ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल के कारण डीजल और पेट्रोल की सप्लाई जहां जिला चंबा में बाधित हुई है, वहीं केंद्र सरकार के इस फरमान ने पूर्ण जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिसे केवल वाहन चालक, यात्री या फिर पंप ऑपरेटर ही नहीं जूझ रहे है बल्कि इसका असर हर हर व्यवसाय पर पड़ना आरंभ हो गया है। वहीं आगामी दो दिनों तक यह ही आलम रहा तो परिवहन बस सेवाओं सहित अन्य वाहन सेवाएं भी थम जाएगी।

जिला चंबा में ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल के कारण डीजल और पेट्रोल की सप्लाई रुक गई है। जहां सोमवार के बाद से पेट्रोल पंपों पर इन दोनों के उपलब्धता में बंदिश है। मंगलवार को यह सकंट ओर भी बढ़ गया। डीजल और पेट्रोल के न मिलने से पेट्रोल पंप को चलाने वालों को घर वापस लौटना पड़ रहा है। इसे पेट्रोल पंप संचालकों ने हड़ताल का असर माना है। यह समस्या सुलझाने के लिए सरकारी स्तर पर बातचीत हो रही है।

वहीं इंडियन आयल पेट्रोल पंप के संचालक सुनील मैहता ने बताया कि सोमवार को ही दोपहर बाद पेट्रोल और डीजल का स्टॉक समाप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि पूरी सप्लाई आने पर भी काम दोबारा शुरू होगा। पंप मालिक देविंद्र महाजन व भूपिंद्र नैय्यर का कहना है कि आपातकालीन स्टॉक ही शेष बचा है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं की डिमांड पूरी करने के तहत पंपों में न पेट्रोल और न ही डीजल उपलब्ध है। वहीं मंगलवार को नैय्यर पेट्रोल पंप पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली। जबकि कई वाहन धारक खाली बोतलों को लेकर पंपों पर पेट्रोल भरवाने पहुंचे।

वहीं पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने से हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम चंबा डिपो को भी कई रूटों पर चलने वाली बसों की संख्या में कटौती करनी पड़ गई। हड़ताल व डीजल की कमी के चलते बस अड्डा चंबा में बसों के काउंटर खाली रहने सहित निजी व निगम की बसे अड्डे के एक तरफ खड़ी दिखी। जिससे रोजमर्रा सफर करने वाले यात्रियों को अपने गंतव्यों स्थलों पर पहुंचने के परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### स्टॉक हुआ कम

इस बारे में पथ परिवहन निगम चंबा डिपो आरएम शुगल सिंह ने बताया कि जिन रूटों पर तीन से चार बसें भेजी जाती थी उन की कटौती की गई है। जबकि लंबी दूरी की बसों को भेजने से पूर्व रास्ते में पड़ने वाले डिपो से अपडेट लेकर ही बसों को रवाना किया जा रहा है। चंबा डिपो में डीजल का स्टॉक बहुत कम रह गया है। जिसके खत्म होने पर मुश्किलें ओर भी बढ़ सकती है।

# चुवाड़ी में दिनभर लगाते रहे पंपों के चक्कर

## काम पर नहीं पहुंच पाए दिहाड़ी-मजदूरी करने वाले लोग, वाहन चालक परेशान


चुवाड़ी बस अड्डे पर खड़ी गाड़ियां।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

उपमंडल चुवाड़ी में हड़ताल के कारण जहां जन जीवन अस्त व्यस्त हो कर गया है, वहीं पेट्रोल पंपों के ड्राई हो जाने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठाना पड़ रही है। हड़ताल के कारण आम आदमी पर गहरा असर पड़ता दिखाई देने लगा है।

दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब लोग मंगलवार को अपने कामों पर नहीं जा सके, वहीं कार्यालयों में जाने वाले कर्मचारियों को पेट्रोल की कमी के चलते भारी परेशानी से जूझना पड़ सकता है। गौर हो कि देश भर से मिल रहे समाचारों पर ध्यान दें तो इस हड़ताल का कब अंत होगा कोई भी संकेत नहीं दिखाई देते। मंगलवार को क्षेत्र के पेट्रोल पंप ड्राई हो जाने से वाहन चालक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाते हुए खाली हाथ लौटने को मजबूर हो गए। हिमाचल पथ परिवहन निगम के पास एक दिन का डीजल बचा।

यदि पेट्रोल पंपों की हड़ताल जारी रही तो चंबा डिपो में बसों के पहिए जाम होने का अंदेशा लगाया जा रहा है।

उधर चंबा पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह ने बताया कि चुवाड़ी डिपो से करीब 70 से 80 बस रूट हैं परंतु बसों में बैठने के लिए मंगलवार को सवारियों की कमी देखने को मिली ,रूट पर जाने के लिए जितनी भी सवारियां मिल रही हैं ,बस रूट पर भेजी जा रही है। कई बस रूट सवारियां न मिलने से प्रभावित हुए हैं। दूसरे राज्यों के लिए भी बसे भेजी गई है,परंतु सवारियां बहुत कम है। (अनंत ज्ञान)

### डलहौजी में थमे वाहनों के पहिये

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो चुका है और अगर कहीं पेट्रोल है भी तो वहां ब्लैक में बेचा जा रहा है। डलहौजी में पेट्रोल न मिलने से कई गाड़ियों के पहिये थम गए है। कुल मिलाकर जिला में पेट्रोल को लेकर दशा दयनीय होती जा रही है अगर यह हड़ताल खत्म नहीं होती है तो जिला भर में गाड़ियों के पहिये थम जाएंगे। बताते चलें कि हिट एंड रन के मामले में 10 साल की सजा एवं सजा के प्रावधान को लेकर प्रदेश के तमाम ट्रांसपोर्टर हड़ताल पर चले गए हैं। इसका प्रभाव देखने को साफ तौर पर मिल रहा है। प्रदेश में लगभग 3500 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो चुका है। सड़कों पर चल रहे वाहनों के पहिये थमने की कगार पर हैं। पेट्रोल और डीजल को लेकर तमाम जिलों में होड़ सी मची हुई है। कहीं तो पेट्रोल-डीजल को लेकर कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। (अनंत ज्ञान)


पेट्रोल पंप पर लगी गाड़ियों की लाइन।

## चंबा कॉलेज में एनएसएस शिविर 'समर्पण' शुरू

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर समर्पण का शुभारंभ हुआ। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का थीम शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत रहेगा। समारोह में महाविद्यालय के सहायक प्रो. एवं प्राणी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनेश वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. मनेश वर्मा ने कहा कि समुदाय की सेवा के साथ ही व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण होता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश व प्रो. संतोष ने बताया कि यह शिविर सात दिनों तक चलेगा व आठ जनवरी को शिविर का समापन होगा। उन्होंने कहा कि एनएसएस का इतिहास, लक्ष्य, ध्येय, गीत पर अपनी बात रखी। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान को बेहतरीन मौका बताते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

# बाट स्कूल में सालाना समारोह, मेधावी नवाजे


वार्षिक समारोह के दौरान एक छात्र को सम्मानित करते विधायक नीरज नैय्यर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विधायक ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत अधिक महत्व है और अनुशासित लोग ही ऊंचा मुकाम हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ सभ्यता और संस्कार होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक और शिक्षक समय- समय पर विद्यार्थियों का सही मार्गदर्शन करें ताकि वे गलत रास्ते पर न जाएं। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावियों को पुरस्कार बांटे। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता की मांग के अनुसार कहा कि गांव सारा, सतनोग, चिरोड़ी, निचला कलहेल, कलहूनी कालि व डिगर को भविष्य में सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## 6.27 ग्राम चिट्टे के साथ युवक धरा

**डलहौजी।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) चंबा के दल ने डलहौजी-बनीखेत मुख्य मार्ग पर सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे नाकाबंदी की हुई थी। जहां नए साल को लेकर बाहरी सैलानियों की गाड़ियों का शक के आधार पर औचक निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान बनीखेत की तरफ से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर नंबर पीबी 02 डीडब्ल्यू 4724आकर रुकी जिसे चला रहा चालक पुलिस दल को देखकर बुरी तरह से घबरा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.27 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर मादक द्रव्य अधिनियम की धारा के तहत पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी युवक की पहचान 30 वर्षीय रवि पुत्र हिदायत राम गांव व डाकघर राजा सांसी तहसील अजनाला जिला अमृतसर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने की है।

## श्याम को राष्ट्रीय युवा नीति अनुसंधान विभाग का स्टेट को-ऑर्डिनेटर बनाया

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर की तहसील होली के निवासी श्याम ठाकुर को भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा नीति अनुसंधान विभाग का हिमाचल प्रदेश का स्टेट को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। स्टेट को-ऑर्डिनेटर बनाने पर श्याम ठाकुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवास, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अलाबारू, युवा नीति अनुसंधान विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी और हिमाचल प्रदेश के प्रभारी बनीत कंबोज व हिमाचल प्रदेश युवा नीतियां के अध्यक्ष गौरव कटोच का आभार व्यक्त किया है।

इससे पहले श्याम ठाकुर युवा कांग्रेस भरमौर पांगी के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उनके युवा कांग्रेस के कार्यकाल को प्रदेश युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय युवा कांग्रेस भी खूब तारीफ कर चुकी है। स्टेट को-ऑर्डिनेटर बनने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस हाई कमान की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह दिल से स्वागत करते हैं और पूरी ईमानदारी के साथ अपने पद व कर्तव्य का पालन करेंगे। उन्होंने कहा है कि उनका पहला लक्ष्य अप्रैल में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों की जीत निश्चित करना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाए इसके लिए भरपूर प्रयास किए जाएंगे।

# सैनिक विश्राम गृह चंबा में चिकित्सा शिविर पांच को

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कैप्टन अनुमेहा पराशर सेवानिवृत्त, उपनिदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने जानकारी दी है कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य चेकअप के लिए पांच जनवरी को जिला सैनिक विश्राम गृह चंबा में व नौ जनवरी को जिला सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में चिकित्सा कैंप स्टेशन हैडक्वाटर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें कर्नल एस काने, डॉ. वाईडी शर्मा सीएमओ, लाभ सिंह, सुदर्शन कुमार, जोगिंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे।

कैप्टन अनुमेहा पराशर ने बताया कि जिन्होंने खून व शुगर की जांच करवानी है वे खाली पेट आएं। उन्होंने समस्त भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों से आग्रह किया है कि वे सभी इस कैंप में उपस्थित हो कर अपना चेकअप करवा कर दवाइयां ले सकते हैं।

**उद्घाटन** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया लोकार्पण, 38 लाख से हुआ निर्माण

# धुलारा स्कूल को मिला विज्ञान प्रयोगशाला भवन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मंगलवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत शहीद जगदीश चंद की स्मृति में 89 लाख की राशि से निर्मित होने वाले वासा मोड़-घट्टा संपर्क सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने इससे पहले धुलारा से गांव मल्हेत्रा के लिए 90 लाख की लागत से निर्मित होने वाले संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुलारा के परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत 38 लाख रुपए की राशि से भारत संचार निगम द्वारा नवनिर्मित एक भव्य विज्ञान प्रयोगशाला भवन का विधिवत लोकार्पण किया। विज्ञान प्रयोगशाला भवन के निर्मित होने से विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा उपलब्ध होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान विद्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। वासा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कीर्ति चक्र विजेता शहीद जगदीश चंद की शहादत को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को वासा मोड़- घट्टा संपर्क सड़क को तय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने शहीद जगदीश चंद के पुत्र को सम्मानित भी किया।


विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते ग्रामीण।

### धुलारा स्कूल के होनहार नवाजे

**चुवाड़ी।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुलारा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अतिरिक्त स्कूल भवन निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने अगले पांच-छह माह की समय सीमा के भीतर 50 किलोमीटर से अधिक संपर्क सड़कों के निर्माण कार्यों को पूरा करने की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 21000 की धनराशि देने का ऐलान भी किया।


धुलारा स्कूल के सालाना समारोह में छात्रों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि।

# भरमौर की 24 पंचायतों के लोगों को भी एसटी का दर्जा दिया जाए

**ओपी शर्मा, भरमौर**

ब्रेही के दुरकुंड से धर्मशाला टनल निर्माण को लेकर लोग एकजुट होने लगे हैं। विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली गैर जनजातीय पंचायतों में एक बार फिर से अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को जनमत जुटाने के लिए बाकायदा सोशल मीडिया पर एक ग्रुप भी बनाया गया है। गैर जनजातिय क्षेत्र संघर्ष समिति के नाम से बनाए गए इस ग्रुप में लोगों के विचारों को परखा जा रहा है। गैर जनजातीय क्षेत्र संघर्ष समिति का कहना है कि जिस तरह से हाटी समुदाय के लोगों को जनजातीय का दर्जा दिया गया है। ठीक उसी तर्ज पर विधानसभा क्षेत्र भरमौर की 24 पंचायतों के लोगों को भी एसटी का दर्जा दिया जाए। गौरततलव है विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली 24 पंचायतों को यहां पर जनजातीय का दर्जा नहीं दिया गया है। यही नहीं इन 24 पंचायतों के लोग विधानसभा क्षेत्र का चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। क्योंकि भरमौर विधानसभा की यह सीट अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए आरक्षित रखी गई है। लिहाजा अनुसूचित जनजाति का दर्जन नहीं मिलने के कारण इन 24 पंचायतों के लोग कभी भी विधानसभा नहीं जा सकते हैं। लिहाजा भविष्य में होने वाले परिसीमन को लेकर यहां के लोगों ने इस क्षेत्र को अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए जन आंदोलन और जनमत जुटाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे



अधिवक्ता केएल ठाकुर उर्फ बबलू वकील ने कहा है कि वर्ष 1950-55 में जब बंदोवस्त हुआ था तो उस समय गैर जनजातीय क्षेत्र के लोगों की जाती के आगे गद्दी शब्द नहीं लिखा गया है जो गलती से छूट गया है उसे दरुस्त किया जाएगा। जिस से पहले यहां के लोगों को गद्दी जनजाति का प्रमाण पत्र मिलेगा और फिर इस क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा मिलेगा। उन्होंने बताया कि वह इस विषय पर पिछले 12-15 वर्षों से काम कर रहे है और एक अच्छा रिकॉर्ड उनके पास उपलब्ध हो चुका है। यदि सरकार इस मामले को सही परिणाम तक नहीं पहुंचाती है तो वह माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने इस मांग को पूरा करने के लिए आने वाले ग्राम सभा में सभी गैर जनजाति क्षेत्र की पंचायतों से प्रस्ताव पारित करने का आह्वान भी किया है

# विंटर कार्निवाल में सांस्कृतिक झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

## झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, तस्वीरें मोबाइल में कैद करते नजर आए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मनाली में मंगलवार से शुरू हुए राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के मौके पर विभिन्न महिला मंडलों की ओर से निकाली गई सांस्कृतिक झांकियां स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। परिधि गृह से मालरोड तक महिला मंडलों और सांस्कृतिक दलों ने झांकियां निकालीं, जिनके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण सहित स्थानीय व हिमाचल की संस्कृति, पहनावे, खान पान के संरक्षण को लेकर जागरूक किया। झांकियों में 250 महिला मंडलों, लगभग 22 सांस्कृतिक दलों और सरकारी विभागों ने भाग लिया। मालरोड में हिमाचल की ठेठ पहाड़ी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती और सामाजिक जागरूकता का संदेश देती भव्य सांस्कृतिक झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मालरोड के दोनों ओर पर्यटक और स्थानीय लोग झांकियों की तस्वीरें मोबाइल में कैद करते नजर आए।









झांकी के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध अटल रोहतांग टनल के बारे में जानकारी देते हुए।




निकाली गई झांकी जिसके माध्यम से स्थानीय पहनावे व काष्ठकुणी शैली के घरों बारे जानकारी दी गई।

# भुवनेश्वर गौड़ सबसे शरीफ विधायक : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू ( मनाली )**

पर्यटन नगरी मनाली में मंगलवार से शुरू हुए राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में मुख्यातिथि पहुंचे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ की पीठ थपथपा गए। कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर मनुरंगशाला से जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विंटर कार्निवाल के तमाम इंतजामों की सराहना करते हुए कहा कि विंटर कार्निवाल को लेकर बहुत अच्छे प्रयास किये गए हैं, जिसके लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ बधाई के पात्र हैं।

वहीं उन्होंने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक सबसे शरीफ है और ईमानदार हैं। लिहाजा, मुख्यमंत्री की इस तारीफ के बाद मनाली के विधायक का कद बढ़ गया है और इससे मुख्यमंत्री ने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ की सरकार में अच्छी पैठ होने के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ मनाली विधानसभा क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं विन्टर कॉनिवाल का सफल आयोजन इसका उदाहरण है, जिसको लेकर उन्होंने मंच से विधायक की तारीफ की है।


मुख्यमंत्री के साथ मंच पर एक ओर बैठे लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह व दूसरी ओर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़।

### विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने जताया आभार

**उधर,** मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मनाली गांव के लिए बाईपास का कार्य इसलिए शुरू नहीं हो पाया है क्योंकि बरसात में ब्यास नदी में आई बाढ़ ने उस क्षेत्र में बहुत नुकसान किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग फिर से रिमेपिंग कर रहा है। जल्द ही सभी औपचारिकता पूरी होते ही काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को मिलने वाली राशि 20 से 25 हजार करने पर सीएम का आभार जताया। पिछले साल 10 से 20 हजार की थी जबकि आज 20 से बढ़ाकर 25 हजार की है। गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग से मनाली विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम छू रहा है। बरसात के कारण हुए नुकसान की भी भरपाई हो रही है। बेघर हुए लोगों को सरकार ने राहत दी है। चौपट हो चुका पर्यटन कारोबार भी सरकार की मदद से पटरी पर लौटने लगा है। गौड़ ने सीएम का आभार जताते हुए कहा कि सीएम ने पर्यटन निगम म पुराने हो चुके मनालसु होटल की जगह भव्य होटल बनाने की बात कही। विधायक ने सोलंग स्की सलोप में नेशनल स्की कप करवाने का आश्वासन देने के लिए खेल मंत्री विक्रमादित्य का आभार जताया।

## आनी में भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार होंगे

**कुल्लू।** मेसर्स इवान सिक्योरिटी फंक्शंस प्राइवेट लिमिटेड शिमला ने सुरक्षा गार्ड के 90, सुरक्षा पर्यवेक्षक के 40 और ह्यूमन रिसोर्स एग्जीक्यूटिव के पांच रिक्त पदों की भर्ती के लिए इस कार्यालय को मांग अधिसूचित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा देवी ने बताया कि उक्त भर्ती हेतु कैंपस साक्षात्कार उपरोजगार कार्यालय आनी में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन तथा आयु 20 से 36 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 12,000 से 25,000 मासिक होगा और रहने के लिए आवास कंपनी द्वारा दिया जाएगा। योग्य पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित छह जनवरी को उपरोजगार कार्यालय आनी में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं हैं तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल पर जाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू 01902222522 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ढालपुर सब-वे के पास लगे हैं कूड़े के ढेर


ढालपुर सबवे के नजदीक लगा कूड़े का ढेर।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

ढालपुर स्थित सब-वे के साथ लगते सड़क पर लगे कूड़े के ढेर से गुजरने वाले राहगीरों को खासी परेशानी हो रही है। मंगलवार को ढालपुर में स्थित सब-वे के नजदीक सड़क पर गत दिवस नालियों की सफाई की गई मगर नालियों को साफ करने के बाद नालियों से निकाले गए कूड़े के ढेर को वहीं छोड़ दिया। कूड़े के ढेर को कहीं ले जाने की बजाय वहीं छोड़ने के कारण लोगों को इन रास्तों से गुजरने में परेशानी हो रही है और साथ ही कूड़े कप खुले में रखने से बदबू भी फेल रही है।

शहर की मुख्य सड़क के पास कूड़े कप यूं ही छोड़ देना संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है। मुख्य सड़क के पास का यह रास्ता ढालपुर स्थित ब्वॉयज स्कूल, शिशामाटी की ओर सब-वे से होते हुए लोअर ढालपुर को जाता है और इन रास्तों से हजारों लोग आवाजाही करते हैं। ऐसे में सफाई कर्मचारियों द्वारा की गई इस लापरवाही से आस पास के लोग खासे परेशान नजर आए। स्थानीय लोग सोहन, राजू, महेश, रोशन लाल और दिनेश का कहना है कि सफाई कर्मचारी अपना काम पूरी तरह से करें और अगर सफाई करते हैं तो उस दौरान निकलने वाले कूड़े को भी उसी वक्त ठिकाने लगाएं ताकि शहर की सुंदरता में कोई आंच न आए।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मनाली में माता हिडिंबा के दरबार में शीश नवाकर राज्य की शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए।

### न्यूज ब्रीफ

## आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने में सरकार असफल : सुरेंद्र शौरी



**बंजार।** बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि आपदा के दौर को छह माह का समय हो चुका है, लेकिन अभी भी आपदा से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए दावों की फाइलें विभिन्न कार्यालयों में धूल फांक रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की फिजूलखर्ची व आर्थिक कुप्रबंधन के कारण प्रदेश आर्थिक संकट के दौर में पहुंच चुका है। प्रदेश की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला दे दे कर यह सरकार 12 माह में 12 हजार करोड़ का ऋण ले चुकी है। सरकार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि अपनी दी हुई गारंटियों को लेकर सरकार जनता के बीच घिरती हुई नजर आ रही है। केंद्र सरकार से मिल रहे बजट व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के उन्नयन की स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर सरकार वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। जनता के बीच अपनी मौजूदगी दिखाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी सरकार व संगठन में वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। पूरे प्रदेश में सड़कों की खराब हुई हालत व ध्वस्त हुए विभिन्न भवनों की मरम्मत व पुनर्निर्माण की ओर सरकार आंखें मूंदे बैठी है। आर्थिक तौर पर प्रदेश को सुदृढ़ बनाने की बात कहने वाली सुक्खू सरकार अपने ही पदाधिकारियों की फिजूलखर्ची रोकने में असमर्थ नजर आ रही है।

## पर्यटन स्थल सिस्सू से उठाया कूड़ा


पर्यटन स्थल सिस्सू से कूड़ा उठाते कामगार।

**कुल्लू (मनाली)।** पर्यटन स्थल सिस्सू में कूड़े-कचरे की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल होने और प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने के बाद लाहुल स्पीति प्रशासन हरकत में आ गया है। अब तस्वीरें वायरल होने के एक दिन बाद प्रशासन ने कूड़े-कचरे के ढेर को उठाकर मनाली पहुंचा दिया है। जानकारी के लाहौल की वादियों को निहारने सिस्सू पहुंचे एक आईएफएस अधिकारी ने यहां पड़े कूड़े-कचरे के ढेर की तस्वीर को सोशल मीडिया में शेयर करते हुए लिखा कि पहाड़ घूमने आने वाले पर्यटकों को क्या कूड़ा अपने साथ वापस नहीं ले जाना चाहिए। इसके बाद इस मामले को प्रिंट मीडिया ने भी प्रमुखता से उठाया। इसकी जानकारी मिलते ही लाहुल-स्पीति प्रशासन हरकत में आया। मनाली से कामगार बुला कर इस कूड़े कचरे के ढेर को मनाली डंपिंग साइट तक पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने सिस्सू हेलीपेड और इसके आसपास से करीब चार वाहन भर कर कूड़ा कचरा उठा कर मनाली पहुंचाया है। जिस पर करीब 40 हजार रुपये खर्च हुए हैं। उधर, एसडीएम एवं जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शर्मा ने कहा कि कूड़े को मनाली डंपिंग साइट पहुंचा दिया गया है। रजनीश शर्मा ने सेलानियों के साथ पर्यटन कारोबारियों से इलाके को स्वच्छ रखने की अपील की है। कहा कि इकोलॉजी के हिसाब से लाहौल घाटी बेहद संवेदनशील इलाका है। लिहाजा यहां की साफ सफाई की जिम्मेदारी जितनी प्रशासन की है उतना ही यहां आने वाले सैलानी और पर्यटन कारोबारियों की भी है।

### हर हाथ अनंत ज्ञान


कुल्लू के मलाणा गांव के कोलू राम फुर्सत के क्षणों में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


राजीव कुमार, निवासी फूडा गांव लाहौल-स्पीति अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# इनर सिराज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का बंजार में शुभारंभ

**शीला कौल, बंजार**

इनर सिराज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगर पंचायत बंजार के के मेला मैदान में प्रधान संघ के प्रधान विजय ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। प्रथम दिवस के मैच का आयोजन पर खिलाड़ियों द्वारा मुख्यातिथि विजय ठाकुर का स्वागत किया गया।

मुख्यातिथि द्वारा इस अवसर पर प्रथम मैच चेहनी लीजेंड ओर


इनर सिराज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

बालागाढ़ लीजेंड्स के मध्य हुआ। प्रथम बैटिंग करते हुए बालागाढ़ लीजेंड्स ने 15 ओवर्स में 120 रन स्थापित किए, वहीं दूसरे पक्ष की बैटिंग में चेहनी लीजेंड्स ने द्वारा नौ विकट के नुकसान पर में 125 रन बनाकर मैच जीत लिया। वहीं मैच के दौरान भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों मैच का आनंद लेते रहे। मैच की समाप्ति पर मुख्यातिथि विजय ठाकुर ने कहा कि बंजार में खेल का छोटा मैदान होने पर भी खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। खेल प्रेमियों द्वारा खेल को एक उत्साह भावना के साथ खेलते रहना चाहिए इस दौरान उन्होंने अपनी इच्छा अनुसार इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 11 हजार की राशि भेंट की। मैच के दौरान मैन ऑफ द मैच का खिताब संजू को दिया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजकों नेत्र प्रकाश लवली, यशपाल डोगरा, शुभम ठाकुर ने बताया गया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 64 टीमें भाग ले रही है। (अनंत ज्ञान)

### झटका — नगर पंचायत आनी की अधिसूचना निरस्त करने के बाद निदेशालय से जारी हुए आदेश

# आनी कस्बे के विकास के लिए आई एक करोड़ की राशि हुई वापस

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

नगर पंचायत आनी के डिनोटिफाई होने के बाद आनी कस्बे के विकास को आई करीब एक करोड़ की धनराशि अब वापस भेज दी गई है, जबकि आनी, कुंगश, कराणा, नमहोंग और बखनाओं आदि पांच पंचायतों से क्षेत्रों को काटकर बनाई गई। नगर पंचायत आनी को डिनोटिफाई करने के बाद अब आनी में व्यवस्थाएं भगवान भरोसे हैं। लाखों रुपए की लागत से आनी कस्बे की बरसों से अंधेरी गलियों को रोशन करने को लगाई गई स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इतना ही नहीं उनके अधिकांश खंभे और उन पर लगी स्ट्रीट लाइटें चोरी हो चुकी हैं। जिसके चलते आनी कस्बे की गलियों में एक बार फिर से अंधेरा पसर गया है।

गौर रहे कि कुछेक लोगों द्वारा नगर पंचायत आनी के गठन को उच्च न्यायालय में चुनौती देने के बाद इसके गठन को असंवैधानिक करार देते हुए उच्च न्यायालय डिनोटिफाइ तो कर दिया गया था। पूर्व नगर पंचायत आनी के सचिव हरि चंद शर्मा ने बताया कि निदेशालय के आदेशों के बाद नगर पंचायत आनी के खाते में जमा एक करोड़ से ज्यादा राशि में से कुछ राशि से पुरानी देनदारियों को निपटाया जाएगा, जबकि कुछ राशि ग्राम पंचायत आनी को विकास कार्यों के लिए दी जाएगी। करीब एक करोड़ रुपए सरकार को वापस भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि यह राशि आनी कस्बे में पार्कों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किए जाने थे। जिनकी कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही थी। इसी बीच 11 जुलाई 2023 को नगर पंचायत आनी की अधिसूचना रद्द करने के आदेश लागू हो गए और यह धनराशि बिना खर्च किए नगर पंचायत आनी के खाते में पड़ी रही। (अनंत ज्ञान)

> **हमें** निदेशालय से धन संबंधी कार्यों को समेटने के आदेश जारी हुए हैं। जिनके तहत कुछ राशि ग्राम पंचायत आनी को जानी है, कुछ राशि पुरानी देनदारियों पर खर्च होनी है और बाकी की राशि सरकार को वापस जाएगी। -हरिचंद शर्मा, सचिव एवं ईओ

### करोड़ों की योजनाएं ठंडे बस्ते में

**हालांकि** सरकार ने कस्बे को वापस पांच पंचायतों में शामिल तो कर दिया, लेकिन तक सारा रिकॉर्ड वापस पंचायतों को नहीं जा पाया है। आनी नगर पंचायत को डिनोटिफाई करने के बाद आनी कस्बे को पाइप लाइन में पड़ चुकी कई महत्वपूर्ण योजनाओं से हाथ धोना पड़ा है। जिनमें कस्बे में पार्कों के निर्माण, कूड़ा निष्पादन संयंत्र का निर्माण, लाखों की लागत से बनने वाली बहुमंजिला पार्किंग,आनी में हाल ही में आपदा के कारण बने अव्यवस्थित सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए एक करोड़ से ज्यादा की अनुमानित लागत से बनने वाला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नदियों, नालों से घिरे कस्बे के अस्तित्व को बाढ़ से बचाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा की लागत से होने वाले तटीयकरण आदि सहित दर्जनों अन्य विकासात्मक योजनाएं शामिल हैं, जो अब ठंडे बस्ते में जा चुकी हैं ।

### आनी कस्बा फिर से पांच पंचायतों में हुआ सम्माहित

**नगर** पंचायत आनी की अधिसूचना डेढ़ वर्षों बाद न्यायालय के आदेशों के बाद निरस्त होने के बाद आनी कस्बे को वापस आनी, कुंगश, कराना, बखनाओं और नमहोंग आदि ग्राम पंचायतों में पूर्वत्या ही सम्माहित किया जा चुका है, लेकिन आनी कस्बे की जनता ने न तो ग्राम पंचायतों के गठन में अपनी भूमिका निभाते अपना मताधिकार का प्रयोग किया था। न ही इसे ग्राम पंचायतों के वार्डों में जोड़ा जा सका है। ऐसे में कस्बे की जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है। वहीं कस्बे के लोगों ने आनी कस्बे को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया को फिर से नए सिरे से शुरू करने की प्रदेश सरकार से मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**मंडी।** ग्राम पंचायत भरौण (द्रुदर) में तीन जनवरी को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंचायत प्रधान विजेंद्र चंदेल ने बताया कि यह शिविर राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी की एनएसएस इकाई और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत घर में आयोजित होगा। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित होंगे, जबकि जनरल हेल्थ चेकअप के लिए भी चिकित्सक उपलब्ध होंगे।

### योग सिद्ध आश्रम पहुंचा अक्षत कलश



पूजित अक्षत कलश के साथ श्रद्धालु।

**मंडी।** अयोध्या से पूजित अक्षत कलश अमर चंद की अगुआई में योग सिद्ध आश्रम पुरानी मंडी पहुंचने पर महापौर विरेंद्र भट्ट तथा संस्थान की संचालिका विद्या कौशल कार्यक्रम प्रबंधक दुर्गेश शर्मा सहित सभी श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से स्वागत किया तथा जय राम जय राम के उच्चारण से वातावरण भाव भिभोर किया। कार्यक्रम में हरीश वैद्य द्वारा श्री रामचरित मानस के पांचवें सोपान सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस मौके पर सभी परिवार के मुखिया को अक्षत व श्रीराम चित्र वितरित किए गए।

### मंत्री अनिरुद्ध सिंह कल धर्मपुर प्रवास पर

**मंडी।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह चार जनवरी को मंडी जिला के प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह जिला के धर्मपुर में दोपहर 12.30 बजे पंचायतीराज सम्मेलन में भाग लेंगे। शाम चार बजे वह सड़क मार्ग से शिमला के लिए रवाना हो जाएंगे।

# हड़ताल : मंडी में 37 रूटों पर थम गए पहिये

## पेट्रोल, डीजल के लिए फिलिंग स्टेशनों पर लगी वाहनों की लंबी कतारें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूरे देश भर में यातायात कानून के विरोध में जारी ट्रक व बस चालकों की हड़ताल का अभी तक मंडी जिला में कोई खास असर तो नहीं दिखाई दे रहा लेकिन यदि हड़ताल लंबी चली तो फिर असर आम लोगों तक जरूर पहुंचेगा। मौजूदा दौर में मंडी में पेट्रोल व डीजल के लिए लोगों में होड़ लगी हुई दिखाई दी। रिफिल स्टेशनों पर अब बहुत ही कम मात्रा में ईंधन बचा है जो सभी को दिया जा रहा है। फिलिंग स्टेशनों पर लोगों व गाड़ियों की भीड़ सोमवार शाम से ही लगनी शुरू हो गई। कुछ लोग फिलिंग स्टेशन पर ही अपनी गाड़ी पार्क कर रात भर वहीं डटे रहे और सुबह पंप खुलते ही रिफिल करवाया। मंडी में एक फिलिंग स्टेशन के मैनेजर ने बताया कि हड़ताल की वजह से तेल की सप्लाई बाधित हुई है। उन्होंने बताया कि यदि कल भी हड़ताल रही या फिर तीन दिनों से भी लंबी चली तो फिर निश्चित तौर पर पेट्रोल डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो जाएगी। वहीं ईंधन न मिलने के चलते अधिकतर यातायात व्यवस्था भी ठप्प हो जाएगी जिसका सीधा असर आम लोगों पर होगा। मंडी में अनाज, दालों, तिलहन का स्टॉक पर्याप्त पड़ा हुआ है जो कि आने वाले पांच-सात दिनों के लिए काफी है लेकिन यदि हड़ताल लंबी चलती है तो फिर अनाज आदि की कमी भी मंडी में पड़ सकती है। वहीं फल और सब्जी भी आज बहुत कम मात्रा में मंडियों में पहुंची। वहीं क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी मंडी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को हड़ताल के चलते 37 रूट बंद हुए और रोजाना साढ़े छह हजार लीटर तेल की खपत होती है। जिसमें सोमवार को सात हजार लीटर की सप्लाई मौजूद थी। मौजूदा समय में केवल तीन हजार लीटर तेल बाकी है। उन्होंने बताया कि 28 सर्विसेज ठप्प हो चुकी है। समय से यदि तेल की खपत को रिफिल नहीं किया गया तो और भी बस रूट बंद हो सकते हैं। लॉन्ग रूट की बसें अभी तक सुचारु रूप से चल रही है। अभी तक केलांग डिपो में 30 हजार लीटर तेल था, जहां से दो हजार लीटर तेल मंगवाया गया। लोकल रूट को छोड़कर सभी सर्विसेज सुचारु रूप से चली रहे लेकिन यदि बुधवार तक डीजल का प्रावधान नहीं हुआ तो सभी रूट बंद हो सकते है।



पेट्रोल पंप पर लगी गाड़ियों की लंबी कतारें

### 10 लीटर से ज्यादा को एसडीएम की अनुमति जरूरी

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि उपायुक्त मंडी द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि जिला मंडी में 72 पेट्रोल पंप है जिनमें डीजल चार लाख 56 हजार 91 लीटर और पेट्रोल चार लाख 50 हजार 354 लीटर ही मौजूदा समय में है। डीसी मंडी के आदेशानुसार 10 लीटर से ज्यादा किसी को भी तेल नहीं दिया जाएगा और कंटेनर और बोतल में भी तेल नहीं दिया जाएगा। यदि कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए एसडीएम की अनुमति लेनी पड़ेगी। सभी पेट्रोल पंपों को आदेश जारी कर दिए गए है कि तीन हजार लीटर डीजल और दो हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व रखा जाए।

## जोगिंद्रनगर में हिट एंड रन कानून को वापस लेने की उठाई मांग



जोगिंद्रनगर में विरोध-प्रदर्शन करते ट्रक चालक।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए कानूनी संशोधन के विरोध में ट्रक चालकों ने केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की व एसडीएम जोगिंद्रनगर के माध्यम से इस कानून को वापस लेने के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा। जोगिंद्रनगर ट्रक यूनियन के प्रधान अजय ठाकुर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की गई है कि हिट एंड रन कानून को वापस लिया जाए और लोगों को राहत प्रदान की जाए। उपमंडल जोगिंद्रनगर के ट्रक ऑपरेटर यूनियन, जोगिंद्रनगर टैक्सी ऑपरेटर यूनियन, मीडियम गुड्स व्हीकल ऑपरेटर, देवभूमि टैक्सी ऑपरेटर, माता महेश्वरी ऑपरेटर यूनियन, फोर व्हीलर गुड्स कैरियर जोगिंद्रनगर ने बाजार में नारेबाजी की और कानून को वापस लेने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार के इस फरमान को लेकर खूब नारेबाजी की और इस कानून को वापस लेने की मांग की है।

## चैलचौक बाजार में धरना-प्रदर्शन

### चालकों ने हिट एंड रन कानून वापस लेने की उठाई

**अनंत ज्ञान, चैलचौक/गोहर**

हिट एंड रन कानून में सजा को सख्त किए जाने के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। गोहर और चैलचौक में वाहन चालकों ने कानून का विरोध करते हुए इसे वापस लिए जाने के लिए एसडीएम के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा। टैक्सी, ट्रक, जीप आदि चालकों ने चैलचौक से लेकर गोहर तक रोष रैली निकाली तथा कानून वापस लेने के नारे भी लगाए।

इसके बाद चैलचौक बाजार में दो से चार बजे तक धरना-प्रदर्शन किया, जिसमें किसी भी आपातकालीन वाहन, पुलिस, मीडिया अधिकारियों की गाड़ियों को नहीं रोका गया। उपमंडल गोहर के सभी तीन पेट्रोल व डीजल पंप ड्राई हो गए हैं। यहां वाहनों में तेल भरवाने के लिए दिन भर लोगों की लंबी कतारें लगी रही। वाहनों के पहिए थमने से फल, सब्जी, दूध, कृषि के सामान की सप्लाई गत दो दिनों में प्रभावित रही। प्रशासन ट्रांसपोर्टर्स से संपर्क कर आपूर्ति बहाल करवाने में लगा है।



चैलचौक में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए लंबी कतारों में खड़े वाहन।

## पेट्रोल कम होने से अनावश्यक यात्रा से करें परहेज : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, गोहर**

एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेत ने ट्रक चालकों की हड़ताल के चलते उपमंडल गोहर की जनता से अपील की है कि पेट्रोल पंपों में पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति न होने के कारण तेल का भंडारण काफी कम हो चुका है। पेट्रोल व डीजल की कमी को देखते हुए आम जन से अपील है कि वे अनावश्यक तौर की अपनी यात्रा टाल दें ताकि रास्ते में उन्हें कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक माध्यम जैसे गाड़ियों की पूलिंग इत्यादि का सहारा लें। यदि आवश्यक हो तभी अपने वाहनों का प्रयोग करें। ईंधन की आपूर्ति जैसे ही सुचारु हो जाएगी तभी वाहनों का इस्तेमाल करें।



### विरोध किया

**मंडी।** जिला मंडी टैक्सी ऑपरेटर एसोसिएशन प्रधान महेंद्र गुलेरिया ने कहा कि हिट एंड रन कानून प्रासंगिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में जिला मंडी के टैक्सी ऑपरेटर और ड्राइवर केंद्र सरकार के इस कानून का सख्ती से विरोध करते हैं और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के बारे में सुधार की मांग करते हैं।

## पधर के एसडीएम ने पेट्रोल पंप पर जाकर स्वयं देखी व्यवस्था

### पेट्रोल-डीजल का न्यूनतम रिजर्व बनाए रखने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, पधर**

एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने मंगलवार को पधर पेट्रोल पंप पर जाकर व्यवस्था का जायजा लिया और पेट्रोल पंप ऑपरेट्र्स को आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए पेट्रोल- डीजल का न्यूनतम रिजर्व बनाए रखने के आदेश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार पेट्रोल पंप ऑपरेट्र्स को पंप की भंडारण क्षमता के मुताबिक आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए न्यूनतम रिजर्व रखने को कहा गया है। इसके अलावा आदेश में यह भी हिदायत दी गई है कि कोई भी डीलर एक समय में बड़ी गाड़ी को 10 लीटर और टू व्हीलर को दो लीटर से अधिक रिफिलिंग न करें। अति आवश्यक होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम कार्यालय से मंजूरी ले सकते हैं। पेट्रोल डीजल को कंटेनर में भरकर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।



पेट्रोल पंप पर जाकर निरीक्षण करते एसडीएम।

## सराज भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

सराज भाजपा के ओबीसी मोर्चा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। मोर्चा के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज ने बताया कि कार्यकारिणी में भोप सिंह, दुर्गा सिंह, दलबीर सिंह, ज्ञान सिंह को उपाध्यक्ष, गुमान सिंह वर्मा व रेवती राम को महासचिव, देवराज, वीर सिंह, धनदेव व यशवंत को सचिव, राम सिंह कोषाध्यक्ष, चमन लाल प्रवक्ता, इंद्र सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी, तीव्र सिंह कार्यालय सचिव, इंद्र सिंह को आईटी प्रभारी व तीर्थ राज को सह सहयोगी आईटी बनाया गया। इसके अलावा डीएस राठौर, ओम प्रकाश, इंदिरा देवी, तेजा सिंह, शेष राम, जय सिंह, दामोदर, ममता देवी, हरबंस , हरि सिंह, देवेंद्र, नेत्र, घनश्याम, लेद राम, जीवानंद व भोप सिंह को सदस्य बनाया गया है।



वीर सिंह भारद्वाज अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सराज।

### पधर में 11 को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में 11 जनवरी को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट निर्धारित किए गए हैं। ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग हार्डगलू मैदान में किए जाएंगे। इसके लिए स्लॉट नौ जनवरी से खोल दिए जाएंगे। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। सभी निर्धारित तिथि को संबंधित दस्तावेजों सहित 10 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के किसी का भी ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

## रिवालसर के हेमराज ठाकुर को न्यू ईयर बोनांजा में इनाम में मिली बाइक

### नेरचौक स्थित फामरा पेट्रोल पंप में तेल भरवाने पर मिला पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

नेरचौक स्थित फामरा पेट्रोल पंप अपने ग्राहकों के लिए नई-नई योजनाएं लाता रहता है, जिससे ग्राहक आकर्षित होते हैं। इस वर्ष फामरा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में सितंबर माह से एक न्यू ईयर बोनांजा शुरू किया था जो कि 31 दिसंबर तक चला। न्यू ईयर बोनांजा में ग्राहकों के लिए इनाम रखे गए थे, जिसने भी यहां अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाया उसे एक कूपन दिया गया। पांच सौ से एक हजार रुपए के तेल के लिए अलग इनाम व एक हजार से ऊपर तेल भरवाने के लिए अलग इनाम रखे गए थे। पांच सौ से एक हजार में पहला इनाम एक वाशिंग मशीन, दूसरा इनाम एक ओवन, तीसरा इनाम पांच प्रेस, चौथा इनाम दस लंच बॉक्स रखे थे। वहीं एक हजार रुपए से ज्यादा तेल भरवाने वाले ग्राहकों को पहला इनाम एक बाइक, दूसरा इनाम एक फ्रिज, तीसरा इनाम पांच मिक्सर ग्राइंडर, चौथा दस लंच बॉक्स रखे गए थे। जिसका परिणाम लकी ड्रॉ के माध्यम से इंडियन ऑयल के सहायक प्रबंधक अमित टंडन द्वारा निकाला गया। लकी ड्रॉ में पहला इनाम रिवालसर के हेमराज ठाकुर को एक लाख रुपए की बाइक मिला। वहीं पांच सौ से एक हजार वाले कूपन में पहला इनाम वाशिंग मशीन गलमा के उमेश नायक को मिली। बाकी इनाम की पर्चियां भी निकाली गई। जिसकी जो ईनाम निकला उसको फोन करके सूचित किया गया। फामरा इंडियन ऑयल के मालिक डीसी यादव ने बताया कि सभी इनाम मिलने वालों को सूचित किया गया है व पहला इनाम बाइक तथा वाशिंग मशीन पाने वालों को कंपनी के अधिकारी द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर विपुल फामरा सहित क्षेत्र के अन्य कूपन धारक तथा ग्राहक मौजूद रहे।



बाइक की चाबी मालिक को सौंपते डीसी यादव व कंपनी के अधिकारी।

## गरोड़ू के केदारनाथ शर्मा ने करवाई साल की बुकिंग




जोगिंद्रनगर। शर्मा जनरल स्टोर गरोड़ू के मालिक केदारनाथ शर्मा ने वर्ष भर के लिए दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान की बुकिंग करवाई है। उन्हें समाचार पत्र की प्रति सौंपते जोगिंद्रनगर के रिपोर्टर अभिषेक शर्मा।

## गलमा स्कूल में निर्मित इंडिया और विश्व एक्टिविटी मैप लोकार्पित

### समाजसेवी जगदीश ठाकुर ने पिता और दादा की याद में करवाया निर्माण

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलमा में इंडिया और विश्व के एक्टिविटी बेस्ड मैप का लोकार्पण समाजसेवी एवं डायरेक्टर हिमाचल प्रदेश स्टोन क्रशर काउंसिल यूनियन व पूर्व सदस्य युवा एवं खेल विभाग प्रदेश सरकार जगदीश ठाकुर ने किया।

सर्वप्रथम प्रधानाचार्य तिलक शर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी जगदीश ठाकुर के सहयोग से स्कूल परिसर में अपने पिता स्व. शेर सिंह एवं दादा स्व. डुम कारदार की यादगार में इंडिया और विश्व के मैप का निर्माण करवाया है।

इसका विधिवत लोकार्पण जगदीश ठाकुर ने पूजा-अर्चना कर किया। बता दें कि निर्मित मैप से स्कूली बच्चों विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापकों के ज्ञानवर्धन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की और 15 हजार नकद तथा विकासात्मक कार्यों के लिए एक लाख एक हजार का चेक प्रधानाचार्य को भेंट किया।




गलमा स्कूल में निर्मित इंडिया और विश्व एक्टिविटी मैप का लोकार्पण करते मुख्यातिथि जगदीश ठाकुर ।

## ओम चंद कपूर मुख्य सलाहकार बने

**मंडी।** स्वतंत्रता सेनानी परिवारों ने संघर्ष का बिगुल फूंकते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के एक पुराने संगठन हिमाचल स्वतंत्रता सेनानी परिषद की बैठक में भाग ले कर नई कार्यकारिणी का गठन किया है। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी ओम चंद कपूर को मुख्य सलाहकार बनाया गया। जबकि जगदीश गुलेरिया को अध्यक्ष, डॉ. अतुल ठाकुर को महासचिव, अधिवक्ता केके वर्मा को उपाध्यक्ष और जितेंद्र मोहन शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर डॉ. अतुल ठाकुर ने कहा की पहले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार वालों को आपस में बैठक करने के लिए मंडी जाना पड़ता था, जो दूर के लोगों के लिए कठिन होता था। मगर अब जिला मंडी को चार मंडलों में बांट कर उत्तराधिकारी परिवारों को समीप ही बैठक करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कह कि अब स्वतंत्रता सेनानी परिवार अपने किसी भी पास के मंडल से जुड़ कर अपनी बात रख सकते हैं।

**खुशी** अधिसूचना जारी , मुख्यमंत्री करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

## धर्मपुर में होगा पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

इस बार प्रदेश स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस का मुख्य समारोह धर्मपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। अधिसूचना जारी होते ही धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए मनाली रवाना हो गए हैं।



ऐसे क्यास लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्र धर्मपुर में स्टेट हुड मनाने के फैसले के तहत हमीरपुर के साथ-साथ मंडी जिला पर भी ध्यान फोकस किया है। इतना तो तय है कि धर्मपुर में कार्यक्रम आयोजित करके मुख्यमंत्री कई निशाने साधेंगे। धर्मपुर विधानसभा के अस्तित्व में आने के 52 साल बाद स्टेट हुड जैसा बड़ा कार्यक्रम पहली बार धर्मपुर में मनाया जाएगा।

कांग्रेस के नत्था सिंह ठाकुर राज्य मंत्री रह चुके हैं जबकि भाजपा के महेंद्र सिंह ठाकुर प्रदेश सरकार में तीन बार कदावर मंत्री रह चुके हैं लेकिन वे आज तक इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं करवा सके। इस बार पहली बार विधायक बने चंद्रशेखर ने पहले साल ही धर्मपुर में सरकार का इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित करके अपने कद का एहसास करवा दिया। पूर्ण राज्य दिवस धर्मपुर में आयोजित करने के निर्णय मुख्यमंत्री के नजरिए की प्राथमिकता है कि ग्रामीण दूर दराज क्षेत्रों के लिए व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली सरकार आम जनता के लिए प्रतिबद्ध है। इस निर्णय ने मंडी के साथ भेदभाव का आरोप लगाने वालों को भी पूर्णतया विराम लगा दिया है।



धर्मपुर कस्बा (फाइल फोटो)



# हमीरपुर में बढ़ी चरस, चिट्टा, अफीम और चूरा-पोस्त की तस्करी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर नशा तस्करी के मामलों में 2023 में वर्ष 2022 के ज्यादा इजाफा हुआ है। जिला प्रशासन ने भी नशे की रोकथाम के लिए कई अभियान चलाए हैं। स्कूल, कॉलेजों, पंचायतों, में जाकर युवाओं, ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। पुलिस ने अपने स्तर पर कई अभियान चला रही है। बावजूद इसके नशे के तस्करी के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले में वर्ष 2022 की अपेक्षा वर्ष 2023 में नशा तस्करी के मामले अधिक आए हैं। वर्ष 2022 में कुल 4.172 किलोग्राम चरस बरामद की गई थी। वर्ष 2023 में 9.578 किलोग्राम चरस बरामद की गई, जो कि 5.406 किलोग्राम अधिक है। वहीं वर्ष 2022 में कुल 444.92 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। वर्ष 2023 में 585.93 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वर्ष 2022 में 35.02 ग्राम अफीम व वर्ष 2023 में 16.21 ग्राम अफीम पुलिस ने पकड़ी। वहीं वर्ष 2022 में पुलिस ने 0.556 किलोग्राम व वर्ष 2023 में 2.124 किलोग्राम चुरा-पोस्त बरामद किया। वर्ष 2022 में एनडीपीएस एक्ट के कुल 79 मामले व वर्ष 2023 में कुल 87 मामले जिले में दर्ज किए गए। वहीं 2022 में महज एक मर्डर केस दर्ज किया गया, जबकि 2023 में तीन मर्डर के केस दर्ज हुए थे। रेप के दोनों की वर्ष छह-छह केस दर्ज किए गए। वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं के 109 मामले आए जिसमें 32 लोगों की मौत हुई। 2023 में 93 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 30 लोगों की मौत हुई। इरादतन हत्या का प्रयास के 2022 में आठ मामले व 2023 में तीन मामले दर्ज किए गए। महिलाओं से क्रूरता के 2022 में 13 और 2023 में 15 मामले दर्ज किए गए।

**वर्ष 2022 की अपेक्षा में 23 में पकड़ा अधिक नशा**

| नशा | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| चरस | 4.172 किलोग्राम | 9.578 किलोग्राम |
| चिट्टा | 444.92 ग्राम | 585.93 ग्राम |
| अफीम | 35.02 ग्राम | 16.21 ग्राम |
| चूरा-पोस्त | 0.556 किलोग्राम | 2.124 किलोग्राम |

> नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। साल 2023 में नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। लोग नशे की कुरीति को खत्म करने में पुलिस का सहयोग करें।
> -डॉ. आकृति शर्मा, एसपी हमीरपुर

# हमीरपुर में पंपों पर खत्म हुआ पेट्रोल-डीजल

## हमीरपुर में मात्र दो पंपों पर मिल रहा पेट्रोल-डीजल, सुबह आठ से 12 बजे तक लगी रही लंबी-लंबी कतारें

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर में पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों लाइनों में लगकर सुबह से ही वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ा है सुबह आठ बजे के बाद लाइन में लगे हुए वाहनों को दोपहर 12 बजे तक भी डीजल और पेट्रोल गाड़ी में नहीं भरा जा सका, जिसका खासी परेशानी वाहन चालकों को पेश आई है।

हमीरपुर में मंगलवार को केवल मात्र दो ही पेट्रोल पंप जिसमें भिड़ा में रिलायंस के पेट्रोल पंप और बड़ू के पेट्रोल पंप पर ही डीजल और पेट्रोल मिल पा रहा था, जिसके चलते यह खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गई और वाहन चालकों ने भारी तादाद में इन पेट्रोल पंपों की ओर रुख किया। वहीं इसके चलते काफी देर तक यातायात की बाधित होता रहा, जिसे खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की मदद भी ली गई।

लंबी-लंबी लाइनों में पेट्रोल भरवाने के लिए इंतजार करने वाले वाहन चालकों का कहना है कि पिछले तीन घंटों से लाइनों में लगकर पेट्रोल भरवाने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया। शायद पेट्रोल मिलेगा या नहीं वाहन चालकों ने कहा कि डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति बहाल करने के लिए भी सरकार को कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।




पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए वाहनों की लगी लंबी लाइनें।

हिट एंड रन मामले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा ले गए कानून संशोधन के खिलाफ चल नहीं सकता। चालकों की हड़ताल का असर हमीरपुर में भी खास साथ देखने को मिला है। पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए लोगों में मारामारी देखी गई। गौरतलब है कि हमीरपुर जिला में इक्का-दुक्का बसें चल रही हैं, बाकी प्राइवेट बसें पूरी तरह से बंद जिसके चलते लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए काफी दिखतों का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### पेट्रोल-डीजल के लिए हाहाकार, केंद्र जिम्मेदार

**हमीरपुर।** केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून में संशोधन के कारण चल रही हड़ताल से देश प्रदेश में आम जनता प्रभावित हुई है। हिट एंड रन केस दर्ज होने पर ड्राइवर को सात साल की सजा और दस लाख जुर्माने की सजा के इस थोपे गए कानून का देश की समस्त ट्रक यूनियनों, ऑपरेटरों ने विरोध किया है और ऑयल टेंकर यूनियन ने हड़ताल पर जा चुकी है। मार्केट में पेट्रोल डीजल की कमी हो गई है और इस कारण आम जनता भी इससे परेशान में है। प्रदेश में भी कई जिलों में प्राइवेट बस यूनियन अब चक्का जाम कर हड़ताल का फैसला ले चुकी है।



डॉ. चंदन राणा।

प्रदेश युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमेन डॉ. चंदन राणा ने केंद्र सरकार के इस अनुचित कानून का विरोध करते हुए जनता में पेट्रोल-डीजल के लिए मची हाहाकार के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अभी तो केवल पेट्रोल-डीजल की कमी ने त्राहिमान मचाई है, लेकिन अगर एक या दो दिन में ड्राइवर और ऑपरेटरों की मांग को मानकर हड़ताल को खत्म नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में खाद्य समग्री समेत हर जरूरी चीज की सप्लाई पर असर पड़ेगा। दिन-रात हर समय साधारण-सी कमाई के लिए काम करने वाले समाज के इस मेहनती तबके पर थोपा गया यह निर्णय बिलकुल गलत है।

## न्यूज ब्रीफ

### खेलो इंडिया में युगरत्ना ठाकुर ने जीता रजत

**हमीरपुर।** खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला बुशू प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में 27 से 30 दिसंबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर की स्टूडेंट युगरत्ना ठाकुर ने भाग लिया। ठाकुर ने रजत पदक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्टूडेंट की इस बेहतरीन उपलब्धि पर स्कूल निर्देशक पंकज लखनपाल, अकादमिक प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रिंसिपल नैना लखनपाल, वाइस प्रिंसिपल अश्विनी कुमार शर्मा ने उसे बधाई दी और इसी तरह आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयासों को सफलता में बदलें

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चेयरमैन डॉ. विश्व मोहन कटोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा स्कूल के मेधावी बच्चों को वार्षिक शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉ. कटोच और डॉ. किरण कटोच ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को मूल्यों पर आधारित शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने बच्चें को आह्वान किया कि वह स्कूली शिक्षा के दौरान ही अपना लक्ष्य निर्धारण कर लें।

### जिला स्तरीय वेटर्न बैडमिंटन प्रतियोगिता सात को

**नादौन।** जिला स्तरीय वेटर्न बैडमिंटन प्रतियोगिता सात जनवरी हमीरपुर में होगी, जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग के मिश्रित-ए युगल एवं एकल मुकाबले होंगे जो इस प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता रहेंगे। वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। यह जानकारी हमीरपुर बैडमिंटन संघ के सचिव शम्मी सोनी ने दी। प्रतिभागी प्रदीप ठाकुर 9418067099 व संजीव कुमार 9882200521 के पास अपनी एंट्री करवा सकते हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक आठ को

**नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक आठ जनवरी को गीता भवन नादौन में होगी, जिसमें मुख्यमंत्री के सीईओ डॉ. गोपाल गौतम बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि बैठक की अध्यक्षता नादौन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। बैठक में नादौन विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस के अग्रणी संगठन, जिनमें ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, कांग्रेस विचारधारा के पंचायत प्रतिनिधि, नादौन नगर पंचायत पार्षद हिस्सा लेंगे। शहरी कांग्रेस नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि बैठक में लोकसभा चुनावों के लिए रूप रेखा बनाई जाएगी।

### नादौन के शायर मुनीष तन्हा का निधन

**नादौन।** नादौन शहर के विख्यात शायर मुनीष तन्हा का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उनके निधन से शहर वासियों व साहित्यकारों में शोक व्याप्त है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने शायर मुनीष तन्हा के निधन पर शोकाकुल परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि मुनीष तन्हा के निधन से साहित्य जगत को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की है कि उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। मनीष तन्हा के निधन पर नादौन, जिला व प्रदेश के साहित्कारों व कवियों डाक्टर ओपी शर्मा, दिलीप सिंह, मनोहर लाल आदि ने शोक प्रकट किया।

### 11 से पहले स्कूलों को बंद करने की उठाई मांग

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूलों को 11 जनवरी से पहले बंद किया जाए क्योंकि पेट्रोल पंपों पर डीजल की सप्लाई न पहुंचने के कारण स्कूली बसों पर भी असर पड़ना शुरू हो गया है। जिसके कारण सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के स्टूडेंट्स को स्कूल पहुंचने में आने वाले समय में मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल सघं के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगजीत ठाकुर, जिला हमीरपुर प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष देवराज वर्मा आदि ने सरकार से मांग किया है कि ग्रीष्मकालीन स्कूलों में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक अवकाश रहेगा। ट्रकों की हड़ताल व तेल की कमी को देखते हुए सरकार 11 जनवरी से पहले स्कूलों में छह दिन का अवकाश प्रदान कर दें।

### युवक पर मारपीट का लगाया आरोप

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंर्तगत टगोह कांगू गांव में एक युवक पर चाकू से मारपीट करने का आरोप लगा है। टगोह गांव के विकास शर्मा पुत्र जोलीराम राम ने पुलिस थाना में शिकायत की है कि क्षेत्र के ही एक युवक पर शराब पीकर उससे चाकू से प्रहार व मारपीट की है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### आठ तक जमा करवाएं बिजली बिल

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए आठ जनवरी तक का समय दिया गया है। एसडीओ ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान आठ जनवरी तक बिलों का भुगतान करें।

### पांच-छह को ड्रोन व अन्य हवाई गतिविधियों पर पर पाबंदी

**हमीरपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हमीरपुर दौरे को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर पांच और छह जनवरी को जिला हमीरपुर में पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून और ड्रोन इत्यादि की उड़ानों पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि उपराष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर यह निर्णय लिया है।

### लापता महिला चंडीगढ़ में मिली

**नादौन।** जिला पुलिस हमीरपुर के पीओ सेल की टीम द्वारा नादौन थाना क्षेत्र से 29 दिसंबर को लापता हुई महिला को मंगलवार को मनीमाजरा चंडीगढ़ के सेक्टर-13 से ढूंढने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने महिला को उनके घर वालों को सौंप दिया है।

# बड़सर में एनएसयूआई का चक्का जाम

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर में एनएसयूआई द्वारा चक्का जाम किया गया जिससे लगभग एक घंटे तक बड़सर, ऊना नेशनल हाई-वे बाधित रहा, हालांकि पुलिस की हस्तक्षेप के बाद यातायात बहाल किया गया। वहीं अगर पेट्रोल पंपो की बात की जाए तो अधिकतर पेट्रोल और डीजल समाप्त हो चुका है,जिससे वाहनों में पेट्रोल भरवाने आए लोगों में आपाधापी का माहौल देखने को मिला रहा है

नए कानून के मुताबिक अगर कोई वाहन चालक कोई एक्सीडेंट करके मौके से भागता है, वाहन चालकों का कहना है कि एक्सीडेंट के बाद अगर चालक मौके पर रहता है तो उसे पब्लिक की मार का सामना करना पड़ता है जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं लाख रुपए जुर्माने की बात से भी चालक भड़के हुए हैं। आम वाहन चालकों का भी कहना है कि सरकार मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के बजाय काले कानून लाकर जनता को तंग कर रही है।



हिट एंड रन कानून के विरोध में बड़सर में एनएसयूआई ने किया धरना-प्रदर्शन।

**पेट्रोल पंप खाली, आम लोगों को भारी परेशानी**

हड़ताल पर चल रहे चालकों का साफ तौर पर कहना है कि जब तक केंद्र सरकार हिट एंड रन के नए कानून को वापस नहीं लेती तब तक उनकी हड़ताल चलती रहेगी, हालांकि चालकों द्वारा कहा जा रहा है कि वह शांतिपूर्वक हड़ताल करेंगे अगर केंद्र सरकार ने कानून को वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# बॉडी बिल्डिंग में राणा ने जीता मिस्टर मुंबई का खिताब

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुंबई बॉडी बिल्डर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के संसार चंद राणा ने मिस्टर मुंबई के खिताब पर कब्जा कर लिया है।

संसार चंद राणा छह फीट लंबे 90 किलो वजनी गठीले शरीर के साथ मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं जो कि नादौन के क्षेत्र मझीण के गांव दलोह के निवासी हैं। मुंबई के जोगेश्वरी मुंबई में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में देश के कोने कोने से आए कई बॉडी बिल्डर्स ने अपने शारीरिक षोष्ठव का लोहा मनवाया परंतु हिमाचल के छोटे खली यानी संसार चंद राणा के आगे तमाम बॉडी बिल्डर्स को मुंह की खानी पड़ी।



मिस्टर मुंबई बॉडी बिल्डिंग का खिताब प्राप्त करते हुए संसार चंद राणा।

इस खिताब को पाने के बाद संसार चंद राणा के रास्ते अब नेशनल व एशिया की शारीरिक प्रतियोगिता के लिए खुल गए हैं, वहीं दूसरी ओर राणा अब नेशनल व एशिया प्रतियोगिताओं के लिए दम खम से जुट गए हैं। पिता जयकरण तथा माता स्वर्गीय सत्या देवी के घर जन्मे राणा के व्यक्तित्व को देख हिमाचल का बच्चा-बच्चा उन्हें छोटे खली के नाम से जानता है।

# बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसो. का सरकार पर हमला

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई ने आरोप लगाया है कि बिजली बोर्ड प्रबंधन और प्रदेश सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण ऐसे चिंताजनक हालात पैदा हो गए हैं। जिस कारण 21 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमानों का एरियर, लीव इन कैशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्प्यूटिड पेंशन तथा डीए का भुगतान मौजूदा सुख की सरकार का एक साल बीत जाने पर भी नहीं हो पाया है। अब तो सरकार ने नववर्ष के पहले ही दिन पर पेंशन का भुगतान न करके यह दर्शा दिया है कि वह कितनी निष्ठुर व असंवेदनशील है।

मंगलवार को हमीरपुर में हुई संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान केके कपिल ने कहा कि सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन है। उन्होंने बोर्ड प्रबंधन तथा प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी पेंशन, संशोधित वेतनमानों का एरियर तथा महंगाई भत्ते का भुगतान जल्द नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के कर्मचारियों तथा पेंशनर्स में पनप रहा रोष ज्वलंत रूप धारण कर लेगा, जिसका खमियाजा सरकार को भुगताना पड़ेगा। जिसमें वरिष्ठ उपप्रधान राम आसरा, उपप्रधान देशराज शर्मा और ओपी चंदेल, वित्त सचिव अशोक, महासचिव लाल चंद परमार, अतिरिक्त महासचिव कमलजीत ठाकुर, संयुक्त सचिव चंद्रसेन, संगठन सचिव एके कतना, ऑडिटर मुकेश पटियाल, हमीरपुर यूनिट सचिव केएल शर्मा, नादौन यूनिट प्रधान ओपी धीमान, सचिव चमेल सिंह, बड़सर यूनिट प्रधान सरवण शर्मा, सचिव सोमदत्त धीमान सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया, पूर्व मुख्य अभियंता केडी डोगरा व सीएस चंदेल आदि मौजूद थे।




बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के नेता।

**कहा, बिजली बोर्ड प्रबंधन तथा प्रदेश सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पैदा हुए चिंताजनक हालात पैदाः कपिल**

# मतदान के प्रति किया जागरूक




स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय कॉलेज हमीरपुर में चल रहे एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव अणुकलां में लोगों को स्वच्छता और मतदान सूची में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले युवाओं को अपना नाम पंजीकृत करवाने वाले जागरूक किया।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान वंदना पठानिया, उपप्रधान राजकुमार, पंच और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने स्वयंसेवियों को साफ-सफाई के लिए मास्क और ग्लव्स वितरित किए। दूसरे सत्र में विशेष अतिथि प्रो. पुष्पेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों को व्यक्तिगत विकास के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के महत्व पर बल दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने बोटेनिकल गार्डन में भ्रमण किया। डॉ. विजय कुमार ने उन्हें औषधीय पौधे जैसे रोजमैरी, सर्पगंधा, एलोवेरा, अश्वगंधा, गिलोय और तुलसी आदि के महत्व व विशेषताओं की जानकारी दी। संध्या काल में स्वयंसेवियों ने खेलकूद गतिविधियों का आनंद लिया।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में मुफ्त होगी डायलिसिस

**हमीरपुर।** हमीरपुर सिद्ध राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज में मंगलवार से मरीज को फ्री डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस नई व्यवस्था का उद्घाटन कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती ने किया। अब इस डायल से यूनिट की नई व्यवस्था में एनएचएम शिमला के आदेशों पर हंस फाउंडेशन ने डॉ. आरकेजीएमसी मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में डायलिसिस यूनिट का कामकाज अपने हाथ में ले लिया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विक्रम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा एवं डॉ. सतीश शर्मा उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 2009 में स्थापित हंस फाउंडेशन पिछले तीन वर्षों से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काम कर रहा है। डायलिसिस के दौरान दवाओं सहित डायलिसिस सेवा निशुल्क है। फाउंडेशन ने हमीरपुर में छह बिस्तरों वाली सुविधा स्थापित की है।



हंस रिनल केयर सेंटर प्रिंसिपल ने किया उद्घाटन।

**आंदोलन** ईओ से कहा, सौंदर्यीकरण की आवाज में उन्हें न उजाड़ा जाए, आंदोलन की दी चेतावनी

# शिफ्टिंग को लेकर रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन का प्रदर्शन





प्रदर्शन करते हुए रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन के सदस्य व पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस प्रांगण में बैठक करते हुए।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर में रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन (संबंधित सीटू) ने मंगलवार को दूसरी जगह शिफ्टिंग के मामले को लेकर विरोध जताया। बाजार के रेस्ट हाउस प्रांगण में उन्होंने रैली की और बाद में नारे लगाते हुए वे नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर से भी मिले।

100 के करीब इस वर्ग के लोगों ने बैठक भी की। जिसमें कहा गया कि पिछले काफी समय से हमीरपुर शहर में वर्षों से रेहड़ी पर अपनी रोजी-रोटी चल रहे हैं, लेकिन अब उन्हें परेशान किया जा रहा है। वे जिस स्थान पर अलग-अलग ढंग से पिछले काफी वर्षों से अपना कारोबार चल रहे हैं। पूरे दूसरी जगह शिफ्ट करने की जो प्लानिंग की गई है, वह उनके हित में नहीं है। काबिले गौर यह है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद मिलकर शहर को सुंदर बनाने और यहां कुछ और अन्य तरह की सुविधाएं जुटाने के लिए एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं। जिसमें शहर को साफ सुथरा करने और रेहड़ी-फड़ी को एक बेहतर खुली जगह पर शिफ्ट करने की कोशिश में है, लेकिन शहर की पुरानी घिसी-पिटी व्यवस्था को पुराने ढर्रे पर ही चलाए रखने के लिए योजना के प्रारूप पर शुरू में ही झटका लग सकता है।

इधर कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर का कहना है कि किसी को उजाड़ने की नगर परिषद या प्रशासन की मंशा नहीं है। सिर्फ नई व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। किसने किसी को भी नुकसान नहीं होगा। इन्हें बेहतर जगह पर शिफ्ट करने की योजना है। (अनंत ज्ञान)

### दूसरी जगह पर जाना बेमानी

**बैठक** में उन्होंने कहा कि सरकार और नगर परिषद शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर जिस रूपरेखा को अमलीजामा पहनाने का प्रयास कर रही है, उससे उनकी रोजी-रोटी बुरी तरह प्रभावित होगी। इसलिए उनका दूसरी जगह पर जाना बेमानी होगा। उनका कहना था कि यह लोग इसीलिए रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले अपना विरोध-प्रदर्शन करने और बैठक के जरिए प्रशासन को चेताने के लिए इकट्ठे हुए हैं। इस बैठक में सीटू के नेता डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने भी शिरकत की उन्होंने कहा कि ब्यूटीफिकेशन या लाइटिंग की व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए क्यों प्लान तैयार किया गया है। वह तो ठीक है मगर यह सौंदर्यीकरण रोजी-रोटी चलाने वालों को उजाड़ कर नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा हुआ तो फिर यूनियन चुप नहीं बैठेगी। कोई भी रोजी-रोटी चलने वाला मूल स्थान से नहीं हटेगा।

### सहमति के बगैर कुछ भी नहीं होगा

**कार्यकारी** अधिकारी से मिलने पहुंचे यूनियन के लोगों को आश्वासन दिया गया कि उनकी सहमति के बगैर कुछ भी नहीं होगा टाउन बेंडिंग कमेटी के बगैर कोई भी फैसला नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शन में सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, जिला के सचिव जोगिंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष प्रताप राणा, रेहड़ी-फहड़ी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष ब्रह्मदास सचिव बाला सहित सभी रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स शामिल हुए।

# अशोक चक्र विजेता त्रिवेणी किए याद, मां बोली- वर्दी पहने हर अफसर में दिखता है बेटे का अक्स

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

- **21 सब एरिया ने मनाया लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह का 20वां बलिदान दिवस**
- **20 वर्ष पहले जम्मू रेलवे स्टेशन पर हुए आतंकवादी हमले को किया था नाकाम**

भारतीय सेना की 5 जैक एलआई के अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह का 20वां बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन 21 सब एरिया ने त्रिवेणी द्वार के समक्ष लगी वीर त्रिवेणी की प्रतिमा के पास किया। सब एरिया कमांडर, एसडीएम मेजर डॉ. सुमित मुद्ध, बलिदानी की माता पुष्प लता, पिता कैप्टन जनमेज सिंह, बहन सहायक कमिश्नर ज्योत्सना सिंह, भांजा वीर प्रताप सिंह, मौसी कामिनी पठानिया, शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविंदर सिंह विक्की, बलिदानी सिपाही मक्खन सिंह के पिता हंस राज आदि ने विशेष तौर पर शामिल होकर बलिदानी लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सर्वप्रथम बलिदानी की माता-पिता, बहन व एसडीएम मेजर डॉ. सुमित मुद्ध ने पराक्रम स्थल के पास लगी लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह और अन्य बलिदानी सैनिकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उसके बाद सब एरिया कमांडर ने त्रिवेणी द्वार के समक्ष लगी बलिदानी लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह की प्रतिमा के समक्ष रीथ चढ़ा कर उन्हें सैल्यूट किया, वहीं सेना के जवानों ने बिगुल की गौरवशाली धुन के साथ बलिदानी को सलामी दी। इनके अलावा अन्य सैन्य अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर इस वीर योद्धा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बलिदानी लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह की माता पुष्प लता ने नम आंखों से कहा कि वह वर्दी पहनें इन अफसरों को जब देखती हैं, तो इनमें उन्हें अपने बलिदानी बेटे लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह का अक्स नजर आता है और यह सब भी मेरे बेटे समान ही हैं और मेरा आशीर्वाद हमेशा इन पर बना रहेगा।




बलिदानी बेटे को सैल्यूट करते पिता कैप्टन जनमेज सिंह व श्रद्धासुमन अर्पित करती मां पुष्प लता। परिजनों को सम्मानित करते सब एरिया कमांडर, एसडीएम मेजर डॉ. सुमित मुद्ध, कुंवर रविंदर विक्की ।

एसडीएम मेजर डॉ. सुमित मुद्ध ने कहा कि लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह जैसे जांबाज देश व सेना के गौरव हैं जिनके बलिदान को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे अमर वीरों के शौर्य की बदौलत ही इस देश की एकता व अखंडता बरकरार है। कुंवर रविंदर सिंह विक्की ने कहा सेवा, समर्पण, शौर्य, त्याग व बलिदान का दूसरा नाम है वीर लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह, जिनके नाम के साथ ही उनकी विजय गाथा शुरू हो जाती है। जिन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में 20 वर्ष पहले जम्मू रेलवे स्टेशन पर हुए आतंकवादी हमले को नाकाम कर अपना बलिदान देकर देशवासियों को यह संदेश दिया कि एक सैनिक के लिए राष्ट्र सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा सेना ही सही मायनों में अपने बलिदानी सैनिकों व उनके परिजनों का दिल से सम्मान करती है।

वह अपनी शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद की तरफ से सब एरिया कमांडर और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हैं, जो आए दिन बलिदानी सैनिकों के सम्मान में इस तरह के श्रद्धांजलि समारोह आयोजित कर बलिदानी परिवारों का मनोबल बढ़ाते हैं और यह परिवार खुद को गौरवान्वित समझते हुए यह महसूस करते हैं कि बेशक उन्होंने अपने जिगर के टुकड़े देश की बलिवेदी पर कुर्बान कर दिए मगर भारतीय सेना ही है, जो उनके लाडलों के बलिदान की गरिमा को बहाल रखे हुए है। इस अवसर पर सब एरिया कमांडर व शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद द्वारा बलिदानी लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह अशोक चक्र के परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## वर्ल्ड न्यूज

### गुरुग्राम में कोरोना से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**गुरुग्राम ।** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से गुरुग्राम में एक महिला की मौत से जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जयप्रकाश ने महिला की मौत की पुष्टि की है। स्वाभाविक है यहां निकट भविष्य में और भी केस बढ़ेंगे। इन सबको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग आइसोलेशन वार्ड भी बना चुका है। विभाग ने निजी अस्पतालों को भी पूरी तैयारी रखने के निर्देश दे दिए हैं।

### 26 से यमुनानगर व पानीपत में चलेंगी इलेक्ट्रिक बस

**यमुनानगर।** हरियाणा में 26 जनवरी से इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। फिलहाल, पानीपत और यमुनानगर से इन बसों की शुरुआत होगी। रोडवेज ने 375 बसें चलाने का निर्णय लिया है, इनमें से 26 जनवरी को पांच बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। शेष 371 बसें अप्रैल तक प्रदेश में आ जाएंगी। 2030 तक सभी बसें इलेक्ट्रिक होंगी । इलेक्ट्रिक बसों को फिलहाल जिला मुख्यालय से 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तक चलाया जाएगा। इसके लिए गांवों के रूट भी जिला अनुसार तय कर दिए हैं।

### सोनीपत में बीयर नहीं देने पर युवकों ने ढाबे पर चलाई गोली

**सोनीपत।** गांव भिगान के पास स्थित मन्नत हवेली में कुछ युवकों ने सोमवार को आधी रात के समय यहां आकर हंगामा किया और होटल कैशियर के पैर में गोली मार दी। कैशियर गांव सांदल कलां निवासी बिजेंद्र का आरोप है कि नए वर्ष की रात को एक युवक आकर बीयर पीने लगा तो उसे रोका था। इसी को लेकर हंगामा करके चले गए थे। मंगलवार अल सुबह तीन युवक अपने तीन-चार अन्य साथियों के साथ होटल में पहुंचे और ईंट व पत्थर उठाकर फैंकने लगे। इस हंगामे के बीच एक युवक ने पिस्तौल निकालकर उनको गोली मार दी। गोली उनके पैर में लगी।

### पंजाब, हरियाणा में पेट्रोल न मिलने से लोग परेशान, उत्तराखंड में भी विरोध-प्रदर्शन

# नए एमवी एक्ट के खिलाफ आक्रोश

**एजेंसी, चंडीगढ़**

नए एमवी एक्ट नियमों के खिलाफ परिवहन चालकों के विरोध प्रदर्शन के कारण मंगलवार को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में पेट्रोल की कमी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं उत्तराखंड में भी चालकों ने रोष प्रदर्शन किया। भारतीय न्याय संहिता-2023 में हिट एंड रन मामलों के लिए 10 साल की जेल और सात लाख रुपए जुर्माने की कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। पेट्रोल की कमी के डर से लोगों को पंपों के सामने कतार में खड़ा देखा गया और ट्रक चालकों ने कानून के विरोध में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया।

पंजाब के पटियाला में एक पेट्रोल पंप पर झड़प का दृश्य भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं, पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंदर सिंह ढिल्लों ने मीडिया को बताया कि हरियाणा के अंबाला में कई पेट्रोल स्टेशनों ने पेट्रोल और डीजल की कमी की सूचना दी है, क्योंकि पिछले दो दिनों में कोई नई आपूर्ति नहीं मिली है। उनके अनुसार, क्षेत्र में ईंधन की आपूर्ति रेवाड़ी, हिसार और पानीपत डिपो से की जा रही है, लेकिन ट्रक यूनियन आपूर्ति नहीं उठा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप पेट्रोलियम उत्पादों की कमी हो गई है। पंजाब और हरियाणा में एलपीजी एजेंसी कार्यालयों में लंबी कतारें देखी गईं।



**ज्ञापन सौंपा** यमुनानगर में नए हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को भाईचारा ट्रक और ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में ट्रक चालकों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति और केंद्रीय गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



**हड़ताल** उत्तरकाशी में बस व ट्रक चालकों की हड़ताल में छोटी वाहनों वाले भी शामिल हुए। सड़कों पर चक्के थमने से आमजन को परेशानी हुई। देशव्यापी हड़ताल का असर उत्तरकाशी जिले भर में पूरी तरह से सफल रहा।

### सर्व चालक कल्याण संघ हुआ मुखर



हिसार। सर्व चालक कल्याण संघ ने नए हिट एंड रन कानून को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है। संघ ने मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और इस कानून को चालकों के गले में फांसी के फंदे के समान बताया।

### पंजाब में कल होगा प्रदर्शन

**चंडीगढ़ ।** केंद्र सरकार द्वारा पास किए हिट एंड रन कानून के विरोध में पंजाब रोडवेज, पनबस व पीआरटीसी कॉन्ट्रेक्ट वर्कर भी आ गए हैं। बुधवार को पनबस व पीआरटीसी की 3300 बसों के पहिए भी सुबह 11 बजे से एक बजे तक रुक जाएंगे। इस दौरान मुलाजिम बसें खड़ी कर प्रदर्शन करेंगे और केंद्र सरकार के पुतले जलाएंगे। हालांकि, बस डिपो में सरकार के पास तीन-चार दिन का तेल शेष है। हड़ताल लंबी चली तो लोगों को दिक्कत आ सकती है।

## दुकान में आग लगने से दो बाइक समेत सामान राख

**पठानकोट ।** नरोट जैमल सिंह के बाहर दीनानगर रोड पर स्थित मार्केट में एक ऑटो मोबाइल की दुकान में सोमवार को आग लग गई। दुकानदार अर्पण शर्मा के अनुसार, सोमवार को वह करीब साढ़े छह बजे दुकान को बंद कर घर चला गया। कुछ समय बाद पड़ोसी दुकानदारों ने फोन से दुकान में आग लगने की सूचना दी। उसने तुरंत आकर देखा तो दुकान के अंदर रखा सामान, दो मोटरसाइकिल एयर कंप्रेशर, आठ बैटरियां, स्पेयर पार्ट का नया सामान जलकर राख हो गया था। इससे उसका करीब चार लाख रुपए का नुकसान हो गया। वहीं, दुकानदार लवली कुमार चिरंजी लाल, रमेश, नरेश, विजय ने नरोट जैमल सिंह नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड की सुविधा की मांग की है।

## तीन किलो अफीम के साथ तीन काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने बिहार के तीन युवकों को तीन किलो अफीम के साथ काबू किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने गांव भोड़ा होशनाक के पास हाई-वे पर बिहार के तीन युवक राजेश यादव, विकास कुमार व चंद्रशेखर की तलाशी ली। इस दौरान उनके पास पिट्ठू बैग में काफी मात्रा में अफीम बरामद की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफा मामला दर्ज किया। तीनों युवकों से पूछताछ जारी है।

## सनातन धर्म सभा ने कैंलेडर किया जारी



कैंलेडर के विमोचन के दौरान सनातन धर्म सभा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

**सनातन** धर्म सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप ने मंगलवार को सभा के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान की देखरेख में नव वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। इस मौके पर रणजीत सागर बांध परियोजना के एसई विकांत आनंद विशेष तौर पर उपस्थित हुए। विकांत आनंद ने कहा कि सनातन धर्म सभा धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में अपना बेहतर योगदान दे रही है। सभा के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान ने कहा कि इस कैलेंडर में सभा के मनाए जाने वाले सभी त्योहारों के अलावा सरकारी छुट्टियों का पूरा विवरण दिया है। जिसे रणजीत सागर बांध परियोजना के सभी कार्यालयों में बांटा गया। इस मौके पर सनातन धर्म सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष स्माइल शर्मा, महासचिव सुरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष ध्यान सिंह, कुलदीप मुख्य सेवादार पवन बाबा, सुशील ठाकुर, आशू शर्मा, परमिंदर कुमार, रवि कुमार सहित सभा के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवक की पीट-पीट कर की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी, यमुनानगर**

प्रोफेसर कॉलोनी के रहने युवक ऋतिक का शव आईटीआई रोड पर हीरा पेट्रोल पंप के पास मिला। शरीर पर डंडों के निशान मिले। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह रविवार को अपने दोस्तों के साथ नव वषज़ की पार्टी करने गया था। उसकी कुछ कार सवार युवकों के साथ बहस हो गई थी। जिस पर उसकी हत्या कर दी गई। फरकपुर थाना प्रभारी शीलावंती ने बताया कि ऋतिक 31 दिसंबर की पार्टी करने घर से निकला था। सोमवार को उसका शव हीरा पेट्रोल पंप के नजदीक मिला था। उसके हाथ पैर रस्सी से बंधे थे। उसके शरीर पर डंडों से पीटे जाने के निशान मिले है। उसके शव की शिनाख्त न होने के कारण मंगलवार को शव को शव गृह में रखवा दिया था, जिसकी मंगलवार को पहचान हुई है। परिजन के बयान के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर शव परिजन को सौंप दिया है।

## 72 हजार के स्तर से नीचे लुढ़का सेंसेक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को दबाव की स्थिति रही। कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई। पहले आधे घंटे तक उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया।

पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 379.46 अंक की कमजोरी के साथ 71,892.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 9.45 अंक की मामूली बढ़त के साथ 21,751.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।



### निफ्टी में 1000 प्वाइंट की तेजी ने बाजार को दी गति

यह एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति अस्थिरता सूचकांक वीआईएक्स में 14.5 तक की बढ़ोतरी है, जो इंगित करती है कि उच्च अस्थिरता निकट है। सोमवार को आखिरी 30 मिनट में बिकवाली की एक चेतावनी थी कि उच्च स्तर पर बड़ी बिकवाली हो सकती है। पिछले एक महीने में निफ्टी में आई 1000 प्वाइंट की तेजी ने बाजार को गति दी है। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी निचले स्तर से करीब 110 अंक की रिकवरी करके 76.10 की गिरावट के साथ 21,665.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 31.68 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 72,271.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

## 10.75 % बढ़ा कोयले का उत्पादन

### 92.87 मिलियन टन दिसंबर में पहुंचा देश में कोयले का उत्पादन

**नई दिल्ली**

देश का कोयला उत्पादन पिछले साल दिसंबर में 10.75 फीसदी बढ़कर 92.87 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया है।

इसके साथ ही चालू वित्त वषज़ 2023-24 में दिसंबर तक संचयी कोयला उत्पादन 12.47 फीसदी बढ़कर 684.31 मीट्रिक टन हो गया है, जबकि वित्त वषज़ 2022-23 की समान अवधि के दौरान यह 608.34 मिलियन टन रहा था।



### 2023 में बढ़ा उत्पादन

कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि देश का कोयला उत्पादन दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर 10.75 फीसदी बढ़कर 92.87 मिलियन टन (एमटी) रहा है। इससे पिछले वर्ष के समान अवधि में कोयला का उत्पादन 83.86 मिलियन टन रहा था। मंत्रालय के मुताबिक, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन दिसंबर में 8.27 फीसदी की वृद्धि के साथ 71.86 मिलियन टन हो गया है, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 66.37 मिलियन टन रहा था।

### पहले रही स्थिति

मंत्रालय के मुताबिक, दिसंबर में कोयले का डिस्पैच (प्रेषण) 8.36 फीसदी की वृद्धि के साथ 86.23 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो दिसंबर 2022 में 79.58 मिलियन टन था। इसी तरह कोल इंडिया लिमिटेड का प्रेषण दिसंबर 2023 में 66.10 मिलियन टन रहा, जबकि दिसंबर 2022 में 62.66 मिलियन टन था, जो 5.49 फीसदी की वृद्धि है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में संचयी कोयला प्रेषण (दिसंबर 2023 तक) 11.36 फीसदी की वृद्धि के साथ 709.80 मिलियन टन हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि के दौरान यह 637.40 मिलियन टन था।

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(3 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : पौष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 12:04 -12:46 दोपहर तक, **तिथि** : सप्तमी 07:50 शाम तक, **नक्षत्र** : उत्तरा फाल्गुनी 02:46 दोपहर तक, **पक्ष** : कृष्ण, **राहुकाल** : 12:25-01:43 दोपहर तक।

### विशेष दिन

03 जनवरी 1831 को देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म आज ही के दिन हुआ था।

सूर्योदय : 07 :14
सूर्यास्त : 05 :36

**मेष :** आज आप खुद को ऊर्जा से सराबोर महसूस करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्ति के योग बनेंगे। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे। विश्वसनीय व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**वृषभ :** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवन-साथी का प्यारा दिन खुशनुमा बना सकता है। कोर्ट के चक्कर लग सकते हैं। बच्चों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए थोड़ा समय अलग से निकालें।

**मिथुन :** आज बिजनेस में कुछ नुकसान हो सकता है। भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होंगे। शुभ समाचार मिलेंगे। बिजनेस नुकसान को होशियारी से टाला जा सकता है।

**कर्क :** आज अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। आजीविका एवं सुख के साधन जुटा पाएंगे। किसी से सहयोग की आशा नहीं करें।

**सिंह:** आज संतुष्ट महसूस करेंगे। घर-प्रॉपर्टी लेने के लिए दिन अच्छा है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने का अच्छा मौका है। आज टीम की तरह काम करना आपको फायदा पहुंचा सकता है।

**कन्या :** आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ यह दिन और दिनों की अपेक्षा बेहतर गुजरेगा। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप से बचें। पुराने मित्रों, रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

**तुला :** आज आप बेहतर जिंदगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करेंगे। गलतफहमियों के कारण वैवाहिक जीवन छिन्न-भिन्न हो सकता है। दुश्मन आपके खिलाफ षंडयत्र रखने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक:** आज अगर किसी से प्यार का इज़हार करना है तो सफलता मिलने की संभावना अधिक रहेगी। लेकिन याद रखें, जल्दबाजी या हड़बड़ाहट से बनते काम बिगड़ सकते हैं। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें।

**धनु:** आपके शौर्य में वृद्धि होगी। सम्मान के अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार में आशानुकूल लाभ होगा। जीवनसाथी से मतभेद होंगे। अपने भविष्य की योजना बनाने के लिए बिलकुल उपयुक्त दिन है।

**मकर :** आज नौकरी और व्यवसाय में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है। किसी प्रकार के वाद-विवाद में न पड़ें। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है।

**कुंभ :** आप अकेलापन महसूस करेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्ति से मेल-जोल बढ़ेगा। कला की तरफ रुझान होगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। आय में वृद्धि के योग हैं। अपने सामाजिक जीवन को दरकिनार न करें।

**मीन :** आज अपने करियर पर विशेष ध्यान दें। शेयर मार्केट से आपको निराशा हो सकती है। सामाजिक कार्यों में संलग्न होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। चिंता व तनाव में रहेंगे। दुर्घटना आदि से बचें।

## बाजार

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम में उतार-चढ़ाव जारी, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नहीं कोई बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर है।




### ब्रेंड क्रूड 78.32 डॉलर प्रति बैरल पर

अंतराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 1.28 डॉलर यानी 1.66 फीसदी की उछाल के साथ 78.32 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.08 डॉलर यानी 1.51 फीसदी की उछाल के साथ 72.73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### विंडफॉल टैक्स एक हजार प्रति टन बढ़ा

केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में एक हजार रुपए प्रति टन का इजाफा किया है। डीज़ल और विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ़) के नियाज़्त पर लगने वाली अतिरिक्त शुल्क को शून्य कर दिया है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की मौजूदा दर 1,300 रुपए प्रति टन से बढ़कर अब 2,300 रुपए प्रति टन हो गया है। डीजल के निर्यात पर लगने वाला विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) 0.50 रुपए प्रति लीटर को खत्म कर दिया गया है।

## केजरीवाल पर भड़के सिद्धू

**चंडीगढ़ ।** पंजाब में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर चल रही मशक्कत के बीच नवजोत सिद्धू ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिद्धू ने दिल्ली शराब घोटाले पर केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। सिद्धू ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली शराब घोटाले पर तथ्यों और आंकड़ों पर आधारित मेरे सवालों को चुनाव 2022 के बाद से उत्तर नहीं मिला है। आपकी चुप्पी उन सिद्धांतों के प्रति एक विश्वासघात है जिनकी आपने एक बार वकालत की थी। एक समय जवाबदेही के मुखर समर्थक रहे अरविंद केजरीवाल मूक हो गए हैं। क्या यह असुविधाजनक सत्यों की स्वीकारोक्ति है।



# 300 दुकानों का तैयार हलवा मंदिर में प्रसाद बनते ही देता है एक जैसा स्वाद

अनंत ज्ञान, ऊना

**अब** यह मां की महिमा है, कोई वैज्ञानिक आधार है या इसके पीछे कुछ और रहस्य है, लेकिन यह आश्चर्यजनक रूप से सत्य है कि मां चिंतपूर्णी के दरबार में हलवा का प्रसाद चढ़ने के बाद स्वाद एक जैसा हो जाता है।

चमत्कारिक रूप से प्रसाद का स्वाद इस प्रसाद के स्वाद में दशकों बाद भी कोई अंतर देखने को नहीं मिला है। यह अलग बात है कि चिंतपूर्णी में तीन सौ से ज्यादा दुकानों में हलवे का प्रसाद तैयार किया जाता है और यह प्रसाद अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा तैयार किया जाता है। हर रोज हजारों श्रद्धालु भी अलग-अलग दुकानों से प्रसाद खरीदते हैं। कई श्रद्धालु घर से बनाकर भी प्रसाद लाते हैं, लेकिन जब मंदिर में प्रसाद चढ़ गया तो स्वाद में कोई फर्क नहीं रहता।

हां, मंदिर में चढ़ने वाला प्रसाद देसी घी से बनकर तैयार होता है। दुकानदार भी इस नियम का सख्ती से पालन करते हैं। बताया जाता है कि पूर्व में कुछ लोगों ने देसी घी के बजाय वनस्पति घी का प्रयोग किया तो उन्हें उस दिन भारी नुकसान उठाना पड़ा।

प्रसाद से जुड़ी दिलचस्प बात यह भी है कि मां ज्वालामुखी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को चिंतपूर्णी का प्रसाद ले जाने की मनाही है। परंपरा है कि जब भी किसी श्रद्धालु ने मां चिंतपूर्णी के दरबार के बाद ज्वालामुखी दरबार में माथा टेकना होता है तो मां चिंतपूर्णी का प्रसाद यहीं रखना पड़ता है।



**प्रसाद** का स्वाद तो एक जैसा होता है, लेकिन मां के दरबार में चढ़ने के बाद स्वाद में भी बढ़ोतरी हो जाती है। ऐसा क्यों है, इसके पीछे मां का ही कोई चमत्कार हो सकता है, लेकिन सच यह भी है कि चिंतपूर्णी के दुकानदार भी नित के नियम से ही मां का प्रसाद तैयार करते हैं। मां का प्रसाद ज्वालामुखी मंदिर में नहीं ले जाया सकता। यह परंपरा कब से है, इस बारे में सटीक जानकारी तो नहीं है। लेकिन ऐसा लंबे समय से चला आ रहा है। मान्यता है कि मां चिंतपूर्णी सभी देवियों में छोटी हैं। इसलिए मां का भोग अन्यत्र नहीं ले जाया जा सकता।

**-गौरव कालिया, पुजारी माता चिंतपूर्णी मंदिर।**



**धर्म** और आस्था से जुड़े इस विषय पर ज्यादा कह पाना संभव नहीं है, लेकिन चूंकि मंदिर के प्रसाद को बनाने की विधि एक जैसी है तो संभव है कि प्रसाद का स्वाद भी एक जैसा हो। प्रसाद शुद्ध देसी घी से बनता है और उसमें डाली जाने वाली सामग्री सूजी या आटा और चीनी ही होती है, ऐसे में हो सकता है कि प्रसाद का स्वाद भी एक जैसा ही होता है।

**-जगदीश धीमान, सहायक आयुक्त, खाद्य एंव आपूर्ति विभाग।**

## न्यूज ब्रीफ

### शास्त्री अध्यापकों के भरे जाएंगे 22 पद 10 जनवरी को होगा साक्षात्कार

**ऊना।** शिक्षा विभाग में शास्त्री अध्यापकों के 22 पद भरे जाएंगे। इसके लिए 10 जनवरी को सुबह 11 बजे यहां डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंटरी एजुकेशन के दफ्तर में काउंसलिंग होगी। डिप्टी डायरेक्टर देवेंद्र चंदेल ने बताया कि पहले यह काउंसलिंग 17 और 18 नवंबर को होनी थी। लेकन किन्हीं प्रशासनिक कारणों के चलते रोक लगा दी गई थी। उन्होंने कहा कि जो अभ्यार्थी 17 नवंबर को काउंसलिंग में भाग ले चुके उन्हें इस काउंसलिंग में आने की जरूरत नहीं है। देवेंद्र चंदेल ने बताया कि अभ्यर्थियों की सूची और बायोडाटा सहित पूरी जानकारी दफ्तर की वेबसाइट www.ddeeuna.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को कॉल लेटर भी भेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्री अध्यापकों के 22 पदों में आठ अनारक्षित वर्ग, तीन ईडब्ल्यूएस, तीन ओबीसी, एक ओबीसी बीपीएल, एक ओबीसी डब्ल्यूएफएफ, चार एससी, एक एससी बीपीएल और एक पद एसटी का शामिल है।

### टीडीसी प्लेसमेंटस व सर्विसेज रोजगार का अवसर, ऑपरेटर के 220 पद भरे जाएंगे

**ऊना।** इंडस्फिनिक्स परवाणू, आईटीसी कपूरथला, टीडीसी प्लेसमेंटस और सर्विसेज चंडीगढ़ द्वारा ऑपरेटर के 220 पद युवतियों के लिए अधिसूचित किए गए हैं। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 3 जनवरी को यहां कार्यालय में इंटरव्यू लिया जाएगा। चार जनवरी को उप रोजगार कार्यालय बंगाणा, पांच को उपरोजगार कार्यालय हरोली और छह जनवरी को उप रोजगार कार्यालय अंब में कैंपस इंटरव्यू होंगे। उन्होंने कहा कि इंडस्फिनिक्स परवाणू में ऑपरेटर पद के शैक्षणिक योग्यता 12वीं और फिटर, टर्नर, मकैनिकल में आईटीआई होना अनिवार्य है। जबकि आईटीसी कपूरथला के लिए ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट, आईटीआई कोपा युवतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा न्यूनतम वेतन 12,317 से 13 हजार और अधिकतम वेतन अनुभव के आधार पर तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### संस्कृत भारती का प्रबोधन वर्ग शुरू, संस्कृत बनेगी लोक व्यवहार की भाषा : ओंकार चंद



संबोधन करते हुए प्रांत संपर्क प्रमुख ओंकार चंद।

**ऊना।** कोटलाकलां स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में संस्कृत भारती का 10 दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग आरंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में रमेश शास्त्री ने बतौर चीफगेस्ट शिरकत की। स्पेशल गेस्ट के रूप में योगेश कुमार, मोहन लाल मोहिनी उपस्थित रहे। शास्त्री ने प्रतिभागियों का समुचित मार्गदर्शन किया। प्रांत संपर्क प्रमुख ओंकार चंद ने कहा कि संस्कृत भाषा को लोक व्यवहार की भाषा बनाने के लिए प्रयास जारी है। इसके लिए संस्कृत भारती पिछले 40 वर्षों से प्रचार प्रसार में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह जिलों से लगभग 200 स्टूडेंट्स ऊना में संस्कृत संभाषण का अभ्यास कर रहे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्कृत किसी वर्ग विशेष की भाषा नहीं है, बल्कि संस्कृत में अपार ज्ञान संपदा निहित है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के उपयोग से मानव जीवन सुखद और उल्लासपूर्ण बनेगा, इसलिए सभी को संस्कृत पढ़ने का प्रयास करना चाहिए। ओंकार चंद ने यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के प्राध्यापक स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन करेंगे, जिससे स्टूडेंट्स के आचरण में अत्यधिक परिवर्तन होगा। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. भूपेंद्र कुमार ओझा, पंकज, केवल, डॉ. गेवराम सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

### एसजीपीसी चुनाव : वोटर लिस्ट तैयार करने का काम शुरू, 29 फरवरी तक होगा पंजीकरण

**ऊना।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) चुनाव के के लिए वोटर लिस्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जो 29 फरवरी तक चलेगा। डीसी राघव शर्मा ने बताया कि डायरेक्टर पंचायतीराज एवं आयुक्त गुरूद्वारा चुनाव हिमाचल से प्राप्त शेडयूल के अनुसार एक से 20 मार्च तक वोटर लिस्ट तैयार करके उसकी छपाई और रखरखाव का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। राघव शर्मा ने बताया कि वोटर लिस्टों का प्रारंभिक प्रकाशन 21 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक प्रकाशन सूची में प्रकाशित नाम, पद व पता या कर्मचारी के मामले में, उसका पद और पता से संबंधित दावे व आक्षेप 21 मार्च तक संबंधित पुनर्रीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दावे व आक्षेप प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल रहेगी। उन्होंने कहा कि सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम, 1959 के नियम 10(3) के तहत प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का निपटारा 21 अप्रैल को उपायुक्त द्वारा किया जाएगा। दो मई तक वोटर लिस्टों को छपाई के लिए तैयार कर लिया जाएगा। तीन मई को वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल जारी... प्रशासन ने सुरक्षा मुहैया कराई

# पंप ऑपरेट्र्स की गाड़ियों से होगी तेल की सप्लाई

अनंत ज्ञान, ऊना

**ट्रक** ड्राइवरों की हिट एंड रन कानून को लेकर चौथे दिन भी हड़ताल जारी रही। इस दौरान ड्राइवरों के विरोध के बीच आईओसी टर्मिनल के भीतर टैंकर भेजे गए। टर्मिनल के बाहर काफी संख्या में पुलिस तैनात थी। उधर, ड्राइवरों ने प्रशासन पर धक्केशाही से आईओसी टर्मिनल के अंदर टैंकर भेजने का आरोप लगाया।

इससे पहले जिला प्रशासन ने पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई को सुचारू बनाने के लिए हस्तक्षेप करते हुए पेट्रोल पंप ऑपरेटरों के साथ बैठक की, जिसमें तय हुआ कि ऑपरेटरों के खुद के टैंकरों से उनके पेट्रोल पंप तक तेल की सप्लाई की जाएगी। इसके बाद लगभग 65 टैंकर टर्मिनल में तेल सप्लाई के लिए दाखिल हुए। इसके लिए प्रशासन ने पुलिस सुरक्षा भी मुहैया करवाई है।

वहीं, ड्राइवर यूनियन के प्रधान शिव कुमार ने कहा कि हमारा स्टेरिंग छोड़ आंदोलन है। हम कोई झगड़ा नहीं करेंगे और कोई तोड़फोड नहीं करेंगे। हमारा आंदोलन शांतिपूर्वक था और आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम पिछले चार दिनों से हड़ताल पर बैठक हैं। हमें किसी विधायक या सांसद नहीं पूछा। उन्होंने कहा कि कुछ ऑपरेटर अपने ड्राइवरों पर गाड़ी भरने का प्रेशर बना रहे हैं। ड्राइवरों को नौकरी से निकालने की बात कह रहे हैं।

ट्रक ड्राइवर परगट ने कहा कि हमें पिछले चार दिन से हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे साथ कोई समझौता नहीं है। आज धक्केशाही से टर्मिनल के अंदर गाड़ियां भेजी हैं। ड्राइवरों का आरोप है कि हमारे साथ धोखा किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्राइवर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अगर ड्राइवर बेकाबू होते हैं तो उसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। उन्होंने चेताया कि ट्रक ड्राइवर चक्का जाम करने से गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्राइवर भी घर से रोजी रोटी कमाने आए हैं।



### प्राइवेट बस ऑपरेटरों की हड़ताल अगले दो दिन नहीं चलेंगी बसें

**ऊना।** हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को हिमाचल प्राइवेट ऑपरेटर यूनियन ने हड़ताल कर दी। जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत हुई। अगले दो दिन भी प्राइवेट बसें नहीं चलेंगी। यूनियन की हुई बैठक में इसका फैसला लिया गया है। प्रदेशाध्यक्ष राजेश पराशर ने कहा कि हिट एंड रन कानून अन्यायपूर्ण है। इस कानून के विरोध में हम ड्राइवरों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ड्राइवरों के साथ कुठाराघात किया है। कानून लागू करने से पहले संबंधित वर्ग को विश्वास में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों के साथ कुठाराघात कतई सहन नहीं होगा।

### पेखुबेला से विभिन्न जगहों को भेजे तेल 165 टैंकर


**ऊना।** ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से आईओसी टर्मिनल पेखुबेला से प्रभावित हुई पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई को सुचारु बनाने के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। ऊना के एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान के मुताबिक मंगलवार शाम छह बजे तक आईओसी टर्मिनल से 165 तेल टैंकर विभिन्न जगहों के लिए भेजे गए, जबकि 19 टैंकरों में तेल की फिलिंग का काम जारी था, जिन्हें देर शाम टर्मिनल से आगे के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा रायपुर सहोड़ा के बॉटलिंग प्लांट से एलपीजी की सप्लाई के लिए 28 गाड़ियां रवाना की गई हैं।

### 10 लीटर तक अनुमति, पेट्रोल पंप ऑपरेट्र्स को आदेश जारी, ज्यादा तेल को एसडीएम से लेनी होगी परमिशन

**ऊना।** पंप ऑपरेटरों को एक समय पर सिर्फ 10 लीटर तक ही तेल भरने की अनुमति होगी। अगर कोई वाहन मालिक इससे ज्यादा तेल भरने के लिए कहता है, तो उसे संबंधित एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी राघव शर्मा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी रोकथाम ऑर्डर 1977 को मद्देनजर रखते हुए आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को वाहन के टैंक के अलावा किसी भी अन्य कंटेनर में तेल नहीं दिया जाएगा। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड या अन्य आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई वाले वाहनों, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहनों को तेल भरने में प्राथमिकता देनी होगी। राघव शर्मा ने कहा कि सभी पेट्रोल पंप ऑपरेटर आपातकालीन परिस्थितियों के लिए न्यूनतम रिजर्व पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 25 हजार लीटर या इससे अधिक क्षमता वाले पेट्रोल व डीजल पंपों पर इमरजेंसी के लिए न्यूनतम तीन हजार लीटर डीजल और दो हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व रखा जाए। इसके अलावा 25 हजार से कम क्षमता वाले डीजल व पेट्रोल पंपों पर न्यूनतन दो हजार लीटर डीजल और एक हजार लीटर पेट्रोल को इमरजेंसी के लिए रिजर्व रखने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी डीलर को पेट्रोल, डीजल की जमाखोरी और कालाबाजारी करने की अनुमति नहीं होगी। अगर कोई ऐसा करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानून के अुनसार कार्रवाई अमल में जाई जाएगी।

# मंडी जिले में दो चालकों में हाथापाई, ब्यास नदी में गिरे

▶ ओवरटेक को लेकर ट्रैवलर व पंजाब के कार चालक में हुआ झगड़ा ▶ दिन भर चला सर्च ऑपरेशन नहीं लगा सुराग



सर्च ऑपरेशन करती हुई टीमें।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**हिमाचल** प्रदेश के मंडी जिला में ट्रैवलर गाड़ी के चालक और पंजाब के परिवार के बीच ओवरटेक को लेकर झगड़ा हो गया, जिसको लेकर दोनों चालक बीच रोड में आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों में लड़ाई इतनी भयंकर हो गई कि दोनों चालक ब्यास नदी में जा गिरे। घटना 7:30 बजे के करीब की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाई-वे पर पंजाब नंबर की फॉर्च्यूनर गाड़ी व हिमाचल नंबर की ट्रैवलर मनाली से पंजाब की ओर जा रहे थे।

मंडी शहर से महज तीन किलोमीटर दूर बिंद्राबनी के पास दोनों गाड़ियों के चालक ओवरटेक को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान लड़ते हुए दोनों चालक ढांक से गिरकर ब्यास नदी की ओर जा गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने जैसे ही दोनों चालकों को ब्यास नदी में गिरते देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को दी। एएसपी अमित यादव ने बताया की गत रात्रि 8 बजे उन्हें इस घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस द्वारा रात एक बजे तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा।

कड़ाके की ठंड के चलते इस ऑपरेशन को रोकना पड़ा इसके बाद सुबह आठ बजे से दोबारा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम द्वारा व्यास नदी पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है और बोट के माध्यम से भी लापता चालकों की तलाश जारी है।

मंडी में ओवरटेक को लेकर हुए झगड़े के दौरान कार व ट्रैवलर चालक के ब्यास नदी में गिरने का मंगलवार देर सायं तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। बतां दें कि मंगलवार सुबह से ही पुलिस प्रशासन की निगरानी में एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें ब्यास नदी में दोनों चालकों की तलाश करती रहीं, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

## 79 मामलों में से 28 मामले विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन : उपायुक्त

▶ जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक में बोले डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

**अनुसूचित** जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला में उक्त अधिनियम के तहत दर्ज 79 मामलों की ताजा स्थिति और इनसे संबंधित मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई।

डीसी ने बताया कि अभी इन 79 मामलों में से 28 मामले विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं, जबकि, 35 मामलों की अभी पुलिस जांच चल रही है। 12 मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट्स न्यायालयों में विचाराधीन हैं और चार मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट्स अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग के अधिकारियों से कहा कि इन मामलों की जांच एवं अभियोजन प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा सभी लंबित मामलों का नियमित रूप से फॉलोअप किया जाना चाहिए।

# अधिकारी अतिशीघ्र पूरा करें पुराने कार्य

अनंत ज्ञान, बड़सर

**विधायक** इंद्रदत्त लखनपाल ने उपमंडल स्तर के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि पुराने कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करें और अगले वित्तीय वर्ष के लिए अभी से ही तैयारियां कर लें।

उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में नया बजट भी आ जाएगा, जिससे क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों को गति मिलेगी। सभी अधिकारी नए वित्तीय वर्ष के लिए विकास कार्यों की रूप रेखा अभी से बनाना शुरू कर दें, ताकि बजट मिलते ही इन कार्यों को तुरंत शुरू किया जा सके। लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए व्यापक एवं दीर्घकालीन परियोजनाएं बनाई जा रही हैं। इन सभी परियोजनाओं को चरणबद्ध ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा।



बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल अधिकारियों से बात करते हुए।

उन्होंने कहा बड़सर और बिझड़ी में अस्पताल भवनों का विस्तार किया जाएगा तथा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए भी करोड़ों रुपए की डीपीआर बनाई गई हैं। क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी बड़ी-बड़ी योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इनके अलावा कई अन्य विकास कार्यों की डीपीआर भी तैयार की गई हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली।

सुविधा

### जिले में प्राइवेट बसों के करीब 1500 लोकल और लांग रूट दिन भर रहे प्रभावित

# हमीरपुर डिपो ने अपने सभी लांग रूटों पर चलाई बसें

रवि ठाकुर, हमीरपुर

**हमीरपुर** जिला में प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने मंगलवार को रूटों पर बसें नहीं चलाई। प्राइवेट बस ऑपरेटर भी ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल में शामिल हो गए हैं। हिट एंड रन नए कानून मामले का असर दिन भर जिला भर में देखने को मिला है। ऐसे में मंगलवार को यात्रियों को दिन भर बसों की कमी के चलते खासा परेशान होना पड़ा। हालांकि एचआरटीसी द्वारा बसें चलाए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। निगम की लोकल व लांग रूटों पर बसें दिन भर दौड़ती नजर आई, हालांकि निगम की बसें यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। इसके चलते लोकल यात्रियों को पैदल ही सफर तय करना पड़ा।

एचआरटीसी डिपो हमीरपुर ने अपने सभी लांग रूटों पर बसें चलाई हैं, जबकि निगम के 100 के करीब लोकल रूट थोड़ा बहुत प्रभावित हुए हैं। वहीं डीडीएम राजकुमार ने बताया कि एचआरटीसी हमीरपुर को भी तेल की किल्लत से दो-चार होना पड़ रहा है लेकिन एचटीसी द्वारा तेल की व्यवस्था की जा रही है, यही नहीं निगम ने यात्रियों की डिमांड पर आधा दर्जन से अधिक एकस्ट्रा बसें चलाकर लोगों को राहत भी पहुंचाई है। निगम की जो बसें रूटों पर चल रही थी। (अनंत ज्ञान)



एचआरटीसी डिपो हमीरपुर ने अपने सभी लांग रूटों पर चला दी हैं बसें।

निगम के डीडीएम राजकुमार पाठक का कहना है कि एचआरटीसी ने अपने सभी लांग रूटों पर बसें चलाई हैं, जबकि 100 के करीब लोकल रूट जरूर थोड़ा प्रभावित हुए हैं। यही नहीं यात्रियों की डिमांड पर आधा दर्जन से अधिक स्पेशल बसें भी दिन भर अलग-अलग स्टेशनों के लिए चलाई गई हैं, ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा झेलनी पड़े।

**-राजकुमार पाठक, डीडीएम, हमीरपुर निगम।**

## आईआईटी मंडी ने निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन मांगे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के सेंटर फॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन (सीसीई) ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम (एचपीकेवीएन) के सहयोग से 15 जनवरी से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ करने की घोषणा की है। यह निशुल्क कार्यक्रम प्रतिभागियों को मूल्यवान कौशल और ज्ञान प्रदान करने के लक्ष्य से तैयार किए गए हैं।

संस्थान द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में आईआईटी मंडी के सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एजुकेशन के प्रमुख प्रो. तुषार जैन ने कहा कि यह कार्यक्रम शिमला के एचपीकेवीएन द्वारा आईआईटी मंडी के सहयोग से प्रायोजित किए जा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के युवाओं को आईआईटी मंडी में वरिष्ठ फैकल्टी के मार्गदर्शन में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। ये पाठ्यक्रम इंजीनियरिंग, बीसीए, एमसीए, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और कामकाजी पेशेवरों के लिए उपलब्ध हैं। पाठ्यक्रम की अवधि एक महीने की होगी। इन निशुल्क ऑफलाइन पाठ्यक्रमों का पंजीकरण शुरू हो चुका है और यह 12 जनवरी तक जारी रहेगा।

स्वार्थ हर तरह की भाषा बोलता है, हर तरह की भूमिका अदा करता है, यहां तक कि नि:स्वार्थता की भाषा भी नहीं छोड़ता। – रामधारी सिंह दिनकर



# ट्रक ऑपरेट्र्स की हड़ताल से पर्यटन धड़ाम

**हिट** एंड रन मामले में दस साल की सजा व जुर्माने का प्रावधान किए जाने को लेकर बिफरे ट्रक चालकों के हड़ताल पर जाने से प्रदेश में भी इसके व्यापक असर देखने को मिल रहे हैं। हिमाचल के साढ़े तीन हजार से जयादा पेट्रोल पंपों में तेल खत्म हो गया है। वाहन चालकों में पेट्रोल व डीजल को लेकर मारामारी शुरू हो गई है। लोग इस बात से चिंतित हैं कि वे अपने गंतव्यों तक कैसे पहुंचेंगे? सरकारी से लेकर प्राइवेट कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त है। दिहाड़ी-मजदूर को दिहाड़ी लगाना मुश्किल हो गया है। प्रदेश के करीब अस्सी फीसदी से ज्यादा पेट्रोल पंपों में पेट्रोल व डीजल खत्म हो चुका है। अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिन और संकट भरे हो सकते हैं। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में सबसे बड़ी ट्रक यूनियन में दस हजार से अधिक ट्रक हैं। इसके अलावा अन्य जिले भी प्रभावित हुए हैं। पटरी पर दौड़ रहा पर्यटन भी धड़ाम से नीचे गिर गया है। लोग अब हिमाचल आने से कतराने लगे हैं। जो पर्यटक नव वर्ष मनाने के लिए शिमला, मनाली, धर्मशाला आदि जगह आए थे अब उन्हें घर वापसी की चिंता सताने लगी है। खाने-पीने की चीजें भी महंगी हो गई हैं। हिमाचल में छोटी-बड़ी गाड़ियों के चक्के थम गए हैं, जिससे आम जरूरत की चीजों की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ रहा है। हिट एंड रन कानून को लेकर ट्रक और बस ड्राइवरों की जारी हड़ताल का अभी तक कोई हल नहीं निकला है। ड्राइवरों की हड़ताल और चक्काजाम से लेकर पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। ड्राइवरों की हड़ताल को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी करने की नौबत भी सकती है। अचानक से सब्जियों के दामों में उछाल भी दिख सकता है। फल, सब्जी, दूध, कृषि के सामानों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। साल 2020 में हिट एंड रन के 52448 मामले सामने आए थे, जिसमें 23159 लोगों की मौत हो गई। इससे अगले साल 2021 में मामले सामने आए और 25938 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। दरअसल, हिट एंड रन के मामले सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े होते हैं। हिट एंड रन का मतलब है तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और फिर भाग जाना। ऐसे में सबूतों और प्रत्यक्षदर्शियों के अभाव के कारण दोषियों को पकड़ना और सजा देना बहुत मुश्किल हो जाता है। ड्राइवरों में इस बात का डर है कि यदि व घायल की मदद करने को जाते हैं, उन्हें भीड़ के गुस्से का सामना करना पड़ता है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का दावा है कि कानून में संशोधन से पहले जिम्मेदार व्यक्तियों से सुझाव नहीं लिए गए। देश में एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन प्रोटोकॉल का अभाव है। पुलिस वैज्ञानिक जांच किए बिना ही दोष बड़े वाहन चालकों पर मढ़ देती है। हाल ही में संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया था कि सरकार ने उन लोगों के लिए सख्त दंड का प्रावधान किया है, जो सड़क दुर्घटना करने के बाद मौके से भाग जाते हैं और पीड़ितों को मरने के लिए वहीं छोड़ देते हैं। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी कहा था कि उन लोगों के लिए कुछ उदारता दिखाई जाएगी जो खुद से पुलिस को सूचित करेंगे और घायलों को अस्पताल ले जाएंगे। हालांकि, भारतीय दंड संहिता में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। खैर, फिलहाल हिट एंड रन के मामलों में सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि अपराध स्थल पर अपराधी के खिलाफ प्रत्यक्ष सबूत का अभाव होता है। इस वजह से पुलिस अधिकारियों के लिए जांच को आगे बढ़ाना और अपराधी को ढूंढना बेहद मुश्किल हो जाता है। जिन गवाहों पर जांच निर्भर करती है वे भी मदद करने से कतराते हैं, क्योंकि वो किसी भी तरह के कानूनी मसले में फंसना नहीं चाहते हैं। जो भी हो सरकार को ऑपरेट्र्स के साथ बात कर इस समस्या का समाधान जल्द निकाल लेना चाहिए।

# डायबिटीज से कई समस्याएं, स्किन केयर के तरीके अपनाएं

ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने से त्वचा अपनी नमी खोने लगती है, जिससे त्वचा कई परेशानियों से ग्रस्त हो जाती है, इसलिए शुगर के रोगियों को अपनी त्वचा का विशेष रूप से ख्याल रखने की आवश्यकता है। शरीर में शुगर का स्तर बढ़ने से मधुमेह के मरीजों को दाद , खाज, खुजली, काले धब्बे और त्वचा पर सर्किल आदि समस्यायों से दो चार होना पड़ता है। मधुमेह के शिकार लोगों की त्वचा सामान्य से मोटी हो जाती है।

टाइप-एक और टाइप-दो दोनों प्रकार के डायबिटीज के शिकार लोगों में ये समस्या हो सकती हैं। हाथों के पीछे या अंगुलियों या पैर की अंगुलियों पर त्वचा मोटी और मोम नुमा हो सकती है। अगर आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता है, तो इस रोग के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। डायबिटीज के मरीजों की पीठ, गले और बांहों में कालापन बढ़ने लगता है। जो बैंड के समान नजर आता है। दरअसल, डायबिटीज की समस्या को पूरी तरह से काबू करना बेहद मुश्किल माना जाता है, लेकिन कुछ सावधानियों से शुगर को नियंत्रित किया जा सकता है।




लेखिका
शहनाज हुसैन
(अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय)

**डायबिटीज** हो जाए तो लोग अक्सर सेहत का ख्याल रखने की सलाह देते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि शुगर के रोगियों को सिर्फ अपनी सेहत का ही नहीं बल्कि अपनी त्वचा का भी ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि डायबिटीज का असर त्वचा पर भी दिखाई दे सकता है। डायबिटीज में शुगर हाई होने पर आपकी त्वचा खुश्क हो जाती है। त्वचा में खुजली और फटने की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। त्वचा के फटने के कारण कीटाणु और बैक्टीरिया आसानी से शरीर में जा सकते हैं और संक्रमण का जोखिम पैदा कर सकते हैं।

वास्तव में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने से त्वचा अपनी नमी खोने लगती है, जिससे त्वचा कई परेशानियों से ग्रस्त हो जाती है, इसलिए शुगर के रोगियों को अपनी त्वचा का विशेष रूप से ख्याल रखने की आवश्यकता है। शरीर में शुगर का स्तर बढ़ने से मधुमेह के मरीजों को दाद , खाज, खुजली, काले धब्बे और त्वचा पर सर्किल आदि समस्यायों से दो चार होना पड़ता है। मधुमेह के शिकार लोगों की त्वचा सामान्य से मोटी हो जाती है। टाइप-एक और टाइप-दो दोनों प्रकार के डायबिटीज के शिकार लोगों में ये समस्या हो सकती हैं। हाथों के पीछे या अंगुलियों या पैर की अंगुलियों पर त्वचा मोटी और मोम नुमा हो सकती है। अगर आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता है, तो इस रोग के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। डायबिटीज के मरीजों की पीठ, गले और बांहों में कालापन बढ़ने लगता है। जो बैंड के समान नजर आता है। दरअसल, डायबिटीज की समस्या को पूरी तरह से काबू करना बेहद मुश्किल माना जाता है, लेकिन कुछ सावधानियों से शुगर को नियंत्रित किया जा सकता है।

**त्वचा पर पैच नजर आना :** शरीर में शुगर का लेवल बढ़ने से त्वचा पर लाल, पीले और भूरे रंग के पैच नजर आने लगते हैं। इसके अलावा त्वचा में खुजली और जलन की समस्या बनी रहती है। दरअसल, यह त्वचा पर छोटे उभरे हुए बंप्स के रूप में शुरू होती है, जो पिंपल्स की तरह दिखने लगते हैं। समय के साथ ये बंप्स स्किन को हार्ड करके पैच बनने लगते हैं।

**स्किन इंफेक्शन :** चेहरे, गर्दन या पैरों की त्वचा पर खुश्की बढ़ने लगती है, जो स्किन रैश का कारण बन जाता है। इसके अलावा त्वचा में सूजन बढ़ जाती है। खास तौर से पैरों की अंगुलियों में सूजन दिखने लगती है, जो प्री डायबिटीज का संकेत मात्र हो सकता है। मॉइश्चराइजर का नियमित इस्तेमाल करें : अगर आपकी त्वचा रूखी है, तो त्वचा को मॉइश्चराइज करना काफी जरूरी है, क्योंकि रूखेपन से एलर्जी हो सकती है। स्किन पर मॉइश्चराइज की कमी से खुजली और त्वचा में रूखापन आ सकता है। इस कारण त्वचा के संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। सबसे अच्छा समय शॉवर या स्नान के ठीक बाद का होता है और दिन में भी कभी-कभी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। लोशन के स्थान पर त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए क्रीम और ऑइनमेंट का इस्तेमाल करना ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। इससे त्वचा लंबे वक्त तक पौषित रहती है। नहाने और स्विमिंग के बाद क्रीम अवश्य अप्लाई करें। इसके अलावा हाथों और पैरों के रूखेपन को दूर करने के लिए दिन में तीन से चार बार मॉइश्चराइजर का प्रयोग कर सकते हैं। हमेशा पैरों में भी मॉइश्चर लगाएं।



**सनस्क्रीन लगाएं :** मार्केट में बहुत नए प्रकार के सनस्क्रीन आ गए हैं, लेकिन अगर आप डायबिटिक रोगी हैं, तो आपको 40 एसपीएफ सनस्क्रीन का उपयोग बेहतर होगा, क्योंकि यह आपको शुगर के हानिकारक प्रभावों से बचाएगा। सनस्क्रीन चेहरे को सूरज से होने वाले हानिकारक प्रभावों से बचाने में मदद करता है। यह स्किन को टैन होने से भी बचाता है। नियमित सनस्क्रीन का इस्तेमाल चेहरे को चमकदार बनाने में मदद करता है। सनस्क्रीन को स्किन पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। अक्सर हम लोग सोचते हैं कि सनस्क्रीन की जरूरत सिर्फ गर्मियों के मौसम में पड़ती है, लेकिन ऐसा नहीं है। सनस्क्रीन हर मौसम में लगाने की आवश्यकता होती है, इसलिए जब भी घर से बाहर निकलें या अगर आप घर में भी हैं तो भी सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

**हेल्दी डाइट लें:** आज कल के सर्दियों के सीजन में मूंगफली, गचक, चाय पकौड़े सहित ज्यादा तली-भुनी चीजों को खाने की आदत बढ़ जाती है, लेकिन इससे सेहत को नुकसान हो सकता है और इन वस्तुओं में ट्रांसफैट की वजह से आपका मधुमेह नियंत्रण से बाहर जा सकता है , इसलिए सीजनल फल और सब्जियों का ज्यादा सेवन करें। खूब पानी पिएं, ताकि त्वचा को पर्याप्त नमी प्रदान की जा सके। जामुन, एलोवेरा, टमाटर आंवला, दही, दाल चीनी खाएं। ताजे फलों का रस और कैफीन मुक्त पेय पदार्थों का सेवन करें। इसके अलावा नारियल पानी, नमकीन लस्सी, छाछ और मट्ठा आदि चीजें ले सकते हैं। शराब और चाय, कॉफी के ज्यादा सेवन से परहेज करें तो बेहतर होगा।

**स्किन फ्रेंडली सोप का चुनाव करें :** नहाने के लिए डियोड्रेंट साबुन या बॉडी वॉश के इस्तेमाल से बचना चाहिए। इससे त्वचा का पीएच लेवल प्रभावित होने लगता है। साथ ही स्किन पर लाल चकत्ते, घमोरियों का खतरा बढ़ जाता है। डायबिटीज के मरीजों को नहाने के लिए स्किन फ्रेंडली बॉडी वॉश या हर्बल साबुन का प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा स्किन पर ज्यादा मात्रा में बॉडी वॉश को अप्लाई करने से भी बचें।

**सूती कपड़े पहनें:** त्वचा को किसी भी प्रकार के संक्रमण, रेडनेस और रैशज से बचाने के लिए ऊनी कपड़ों को पहनने से बचें। अगर आप गर्म कपड़े पहनना चाहते हैं, तो पहले सूती के कपड़े की एक लेयर जरूर पहन लें। इसके बाद स्वैटर या शॉल पहन सकते हैं। शरीर की त्वचा गर्म कपड़ों के संपर्क में आने से त्वचा में सूजन और खुजली बढ़ने लगती है।

**ठंडे पानी से नहाएं:** मधुमेह के रोगीयों को ज्यादा गर्म या वर्षा के पानी से नहाने से बचना चाहिए। सर्दियों में हम अक्सर ज्यादातर गर्म पानी से नहाने की गलती करते हैं , जो त्वचा के लिए घातक साबित होती है। इसके अलावा इस मौसम में यदि आपको त्वचा रोगों से बचना है, तो आपको शरीर की सफाई रखनी चाहिए। नहाने के बाद अच्छे से अपने शरीर व हाथ-पैरों को कोमल और मुलायम तौलिये से पोंछे। अगर त्वचा गीली रहेगी तो इंफेक्शन का जोखिम अधिक हो सकता है।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

# नव वर्ष नूतन बेला

*गीत हर्षित गीत पुलकित*
*हम मिल के गाएंगे।*
*नव वर्ष नूतन बेला,*
*दीप खुशी के जलाएंगे।*
*कुंठा मन से निकाल दें,*
*बैर-विरोध त्याग दें।*
*बीती को बिसार दें,*
*नया जीवन सुधार लें।*
*भाईचारा हो सुदृढ़,*
*मन प्रेम प्रीत जगाएंगे।*
*नव वर्ष नूतन बेला,*
*दीप खुशी के जलाएंगे।*
*मिलके बढ़े आगे हम,*
*डगमगाएं न कदम।*
*मंजिल मिले आस की,*
*ले श्रद्धा विश्वास की।*
*क्षितिज के उस पार से,*
*नव उजाला ले आएंगे।*
*नव वर्ष नूतन बेला,*
*दीप खुशी के जलाएंगे।*



*एक सा विकास हो जन-*
*जन में उल्लास हो।*
*पावन हमारा आचरण हो,*
*दया भाव करुण हो।*
*सर्व धर्म सम्मान हो,*
*एकता अलख जगाएंगे।*
*नव वर्ष नूतन बेला,*
*दीप खुशी के जलाएंगे।*
*बैर विरोध त्याग के,*
*बंधु बनें अनुराग के।*
*नवल धरा नव गगन हो,*
*खुशियों भरा चमन हो।*
*प्रेम सुधा बरसे यहां,*
*सब को गले लगाएंगे।*
*नव वर्ष नूतन बेला, दीप*
*खुशी के जलाएंगे।*



कवि
शिव सन्याल
मकड़ाहन, जवाली
जिला : कांगड़ा

## प्रेरक कथा



# जैसे हम वैसी दुनिया

एक बार एक कुत्ता गलती से एक कमरे में घुस गया। जहां चारों तरफ ऊपर-नीचे शीशे ही लगे हुए थे। कुत्ता आश्चर्य से देखता रहा, उसे चारों तरफ ऊपर-नीचे हर ओर बस कुत्तों का झुंड ही दिखाई दे रहा था। कुत्ते ने डर के कारण भौंकना शुरू कर दिया, ताकि सारे कुत्ते वहां से भाग जाएं, पर उस कुत्ते को अपनी सारी परछाइयां भी उसके साथ भौंकतीं दिखाई दे रहीं थीं। यह मंजर देखकर कुत्ता डर गया और जोर-जोर से भौंकने लगा। साथ ही इस उस कुत्ते की परछाइयां भी भौंकने लगीं। जोर की गूंज के साथ वो कुत्ता भौंकता रहा और अपने ही परछाइयों को काटने लगा। शीशे से टकरा के उसके दांतों में चोट लगती, वह फिर भी और जोर से सामने वाले कुत्ते को काटने दौड़ता। गिरता-उठता फिर वही प्रक्रिया दोहराता। काफी समय के बाद वहां कुछ लोग आए, तो उन्होंने देखा वो कुत्ता बेजान और चोटिल अवस्था में वहां पड़ा था। इस कहानी से यह सीख मिलती है कि यह दुनिया अच्छी या बुरी नहीं होती, बल्कि हम ही अपने विचारों से अपने आस-पास के माहौल से इसे अच्छा या बुरा बनाते हैं।

# आग से राख हो रहे आशियानों का दोषी कौन?

**प्रदेश** में आग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। किन्नौर से लेकर भरमौर तक आग की घटनाएं होती जा रही हैं। ताजा घटना में 31 दिसंबर की रात को शिमला के जुब्बल के प्राउंठी गांव में भयंकर अग्निकांड में दस घरों के 80 कमरे जलकर राख हो गए। रात के करीब एक बजे घर में आग लग गई, जब परिवार के लोग गहरी नींद में सोये थे। गनीमत रही कि कोई जान नहीं गई और सभी लोग सुरक्षित बच गए। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। आग से करोड़ों की संपत्ति जल गई। कुल्लू के बंजार में भी आग की घटना में एक मकान जलकर राख हो गया, जिससे 15 लाख का नुकसान हुआ है। 14 दिसंबर, 2023 को कुल्लू के सैंज तहसील की बनोगी पंचायत के पटहिला गांव में भीषण अग्निकांड में नौ मकान जलकर राख हो गए और 15 परिवार बेघर हो गए।

मंदिर को भी आंशिक नुकसान हुआ था। इस अग्निकांड में लाखों की संपत्ति राख हो गई थी। प्रशासन ने पीड़ितों को राहत राशि दे दी है। आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। गत माह सिराज घाटी के जंजैहली की तुंगाधार में आग की घटना हुई थी। 27 जनवरी को शिमला के जुब्बल में 32 कमरों का चार मंजिला मकान जल गया। गनीमत रही कि घर में कोई मौजूद नहीं था। हिमाचल में अग्निकांड की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इन अग्निकांडों से कई प्रश्न सुलग रहे है। सैकड़ों घटनाएं घटित हो चुकी हैं। कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। लापरवाहियां लोगों के जीवन को राख में तब्दील कर रही हैं। आशियाने राख के ढेर में समाते जा रहे हैं। प्रदेश में निरंतर हो रहे इन अग्निकांडों पर संज्ञान लेना होगा, ताकि जान-माल की घटनाओं को रोका जा सके।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार
मो : 9459047744

स्कूलों व कॉलेजों में व्यवस्थाएं कम हैं, जबकि स्कूलों में कई भयानक अग्निकांड हो चुके हैं। प्रशासन को चाहिए कि प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट दफ्तरों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि तबाही कम हो सके। बिजली बोर्ड को समय पर बिजली के खंभों व तारों का निरीक्षण करते रहना चाहिए। सरकार ने जिला मुख्यालयों में तो अग्निशमन केंद्र स्थापित किए हैं, लेकिन जब तक यह गांव में पहुंचते हैं। तब तक मकान जलकर राख हो जाते हैं। सरकार को प्रत्येक बड़े-बड़े शहरों से लेकर गांव तक छोटे-छोटे केंद्र खोलने चाहिए।



अग्निकांड होने पर हेलिकाप्टरों की सेवाएं लेनी चाहिए, ताकि आग को बुझाया जा सके और जिंदगियां बच सकें। वर्ष 2023 में काफी अग्निकांडों हो चुके हैं। अग्निकांड से जनमानस भयभीत होता जा रहा है। साल 2018 में शिमला के रोहड़ू में 41 घरों में आग लगी थी और ऐतिहासिक गांव कशाणी राख में बदल गया था और लोग बेघर हो गए थे। 21 जनवरी, 2021 को कुल्लू के गड़सा में एक अढ़ाई मंजिला मकान में आग लगने से 43 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। मकान के अंदर सो रहा यह व्यक्ति जिंदा जल गया था। प्रदेश में भीषण अग्निकांडों में आज तक अरबों के हिसाब से संपत्तियां राख के ढेरों में बदल चुकी हैं। अग्निकांडों में हजारों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। अग्निकांडों से कई परिवार तबाह हो चुके हैं। हिमाचल में अग्निकांड थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अस्सी प्रतिशत अग्निकांड शार्ट सर्किट के कारण ही होता है।

इन हादसों को रोकने के लिए प्रदेश सरकार को कदम उठाने होंगे। आग को बुझाने की कोशिशों में लोग झुलस रहे हैं और मासूम जिंदा जल रहे हैं। समझ नहीं आता कि हर बार शार्ट सर्किट के कारण ही आग लगती है। प्रदेश में हर जिले में आग की घटनाएं हो रही हैं। ज्यादातर मामले गांव के हैं। इसके लिए लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। लोगो को घरों में गल-सड़ चुकी बिजली की तारों को समय पर बदलवाना चाहिए। पूरी तरह सतर्कता बरतनी चाहिए और बिजली बोर्ड को सूचित करना चाहिए। ज्वलनशील पदार्थों को घर से दूर रखना चाहिए और पशुओं का चारा व घास आदि गोशाला से दूर रखना चाहिए, क्योंकि ऐसी सूखी चीजें जल्दी आग पकड़ती है। अक्सर देखा गया है कि सरकारी व निजी भवनों में आग बुझाने के यंत्र ही नहीं होते हैं।

स्कूलों व कॉलेजों में भी ऐसी व्यवस्था कम ही है, जबकि स्कूलों में कई भयानक अग्निकांड हो चुके हैं। प्रशासन को चाहिए कि प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट दफ्तरों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध करवाए जाए, ताकि तबाही कम हो सके। बिजली बोर्ड को समय पर बिजली के खंभों व तारों का निरीक्षण करते रहना चाहिए। सरकार ने जिला मुख्यालयों में तो अग्निशमन केंद्र स्थापित किए हैं, लेकिन जब तक यह गांव में पहुंचते हैं। तब तक मकान जलकर राख हो जाते हैं। सरकार को प्रत्येक बड़े-बड़े शहरों से लेकर गांव तक छोटे-छोटे केंद्र खोलने चाहिए, ताकि अग्निकांड की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। सरकार को चाहिए कि प्रत्येक गांव में आपदा कमेटियां गठित की जाएं और उन्हें अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं पर काबू पाया पा सके।

# संसार में स्वार्थ का हर बंधन, कैसे हो सार्थक जीवन?

**हम** में से बहुत ही कम लोग होंगे, जो कभी यह सोचते होंगे कि हम इस संसार में क्या करने और क्यों आएं हैं? क्या हमने कभी सोचा है कि हमारा मनुष्य जन्म कैसे सार्थक होगा? हमारे वेद, धर्म और संस्कृति ने हमें शिक्षा दी है कि जंतुनाम नर जन्म दुर्लभम अर्थात मनुष्य का जन्म मिलना बहुत ही सौभाग्य है, क्योंकि मनुष्य जीवन 84 लाख योनी भुगतने के बाद मिलता है, लेकिन बहुत से लोग मनुष्य जीवन को सार्थक न बनाकर इसे गलत कर्मों, और अपने स्वार्थ में लगाकर अपने जीवन को निर्थक बना लेते हैं।

दुनिया में एक सेकंड में बहुत से बच्चे जन्म लेते हैं, लेकिन इनमें से

## ब्लॉगर



लेखक : राजेश कुमार चौहान
सुजानपुर, जिला-हमीरपुर
मो: 9023693142

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

विरले ही होते हैं, जो अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करते हैं और बहुत ही कम का मार्गदर्शक उनके माता-पिता इनके जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन जीवन को सार्थक करने की परिभाषा क्या है? क्या अपने लिए सुख-सुविधाओं को जुटाना? नहीं सार्थक जीवन वो कहलाता है, जो देश, समाज और लोकभलाई के लिए लगाया जाता है।

जीवन को सार्थक बनाने की जो कोशिश करते हैं, वो पुण्यमार्ग पर चलते हैं। इससे वो पाप बंधनों से भी मुक्त हो जाते हैं। जो लोग भौतिकतावाद की खुशियों को बंटोरने में ही लगे रहते हैं, वो इन खुशियों को पाने के लिए बहुत से पापकर्म भी करते हैं। ऐसा करके वो अपना जीवन दुखमयी भी बना लेते हैं, क्योंकि भौतिकतावाद का सुख पाने की लालसा कभी किसी को शांति से नहीं जीने देती।

दुनिया में बहुत से महापुरुष, समाजसेवी, देशप्रेमी हुए हैं, जिन्हें आज भी याद किया जाता है और उन्हें अपना आदर्श माना जाता है। दुनिया में कोई भी अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास नहीं करेगा, तो दुनिया में प्यार, सौहार्द, देशभक्ति , समाजसेवी, पर्यावरण प्रेम की कमी हो जाएगी। इससे स्वर्ग जैसी धरती नरक बन जाएगी। महाकवि कबीर ने कहा है कि पानी के बुलबुले की तरह मनुष्य का शरीर क्षणभंगुर है और जैसे प्रभात होते ही तारे छिप जाते हैं, वैसे ही ये देह भी एक दिन नष्ट हो जाएगी, इसलिए हमें हमेशा अपने जीवन को सार्थक बनाने की तरफ ध्यान देना चाहिए, पता नहीं कब हमारी आत्मा हमारे शरीर को छोड़कर चली जाए। अपने लिए तो पशु भी जिते हैं। क्यों न मनुष्य जीवन को सार्थक जीवन बनाकर दुनिया से जाएं। जब हम स्वयं अच्छे होंगे तो दुनिया हमारे लिए अच्छी होगी, क्योंकि हम आप से ही दुनिया है।

## आपका पत्र

**आधुनिक** युग में हर क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव ने समाज को प्रभावित किया है। पिछले बीस सालों में विज्ञान की बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है। सबसे बड़ी क्रांति यही है कि हम सोशल मीडिया के दौर में जी रहे हैं। कभी हम मोबाइल की महज एक कल्पना करते थे, लेकिन आज स्मार्टफोन के युग में जी रहे हैं और भविष्य में हो सकता है इससे भी बड़ी सुविधा हमारे हाथ में हो। हो सकता है एक चिप ही मोबाइल का काम करें। और भी कई सुविधाएं एक चिप से ही संभव हो सकें, लेकिन आज यह प्रश्न भी उठता है कि क्या विज्ञान की यह क्रांति सही है। कहीं हम खतरे की और तो नहीं बढ़ रहे। हमारे लिए विज्ञान अभिशाप तो नहीं बनता जा रहा। क्या हम विज्ञान का सही फायदा उठा पा रहे हैं। ऐसे कितने ही सवाल हैं, जिनको वर्तमान की कुछ स्थितियां ने जन्म दिया है। सोशल मीडिया के दौर में सूचना तंत्र को बड़ा खतरनाक तरीके से दुरुपयोग हो रहा है। आज नैतिक जिम्मेदारियों को भूलकर लोग सोशल मीडिया पर कुछ भी परोस रहा है। क्या यह सही है ? हमें विज्ञान के दौर में कहां तक सीमित रहना चाहिए ताकि नैतिकता हमारे जीवन का आदर्श बने सके। **–मोहन कुमार, शिमला।**

## आपकी डायरी

मोहब्बत, इनायत की
बरसात होगी,
कभी ना कभी तो
मुलाकात होगी।
शिकायत-विकायत
के चर्चे न होंगे
अगर बात होगी,
तो बस बात होगी।



शायर
संजय मेहरा
पालमपुर।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीआई ने सबूतों के अभाव में आईपीएल सट्टेबाजी से जुड़े दो मामले किए बंद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2019 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कथित फिक्सिंग से जुड़े दो मामलों को सबूतों के अभाव में बंद कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने यह जानकारी मिलने के बाद मई 2022 में सात लोगों के खिलाफ दो प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की थी कि 'क्रिकेट सट्टेबाजी में शामिल व्यक्तियों का एक नेटवर्क पाकिस्तान से मिल रहे 'इनपुट' के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के नतीजों को प्रभावित कर रहा है। सीबीआई ने पहली एफआईआर दिल्ली के रोहिणी स्थित दिलीप कुमार तथा हैदराबाद के रहने वाले गुर्रम वासु और गुर्रम सतीश के खिलाफ दर्ज की थी। दूसरी एफआईआर में राजस्थान के सज्जन सिंह, प्रभु लाल मीणा, राम अवतार और अमित कुमार शर्मा को आरोपी के रूप में नामित किया गया था। लगभग दो साल की जांच के बाद सीबीआई उनके खिलाफ मामला आगे चलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं जुटा पाई। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने 23 दिसंबर को विशेष अदालत में अपनी रिपोर्ट दायर कर दी है, जिसमें मामले को बंद करने की सिफारिश करने के कारणों का हवाला देने के अलावा, आरोपों और मामले में जांच का विस्तृत विवरण दिया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी द्वारा दायर की गई रिपोर्ट को स्वीकार करने या फिर आगे जांच का आदेश देने का फैसला अब अदालत को करना है।

### अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ की शानदार शुरुआत, क्लेरी लियु का हराया



**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटों में हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरुआत हार के साथ की। उन्हें पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।

### नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की डोमिनिक थिएम को 7- 5, 6-1 से दी मात

**ब्रिसबेन।** 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7- 5, 6-1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की । पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। 37 वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां कीं और तीन ही अंक गंवाए। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं। अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7-5, 6-4 से मात दी । महिला वर्ग में 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7- 5, 7-6 से हराया।

### अफगानिस्तान के कोच बने रहेंगे जोनाथन ट्रॉट, करार और बढ़ा

**काबुल।** अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का करार एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में पदभार संभाला था और 2023 के आखिर में उनका 18 महीने का कार्यकाल खत्म हो गया। उनके मार्गदर्शन में अफगानिस्तान ने टी-20 एशिया कप 2022 में अच्छा प्रदर्शन किया, पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 श्रृंखला जीती और बांग्लादेश को पहली बार वनडे श्रृंखला में हराया। वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका और नीदरलैंड को मात दी। अफगानिस्तान टीम इस समय यूएई में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेल रही है। इसके बाद 11 से 17 जनवरी तक भारत में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलना है।

### सीरीज गंवाने से बचने के लिए भारतीय गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

# केपटाउन में टॉस होगा बॉस

**एजेंसी, केपटाउन**

**पहले** टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वापसी के लिए भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा, ताकि विश्व चैंपियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके। इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है, जबकि भारत छठे स्थान पर है।

केपटाउन में टॉस की भूमिका अहम होगी, क्योंकि तापमान 33.34 के बीच है और पिच पर हरी घास है। यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है, जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है। हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे। भारत के लिए तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका अहम होगी। प्रसिद्ध कृष्णा अभी टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं और शार्दुल ठाकुर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

रोहित को यह भी देखना होगा कि वह अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों पर भरोसा करके शार्दुल और प्रसिद्ध की जगह मुकेश कुमार या आवेश खान को जगह देंगे। मुकेश ने नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया और वह शार्दुल से अधिक प्रभावी है। वहीं आवेश लाल गेंद से अतिरिक्त उछाल का फायदा उठा सकते हैं। ऐसे में नई गेंद की भूमिका अहम होगी। जसप्रीत बुमराह दुआ करेंगे कि आसमान में बादल घिरे हों और पहले टेस्ट की तरह वह बदकिस्मत साबित नहीं हो जब भारत की फील्डिंग भी लचर साबित हुई थी। कप्तान रोहित को बल्लेबाजी में अपना हुनर दिखाना होगा।

तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने उन्हें बार बार परेशान किया है। लुंगी एंगिडि भी उतने ही खतरनाक गेंदबाज हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में अच्छे फॉर्म में दिखे और यहां उन्हें टिककर पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी।

### दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना आसान नहीं

**इस** मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस टेस्ट के बाद विदा ले रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर नहीं चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी के बाद यहां टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराने वाले रोहित भारत के दूसरे कप्तान बनें। बल्लेबाजों की मददगार पिच पर एल्गर, एडेन मार्कराम, टोनी डि जोर्जी, कीगन पीटरसन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।



**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 पर होगा शुरू**

#### भारत

**रोहित** शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

#### दक्षिण अफ्रीका

**तेम्बा** बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

### दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका में झेलने होंगे 'बाउंसर'

**भारतीय** बल्लेबाजों में शीर्ष तीन यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के खराब फॉर्म ने टीम की चिंता बढ़ा दी है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के बाउंसर झेलने होंगे। पहले टेस्ट की पहली पारी में केएल राहुल और दूसरी पारी में विराट कोहली को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज सेंचुरियन में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सका। नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में एक हार और एक ड्रॉ के बाद भारत जीत के लिए बेताब होगा। इस मैदान पर हालांकि पिछले छह में से चार मैच भारत गंवा चुका है। पिछले छह सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के लिए अच्छे नहीं रहे हैं, जो वनडे विश्व कप फाइनल की हार के बाद उबरने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद सेंचुरियन में ढाई दिन के भीतर टेस्ट में पारी और 32 रन के अंतर से हार ने उनकी समस्याएं बढ़ा दी हैं। अब ऐसे में नए साल की शुरुआत यहां न्यूलैंड्स पर जीत के साथ करने के लिए वह बेताब होंगे।

### भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार करने पर देना चाहिए ध्यान : इरफान पठान

**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि भारत को 2024 में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की 'बेंच स्ट्रेंथ' बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इस विभाग में उसकी कमजोरी खुलकर सामने आ गई। पठान ने कहा कि भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की अच्छी इकाई तैयार करने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका में क्या हुआ हम सभी ने देखा। हमारे 'बैकअप' गेंदबाज तैयार नहीं थे। हमें शमी की बहुत कमी खली। उन्होंने कहा कि भगवान न करे, अगर बुमराह के साथ कुछ हो जाता है, जैसे कि वह अतीत में चोटिल होते रहे हैं। ऐसे में अगर हमने तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार नहीं की तो हमें उनके (बुमराह और शमी) जैसे अच्छे तेज गेंदबाज नहीं मिलेंगे। आपके पास उच्च स्तर पर खेलने के लिए कम से कम सात या आठ तेज गेंदबाज हमेशा तैयार होने चाहिए।



## पाकिस्तान के खिलाफ नजरें आखिरी टेस्ट खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर पर

**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले तीसरे टेस्ट में सभी की नजरें डेविड वॉर्नर पर टिकी होंगी, जो अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेलने जा रहे हैं । ऑस्ट्रेलिया पर्थ और मेलबर्न टेस्ट के साथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला पहले ही जीत चुका है। पाकिस्तान ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया को किसी टेस्ट में 1985 में एससीजी पर ही हराया था। वॉर्नर ने नववर्ष पर प्रेस कांफ्रेंस में वनडे क्रिकेट से भी संन्यास लेने का ऐलान किया था। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वह 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी कर सकते हैं। वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक टी-20 क्रिकेट खेलते रहेंगे। 37 वर्ष के वॉर्नर ने कहा कि मैं वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले से संतुष्ट हूं। भारत में खिताब जीतना खास था। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने कहा है कि मेलबर्न में 79 रन से जीतने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं होगा।

पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और सलामी बल्लेबाज इमामुल हक को तीसरे टेस्ट से बाहर करने का फैसला किया है। स्पिनर अबरार अहमद दाहिने पैर में चोट के कारण बाहर हैं। कप्तान शान मसूद ने पहले कहा था कि पाकिस्तान दो स्पिनरों को उतार सकता है। उन्होंने कहा कि सिडनी में पिच टर्न ले सकती है। हम ऐसे में अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे।

### वॉर्नर ने अपनी बैगी ग्रीन लौटाने की अपील की

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर भावनात्मक अपील करते हुए अपने आखिरी टेस्ट से पहले चोरी हुई बैगी ग्रीन लौटाने का अनुरोध किया है। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर यह अपील की है ताकि वह यहां अपने आखिरी टेस्ट में बैगी ग्रीन पहन सकें। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में कहा कि यह मेरी आखिरी कोशिश है। कुछ दिन पहले किसी ने मेरा बैकपैक चुरा लिया था। उसी में मेरी बैगी ग्रीन रखी थी। यह मेरे लिए जज्बाती मामला है। मैं अपनी बैगी ग्रीन वापस चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अगर किसी को बैकपैक चाहिए तो मेरे पास एक और है। आपको परेशान नहीं किया जाएगा। क्रीड ऑस्ट्रेलिया या सोशल मीडिया पर मुझसे संपर्क करें।

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने ख्वाजा के साहस की सराहना की

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान जूते पर कबूतर का लोगो और जैतून की शाखा के जरिये समानता और स्वतंत्रता का संदेश देने का ख्वाजा का अनुरोध आईसीसी ने खारिज कर दिया था। ख्वाजा ने पर्थ टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी और आईसीसी ने इसके लिये उन्हें फटकार लगाई थी। अल्बानीज ने सिडनी टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की टीमों को संबोधन के दौरान कहा कि मैं ख्वाजा को मानवीय मूल्यों के लिए खड़े होने का साहस दिखाने पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि उसने हिम्मत दिखाई है और टीम ने उसका साथ दिया जो बहुत अच्छी बात है। पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने उनका समर्थन करते हुए कहा था कि गाजा में मानवाधिकार संकट की ओर इशारा करने का ख्वाजा का प्रयास आक्रामक नहीं था।

## कर्नल सीके नायडू अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम घोषित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**बीसीसीआई** की कर्नल सीके नायडू अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान मृदुल सुरोच को सौंपी गई है। घोषित टीम प्रतियोगिता के पहले दो मैचों के लिए है, जबकि बाद के मैचों में टीम में बदलाव संभव है। 17 सदस्यीय टीम में कप्तान मृदुल सुरोच के अलावा टीम में कुशल पाल, योगदीप ठाकुर, आर्यव्रत शर्मा, दीपेंद्र सिंह राणा, पूर्ब राज सिंह, अमनप्रीत सिंह, वैबभ कल्टा, दिनेश शर्मा, साहिल कुमार, रितिक कुमार, चिराग शर्मा, प्रल्हाद सिंह राजपूत, आयुष कोठारी, हिमांशु बैक, रोहित ठाकुर और विनय कुमार शामिल हैं। इसके अलावा टीम में 12 खिलाड़ी स्टैंड बाई रखे गए हैं। वहीं टीम के कोच की जिम्मेदारी अनुज पाल दास को दी गई है, जबकि सहायक कोच तिलक राज को बनाया गया है।

### सात जनवरी को पहले मैच में जम्मू के साथ भिड़ेगा हिमाचल

**चार** दिवसीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में हिमाचल की टीम सात से 10 जनवरी तक जम्मू के साथ जम्मू में भिड़ेगी। इसके अलावा हिमाचल 14 से 17 जनवरी तक वलसाड में गोवा के साथ, 21 जनवरी से 24 जनवरी को हैदराबाद में हैदराबाद के साथ, 28 से 31 जनवरी तक कर्नाटक के साथ हमीरपुर के अमतर में, चार से सात फरवरी तक पोंडिचेरी में पोंडिचेरी के साथ, 11 से 14 फरवरी तक उत्तरप्रदेश के साथ अमतर में तथा18 से 21 फरवरी तक अमतर में ही बड़ौदा के साथ अपना आखिरी लीग मैच खेलेगा। हिमाचल इस दौरान कुल सात मैच खेलेगा।

### खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग-चरण दो

### साई शक्ति, प्रीतम सिवाच और ओडिशा ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग - चरण 2 के दूसरे दिन मंगलवार को साई शक्ति टीम, प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी और ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने अपने-अपने मैच जीते। दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता को 18-0 से हराया। दिन के दूसरे मैच में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने जय भारत हॉकी अकादमी को 7-0 से हराया। दिन के तीसरे मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी को 6-0 से हराया।

## सर्बिया युनाइटेड कप के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, पर्थ**



**नोवाक** जोकोविच ने कलाई के दर्द से उबरते हुए चेक गणराज्य के जिरि लेहेका को 6-1, 6-7, 6-1 से हराया, जिसकी मदद से सर्बिया ने युनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को कलाई के दर्द के कारण मेडिकल सहायता लेनी पड़ी। इससे पहले विम्बलडन चैंपियन मारकेटा वोंड्रोसोवा ने ओल्गा दानिलोविच को 6-1, 3-6, 6-3 से हराकर चेक टीम को बढ़त दिलाई थी। सर्बिया ने दूसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अगले दौर में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में चिली ने यूनान को 2-1 से हराया। अब यूनान को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कनाडा को हराना होगा।

### अमेरिका को हराकर ऑस्ट्रेलिया भी अगले दौर में

**पर्थ।** गत चैंपियन अमेरिका को 2-1 से हराकर मेजबान ऑस्ट्रेलिया युनाइटेड कप टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6-3, 6-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट में ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा। इससे पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से बढ़त दिला दी थी, लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7-6, 6-3 से मात देकर बराबरी दिलाई। एक अन्य मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते, जिसके दम पर पोलैंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फ्रांस ने जर्मनी को 2-1 से मात दी । स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो को मात दी। वहीं अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने हुबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को बराबरी दिलाई। इसके बाद मिश्रित युगल में स्वियातेक और हुरकाज ने 6-0, 6-0 से जीत दर्ज की।

**टूर्नामेंट** पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में होगा टूर्नामेंट, मेजबान देश, फ्रांस और नीदरलैंड से होगा सामना

# चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी, जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्यीय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा, जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरु स्थित परिसर में शुरू होगा।

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम 11 दिन के शिविर के बाद केपटाउन रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका में 28 जनवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट से भारतीय टीम को फरवरी में ओडिशा में होने वाले प्रो लीग की तैयारी करने का भी मौका मिलेगा। भारत को प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, स्पेन और आयरलैंड का सामना करना है।

भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि हमारे खिलाड़ी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के बाद तरोताजा होकर वापसी कर रहे हैं। हम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हॉकी सत्र की शुरुआत करेंगे। यहां से पेरिस ओलंपिक तक हमारा कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। हमारे कोर ग्रुप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।



### कोर ग्रुप के लिए चुने गए खिलाड़ी

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश पीआर, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत।
**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह।
**फॉरवर्ड :** एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

# इसराइल सुप्रीम कोर्ट ने नेतन्याहू के न्यायिक सुधार कानून को रद्द किया

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल के सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार द्वारा पारित विवादित कानून को खारिज कर दिया है। इस कानून से कोर्ट की शक्तियां कम कर दी गई थी और कानून के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुआ था।



2023 में नेतन्याहू सरकार द्वारा पारित कानून को पलटने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला महीनों की उथल-पुथल के बाद आया है। जुलाई 2023 में, सरकार ने कानून पारित किया था जिसे आलोचकों ने देश की न्यायिक प्रणाली कमजोर करने वाला बताया था। नए कानून ने इसराइल में अनुचित माने जाने वाले सरकारी फैसलों को रद्द करने की सर्वोच्च न्यायालय और निचली अदालतों की शक्ति को हटा दिया था। इस कानून का जम कर विरोध हुआ, हजारों प्रदर्शनकारी इसे रद्द करने और पीएम नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए थे। यहां तक कि वायु सेना के पायलटों सहित सैकड़ों सैनिकों ने इस्तीफ़ा देने की धमकी दी थी। सुप्रीम कोर्ट के सोमवार के बयान में कहा गया है कि 15 में से 8 जजों ने कानून के खिलाफ फैसला सुनाया और कहा कि इससे एक लोकतांत्रिक देश के रूप में इसराइल की बुनियादी विशेषताओं को गंभीर और अभूतपूर्व नुकसान होगा। इसराइल के न्याय मंत्री यारिव लेविन ने सभी शक्तियों को अपने हाथों में लेने के लिए न्यायाधीशों की आलोचना की और इसे खत्म करने के उनके फैसले को अलोकतांत्रिक बताया।

# निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर किए संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर संसद में किए गए संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका में इस संशोधन पर रोक लगाने की मांग की गई है।



सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले कुछ वकीलों की ओर से दायर की गई याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार के नए कानून को चुनौती देते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों में देश के चीफ जस्टिस को भी पैनल में शामिल करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव में पारदर्शिता लाने के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में चीफ जस्टिस को भी शामिल किया जाना जरूरी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च, 2023 में अपने एक फैसले में कहा था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में चीफ जस्टिस को भी शामिल किया जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस फैसले पर एक नया कानून बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया में चीफ जस्टिस के बजाय सरकार के एक कैबिनेट मंत्री को शामिल कर दिया।

## माधुरी ने किए सिद्धिविनायक के दर्शन



**मुंबई।** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की फिल्म 'पंचक' दर्शकों के लिए तैयार है। मराठी फिल्म 'पंचक' के रिलीज होने से पहले माधुरी दीक्षित ने सपरिवार सिद्धिविनायक के दर्शन किए। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी आगामी फिल्म मराठी फिल्म 'पंचक' के लिए पूजा-अर्चना करने और बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए अपने पति डॉक्टर श्रीराम नेने और बेटों अरिन-रयान के साथ प्रभादेवी स्थित सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। माधुरी दीक्षित ने सभी से फिल्म देखने का आग्रह किया। मुस्कुराते हुए माधुरी ने कहा कि भले ही फिल्म मराठी भाषा में है, लेकिन सबटाइटल तो होंगे ही।

**फिल्म 'पंचक' की रिलीज से पहले माधुरी दीक्षित ने सिद्धिविनायक के किए दर्शन**

## वर्ल्ड न्यूज

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ चार जनवरी को जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने



मंगलवार को बताया कि अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान धनखड़ शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू के 8वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। केंद्र शासित प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति कठुआ में बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो के उद्घाटन में मुख्य अतिथि भी होंगे।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार शृंखला अभियान शुरू, लोग ले रहे लाभ



**नई दिल्ली।** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने मंगलवार से सामूहिक सूर्य नमस्कार श्रृंखला अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत मंगलवार आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार प्रदर्शन अभियान 14 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के उपमहानिदेशक सत्यजीत पॉल भी उपस्थित रहे।

### अभिषेक बनर्जी की कंपनी की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया ईडी ने की शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लिप्स एंड बाउंड्स नाम की उस कंपनी की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसके जरिए धन शोधन हुआ है। इस कंपनी के निदेशक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनके मां-बाप के अलावा परिवार के अन्य लोग हैं। मंगलवार को ईडी की ओर से कलकत्ता हाई कोर्ट में न्यायाधीश अमृता सिन्हा की एकल पीठ में ईडी ने बताया है कि कंपनी की 7.5 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### इसराइल में कैबिनेट फेरबदल काट्ज बने नए विदेश मंत्री

**यरूशलेम।** इसराइल की संसद ने योजनाबद्ध कैबिनेट फेरबदल कर एली कोहेन की जगह ऊर्जा मंत्री इसराइल काट्ज को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। काट्ज ने विदेश मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद गाजा के साथ चल रहे तनाव का जिक्र करते हुए कहा, मैं युद्ध के बीच आज अपने पदभार को संभालने के लिए तैयार हूं। मंत्रालय के कर्मचारियों को मेरा पहला निर्देश गाजा में इसराइली बंधकों के मुद्दे को प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर रखना है।

### हिंदू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रो. नंदा का निधन

**डेनवर (अमेरिका)।** हिंदू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का नववर्ष के पहले ही दिन निधन हो



गया। वे 89 वर्ष के थे। अमेरिका के डेनवर स्थित अपने घर में 1 जनवरी, 2024 की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रोफेसर नंदा अमेरिका में हिंदू स्वयंसेवक संघ के प्रमुख होने के साथ ही अनेक स्वयंसेवक संस्थाओं के लिए एक मजबूत स्तंभ थे। 1972 से डेनवर विश्वविद्यालय के स्टर्म कॉलेज ऑफ लॉ में एक सफल अंतरराष्ट्रीय कानून प्रोफेसर रहे।

# जापान में एक दिन में भूकंप के 155 झटके, अब तक 48 लोगों की मौत

## बचाव कार्य जारी, भूवैज्ञानिकों ने आने वाले समय में बड़े भूकंप की दी चेतावनी

**एजेंसी, टोक्यो**

नए साल के पहले दिन मध्य जापान में आए शक्तिशाली भूकंप में अबतक 48 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक एक दिन में भूकंप के 155 झटके महसूस किए गए। राहत और बचाव कार्य जारी है और मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार तड़के ढही हुई इमारतों के मलबे से शव निकाले जाने की सूचना दी।

जापान में 7.6 की प्रारंभिक तीव्रता वाला भूकंप सोमवार को दोपहर के मध्य में आया, जिससे कई इमारतें नष्ट हो गईं, हजारों घरों की बिजली गुल हो गई और कुछ तटीय क्षेत्रों के निवासियों को ऊंचे स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

भूकंप से जापान के लंबे पश्चिमी समुद्री तट के साथ-साथ पड़ोसी दक्षिण कोरिया में भी लगभग एक मीटर (3.3 फीट) ऊंची लहरें उठीं। राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए सेना के जवानों को प्रभावित इलाकों मे



भेजा गया है जबकि सबसे अधिक प्रभावित इशिकावा प्रांत में एक स्थानीय हवाई अड्डे को भूकंप के कारण रनवे में दरारें खुलने के बाद बंद कर दिया गया है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों की प्रमुख सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे बचाव प्रयासों में बाधा उत्पन्न हो रही है।

जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने सोमवार देर रात संवाददाताओं से कहा कि खोज और बचाव दल बुरी तरह क्षतिग्रस्त और अवरुद्ध सड़कों के कारण सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में कई रेल सेवाएं और उड़ानें भी निलंबित कर दी गई हैं। जापानी सरकार ने कहा कि सोमवार रात तक उसने मुख्य द्वीप होंशू के पश्चिमी तट पर नौ प्रांतों में 97,000 से अधिक लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया था।

### भूकंप ने रातभर मचाई तबाही

**जापान** में सोमवार से अब तक 155 बार भूकंप के झटके आए हैं। अधिकांश भूकंपों की तीव्रता तीन से अधिक थी और हालांकि तीव्रता धीरे-धीरे कम हो गई है, फिर भी मंगलवार तड़के छह मजबूत झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि नए साल के दिन मध्य जापान में आए एक बड़े भूकंप में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई।


### अमेरिका करेगा जापान की मदद

**बाइडेन** ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका भूकंप के बाद जापान को कोई भी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि निकट सहयोगियों के रूप में, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान दोस्ती का गहरा बंधन साझा करते हैं जो हमारे लोगों को एकजुट करता है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं जापानी लोगों के साथ हैं।

### परमाणु संयंत्र को क्षति नहीं

**परमाणु** विनियमन प्राधिकरण ने कहा कि फुकुई प्रांत में कंसाई इलेक्ट्रिक पावर (9503.टी) ओही और ताकाहामा संयंत्रों में पांच सक्रिय रिएक्टरों सहित जापान सागर के किनारे परमाणु संयंत्रों में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। एजेंसी ने कहा कि होकुरिकु इलेक्ट्रिक के शिका प्लांट, जो भूकंप के केंद्र के सबसे नजदीक है, ने नियमित निरीक्षण के लिए भूकंप से पहले ही अपने दो रिएक्टरों को रोक दिया था और भूकंप का कोई प्रभाव नहीं देखा।

# पीएम ने तिरुचिरापल्ली में हवाईअड्डे की नई इमारत का किया उद्घाटन



**एजेंसी, चेन्नई**

प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुचिरापल्ली में नए हवाईअड्डा की इमारत का उद्घाटन किया। इस हवाई अड्डे की इमारत के निर्माण पर लगभग 1100 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्रधानमंत्री ने भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित भी किया।

मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु के दौरे पर तिरुचिरापल्ली पहुंचे। मोदी ने यहां नए हवाईअड्डा की इमारत का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि इस हवाई अड्डे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और इसके माध्यम से क्षेत्र के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ प्रधानमंत्री को सुनने पहुंची। इस नए टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण पर 1100 करोड़ रुपए से भी अधिक की लागत आई है। इस दो मंजिला नई बिल्डिंग में सालाना 44 लाख से अधिक यात्रियों को सेवाएं दी जा सकेंगी। नया टर्मिनल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और वहीं व्यस्त समय में भी यहां लगभग 3500 यात्रियों को हवाई सेवाएं दी जा सकती हैं।

त्रिचरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा यात्रियों के अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रैफिक के लिहाज से तमिलनाडु में चेन्नई के बाद दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। प्रधानमंत्री सोमवार को यहां सरकारी भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कवि भारतीदासन के 'पुथियाथोर उलगम सेइवोम' तमिल छंदों को उद्धृत करते हुए कहा कि इसका मतलब बहादुर लोगों की नई दुनिया का निर्माण करना है।

**भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री**

# सुहाना खान का नाम अगस्त्य नंदा से जुड़ा

**शाहरुख की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा ने फिल्म द आर्चीज में एक साथ किया है डेब्यू**



**एजेंसी, मुंबई**

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान फिल्म 'द आर्चीज' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। फिल्म की रिलीज़ के बाद सुहाना खान और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर मिहिर आहूजा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

फिल्म रिलीज़ होने के बाद से ही सुहाना खान के अफेयर की चर्चा शुरू हो गई। शाहरुख की बेटी सुहाना का नाम अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा से जुड़ चुका है। दोनों को फिल्म 'द आर्चीज' में साथ देखा गया था। अब 'द आर्चीज' फेम मिहिर आहूजा ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं सुहाना और अगस्त्य के रिश्ते को लेकर श्योर नहीं हूं। मिहिर के बयान के बाद सुहाना और अगस्त्य के रिश्ते पर कई सवाल उठ रहे हैं। 'द आर्चीज' में उनके कई रोमांटिक सीन भी वायरल हो रहे हैं।



फिल्म 'द आर्चीज' में सुहाना का काम दर्शकों को पसंद नहीं आया, लेकिन अगस्त्य नंदा के काम को काफी सराहा गया। फिल्म 'द आर्चीज' के बाद सुहाना ने किसी भी फिल्म के लिए हामी नहीं भरी, लेकिन अगस्त्य की फिल्म 'इक्कीस' दर्शकों के सामने आ रही है।

**श्रम कानून उल्लंघन मामला**

# बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री को छह महीने की कैद

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में दोषी पाए जाने पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ मोहम्मद यूनुस को सोमवार को छह माह कैद की सजा सुनाई गई। डॉ. यूनुस पर ग्रामीण टेलीकॉम कंपनी में मजदूर कल्याण कोष को नहीं बनाने का आरोप था। हालांकि सभी को पांच हजार टका के बॉन्ड पर एक महीने की जमानत दे दी गई।

वहीं इस सजा के बाद यूनुस के समर्थकों ने फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया है। 83 वर्षीय अर्थशास्त्री ने गरीब विरोधी अभियान चलाने के लिए 2006 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। श्रम न्यायालय तृतीय की जस्टिस शेख मेरिना सुल्ताना ने कानून का उल्लंघन करने के आरोप में दोषी मानते हुए ग्रामीण टेलीकॉम अध्यक्ष यूनुस और कंपनी के उनके तीन अधिकारियों को छह महीने साधारण कैद की सजा सुनाई। जस्टिस मेरिना ने यूनुस समेत सभी दोषियों पर 25 हजार टका तकरीबन 18 हजार का

**पांच हजार टका के बॉन्ड पर सभी को एक महीने की जमानत**



जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर सभी को दस दिन की और कैद काटनी होगी। फैसला सुनाए जाने के तत्काल उनके साथियों ने जमानत की मांग की।

जस्टिस मेरिना ने पांच हजार टका के बॉन्ड पर सभी को एक महीने की जमानत दे दी। कानून के मुताबिक, चारों फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील कर सकते हैं। गत महीने कोर्ट में सुनवाई के बाद यूनुस ने ग्रामीण टेलीकॉम समेत बांग्लादेश में उनके द्वारा स्थापित 50 से अधिक सामाजिक व्यवसाय फर्मों में से किसी से भी मुनाफा कमाने के दावों को खारिज किया था।

# पाकिस्तान में नवाज शरीफ दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे

**लाहौर।** पाकिस्तान में इस साल होने वाले आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ दो जगहों से चुनाव मैदान में उतरेंगे। वहीं पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के 90 फीसदी नेताओं के नामांकन खारिज होने से विपक्ष में आक्रोश है।



पाकिस्तान चुनाव आयोग ने लाहौर असेंबली सीट से नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार लिया है। वहीं इसके खिलाफ जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने कोर्ट में चुनौती दी है। पीटीआई नेताओं का इसके पीछे तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ को 2017 में आजीवन अयोग्य घोषित किया था। हालांकि, चुनाव आयोग ने मानसाहारा और लाहौर की दो नेशनल असेंबली सीटों से नवाज शरीफ की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है।

दरअसल, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के 90 प्रतिशत महत्वपूर्ण नेताओं के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया है। इस कार्रवाई को लेकर पीटीआई ने अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी है। पाकिस्तानी आर्मी के निर्देश पर हुआ है। सोमवार को पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पीटीआई अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही, पूर्व गृह मंत्री मूनिस इलाही और जरताज गुल सहित कई पीटीआई नेताओं ने हाई कोर्ट के चुनाव न्यायाधिकरणों में अपने नामांकन पत्र को खारिज करने को लेकर चुनौती दी।

**इमरान की पार्टी के 90 फीसदी नामांकन खारिज**

# इस साल भारत में न तो सूर्यग्रहण दिखेगा और न ही चंद्रग्रहण

**एजेंसी, भोपाल**

इस साल 2024 में वैसे तो विश्व में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण की खगोलीय घटनाएं होंगी, लेकिन इस कैलेंडर वर्ष में भारत के भूभाग पर न तो सूर्यग्रहण दिखाई देगा और न ही चंद्रग्रहण दिखेगा। अब भारत में अगला चंद्रग्रहण सात सितंबर, 2025 को और आंशिक सूर्यग्रहण दो अगस्त, 2027 को देख पाएंगे।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने मंगलवार को बताया कि इस साल 2024 में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण होंगे, लेकिन इनमें से तीन ग्रहण सम्पूर्ण भारत में नहीं दिखाई देंगे। केवल 18 सितंबर को सुबह पश्चिमी भारत के कुछ नगरों में कुछ मिनट के लिए



**इस साल भारत में न दिखने वाले ग्रहण**

| | |
|---|---|
| चंद्रग्रहण | 25 मार्च |
| सूर्यग्रहण | 08 अप्रैल |
| चंद्रग्रहण | 17-18 सितंबर |
| सूर्यग्रहण | 02 अक्तूबर |

उपछाया चंद्रग्रहण होगा। उपछाया ग्रहण को न ही देखा जा सकता है और न ही इसकी धार्मिक मान्यता बताई गई है। इसीलिए 2024 भारत के लिए ग्रहणविहीन साल होगा।


सारिका घारू ने बताया कि सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी और पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए चंद्रमा के एक कतार में आ जाने से दिखने वाली खगोलीय घटना का कोण इस प्रकार होगा कि इसे भारतीय भू भाग से नहीं देखा जा सकेगा। सूर्यग्रहण की घटना तब हो रही होगी, जब भारत में रात होगी तो वहीं चंद्रग्रहण की घटना के समय भारत में दिन निकल चुका होगा।

**पुण्यतिथि** प्रायोगिक द्रव गतिकी अनुसंधान के जनक महान रॉकेट वैज्ञानिक प्रो. सतीश धवन को देश ने खोया

# अंतरिक्ष कार्यक्रम के स्वदेशीकरण पर किया सराहनीय काम

**अनंत ज्ञान विशेष**

देश के वैज्ञानिक कारनामों की जब कभी बात आती है तो सतीश धवन स्पेस सेंटर का नाम अक्सर आता है। सुप्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ और एयरोस्पेस इंजीनियर प्रो. सतीश धवन के नाम पर यह संस्थान है, जिन्हें भारत में प्रायोगिक द्रव गतिकी अनुसंधान का जनक माना जाता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तीसरे अध्यक्ष के रूप में उनकी बेमिसाल सेवाओं को देखते हुए तीन जनवरी 2002 को उनके निधन के बाद आंध्र प्रदेश के नल्लोर जिला स्थित उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र का नाम बदल कर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र कर दिया गया। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का सफल और स्वदेशी करण की दिशा उल्लेखनीय नेतृत्व किया। इसरो के कार्यकाल के दौरान ही दो उपग्रह- आर्यभट्ट (1975) और भास्कर (1979) को पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में (सोवियत रॉकेट द्वारा) स्थापित किया गया। पहले स्वदेशी रूप में निर्मित एसएलवी (उपग्रह प्रक्षेपण वाहन) ने भारत के वैश्विक अंतरिक्ष क्लब में प्रवेश की घोषणा की। प्रोफेसर सतीश धवन का जन्म 25 सितंबर 1920 को श्रीनगर में हुआ था। सतीश धवन के पिता देवीलाल आजादी से पहले पंजाब प्रांत में वकील थे जो बाद में लाहौर हाइकोर्ट में जज बने। सतीश धवन बचपन से ही पढ़ाई में बढ़िया थे। 1934 में उन्होंने मैट्रिक्युलेशन पास करने के बाद लुधियाना से विज्ञान में इंटर की परीक्षा पास की।



लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से उन्होंने गणित और भौतिकी में स्नातक की परीक्षा पास की, फिर अंग्रेजी साहित्य में एमए भी किया। उन्होंने लाहौर के ही मैक्लैगन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पढ़ाई कर यूनिवर्सिटी में टॉप किया और प्रांत के पहले गोल्ड मेडलिस्ट बने। 1945 में छात्रवृत्ति पाकर आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए और मिनेपोलिस के मिनोसेटा विश्वविद्यालय से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में मास्टर्स की डिग्री हासिल की।

### 1955 में एरोनॉटिकल विभाग के प्रमुख बने

**1951** में भारत लौटने के बाद प्रो सतीश धवन बेंगलुरू के भारतीय विज्ञान संस्थान में सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर के रूप में काम किया। 1955 में वे एरोनॉटिकल विभाग के प्रमुख बन गए। शोध और शिक्षण के दौरान उन्होंने अपनी लैब के लिए खुद ही उपकरण तैयार किए। उन्हें भारत की पहली सुपरसॉनिक विंड टनल के विकास के लिए जाना जाता है।

### प्रो. सतीश धवन के कार्यकाल में इसरो ने की तरक्की

**1962** में प्रो. सतीश धवन भारतीय विज्ञान संस्थान के प्रमुख बने और इस पद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक थे। उन्होंने करीब 20 साल तक इस संस्थान का निर्देशन किया। 1971 में विक्रम साराभाई की असमय मृत्यु के बाद उन्हें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी गई और उन्होंने इसरो के पद के साथ भारतीय विज्ञान संस्थान को भी संभाला। उनके कार्यकाल में इसरो ने सबसे ज्यादा तरक्की की। धवन का 3 जनवरी 2002 को बैंगलुरू में निधन हो गया।